संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 19 अंक: 84 पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

# देश कोई धर्मशाला नहीं: शाह

● भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा, बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कार्रवाई की जाएगी

**प्रावधान**

**गृह मंत्री अमित शाह ने सख्ती से कहा, जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पर चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने बिल के प्रावधानों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा। बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने सख्ती से कहा, जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा।

**सरकार के पास दस्तावेजों की जांच का पूरा अधिकार**

शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस तरह के सवाल पूछे गए हैं, उनसे काफी हैरानी होती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को वोट दिया। हमने बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसे में सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है।

**घुसपैठ मामले में पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप**

विधेयक पारित होने से पहले लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, इमिग्रेशन कोई आइसोलेटेड मुद्दा नहीं है। देश की सीमा में कौन आता है, कब आता है, कितनी अवधि तक आता है और किस उद्देश्य से आता है, यह जानने का अधिकार देश की सरकार के पास है। ऐसा करना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। पश्चिम बंगाल में 2026 का विधानसभा चुनाव जीतने का दावा करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि 450 किलोमीटर की सीमा राज्य सरकार की कृपादृष्टि के कारण अभी तक असुरक्षित है, लेकिन ऐसा लंबे समय तक नहीं चलेगा। शाह ने कहा कि वे खुद 10 बार पत्र भेजकर राज्य सरकार से अपील कर चुके हैं, लेकिन सहयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठ करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोगों के प्रति सहानुभूति रखती है, उन्हें आधार कार्ड दिए जाते हैं।



**लोकसभा से विधेयक पारित हुआ**

**गृह** मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद गुरुवार शाम करीब 6.20 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधेयक पारित होने का एलान किया। पहले स्पीकर बिरला ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों पर मतदान की औरचारिकताएं पूरी कीं। विपक्षी सांसदों की तरफ से परेश अधिकांश संशोधन खारिज हो गए।

**...तो भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी**

**इस** विधेयक के कानून बनने के बाद भारत में आने वाले लोगों का संपूर्ण, व्यवस्थित, एकीकृत और अप-टू-डेट लेखा-जोखा होगा। इस विधेयक की धारा 3 में प्रवेश निषेध का प्रावधान है।

इसके तहत अगर कोई व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा या देश की साख के लिए खतरा पाया जाता है, तो उसे प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**देश की सुरक्षा से समझौता नहीं, सुरक्षा एजेंसियों को भी अहम अधिकार**

उन्होंने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां कोई भी व्यक्ति किसी भी उद्देश्य से आकर बस जाए। जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा होगा, उसे रोकने का अधिकार संसद के पास है। साथ ही, यह विधेयक सुरक्षा एजेंसियों द्वारा बनाई गयी ब्लैक लिस्ट को भी कानून प्रावधान देगा।

**पूरी आप्रवास नीति नए भारत की नई संसद में बनना गौरव की बात**

गृह मंत्री ने कहा कि आप्रवास संबंधी पुराने तीनों विधेयक 1920, 1939 और 1946 ब्रिटेन की संसद में बनाए गए थे। आज, हमारी पूरी आप्रवास नीति नए भारत की नई संसद में बनने जा रही है, ये हमारे लिए गौरव की बात है।

## परमाणु मिशन स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी निर्णय: जितेंद्र



**स्वच्छ ऊर्जा**

**भारत ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य रखा है, प्राइवेट प्लेयर्स के लिए क्षेत्र खोला**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** "जब होमी भाभा ने भारत के परमाणु कार्यक्रम की शुरूआत की थी, तो भारत के कथित छिपे हुए डिजाइनों के बारे में व्यापक संदेह था और होमी भाभा ने यह कहकर इस भ्रम को दूर करने का प्रयास किया था कि भारत का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए समर्पित है। आज होमी भाभा की प्रतिज्ञा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए "परमाणु मिशन" की शुरूआत करके सही साबित किया है।" यह बात आज राज्य सभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान और पीएमओ, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मिशन भारत के ऊर्जा इतिहास में एक निर्णायक क्षण होगा, जो परमाणु अग्रणी होमी भाभा के दृष्टिकोण के अनुरूप होगा। अभूतपूर्व परमाणु ऊर्जा मिशन की घोषणा की है जिसका उद्देश्य स्वच्छ और स्थिर ऊर्जा स्रोत सुनिश्चित करते हुए भारत की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करना है।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## आयकर कार्यालय 29-31 मार्च को खुले रहेंगे: सीबीडीटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के देशभर के कार्यालय 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा हो। चालू वित्त वर्ष 2024-25, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा, "लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए, पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे।" बयान के मुताबिक करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय खुले रहेंगे। चालू वित्त वर्ष, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है।

## बढ़ती गर्मी के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। अभी से उत्तर भारत में पारा 35 से 40 डिग्री छूने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा। इस बीच हीट वेब की संभावना को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिख कर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने राज्यों को आवश्यक दवाओं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और सभी जरूरी उपकरणों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य सुविधा की तैयारियों की समीक्षा करने को कहा है। गुरुवार को राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, सलाहकारों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि 1 मार्च 2025 से दैनिक निगरानी के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए हीटस्ट्रोक के नैदानिक निदान पर मरीजों की जानकारी एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएचआईपी) पर जमा की जा रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस संबंध में हाल ही में जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम द्वारा वर्चुअल मोड में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं। क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके आईएचआईपी पर रिपोर्ट करने के लिए प्रशिक्षित करना सुनिश्चित करना चाहिए।



**दिशा-निर्देश**

**दवाओं जरूरी उपकरणों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के लिए की तैयारियों की समीक्षा करने को कहा**

## रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल आयेंगे भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर आने के लिए तैयार हैं। रूसी विदेश मंत्री के अनुसार पुतिन की दिल्ली यात्रा के लिए वर्तमान में व्यवस्था की जा रही है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर का कहना है कि भारत-रूस संबंध इतने मजबूत हैं कि बदलती दुनिया में भी आपसी हित साधते हुए वैश्विक भलाई का मार्ग तलाश लेते हैं। रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद की ओर से आयोजित रूस और भारतः टुवर्ड ए न्यू बाइलेट्रल एजेंडा नामक सम्मेलन को आज रूस और भारत के विदेश मंत्रियों ने वीडियो कांफ्रेंसिग से संबोधित किया।

## मेडिकल ऑक्सीजन प्रबंधन पर जारी किया राष्ट्रीय दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आयोजित एक कार्यशाला में मेडिकल ऑक्सीजन प्रबंधन पर राष्ट्रीय दिशा-निर्देश जारी किए। इस दिशा -निर्देश में ऑक्सीजन प्रबंधन पर राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करने, मेडिकल ऑक्सीजन के बुनियादी ढांचे को ठीक से बनाए रखने और उसका सही उपयोग करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। ताकि किसी भी आपात स्थिति के समय किसी भी बढ़ती मांग को तुरंत पूरा किया जा सके। इसका उद्देश्य देश भर में लगभग 200 मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करना है, जो देश भर के अस्पताल प्रशासकों और चिकित्सा अधिकारियों की क्षमता निर्माण का कार्य करेंगे, ताकि मेडिकल ऑक्सीजन के उचित संचालन और उपयोग, बबार्दी को कम करने और नैदानिक परिणामों में सुधार किया जा सके। गुरुवार को एम्स में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने चिकित्सा ऑक्सीजन के बुनियादी ढांचे को ठीक से बनाए रखने और उसका उपयोग करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति के समय किसी भी बढ़ती क्षमता की मांग को तुरंत पूरा किया जा सके।



**रखरखाव**

**मेडिकल ऑक्सीजन के बुनियादी ढांचे को ठीक से बनाए रखने और उपयोग करने पर जोर दिया**

## शाह के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव का नोटिस खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। राज्य**सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश का विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस गुरुवार को खारिज कर दिया। सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुबह सदन में आवश्यक कागजात पटल पर रखवाने के बाद सदन को बताया कि अमित शाह के वक्तव्य से किसी के विशेषाधिकार का हनन नहीं हुआ है, इसलिए यह नोटिस अस्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि मीडिया में चर्चा पाने के लिए जल्दबाजी में विशेषाधिकारों से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया गया है, यह दुखद है। उन्होंने कहा कि सदन को सदस्यों की प्रतिष्ठा को बर्बाद करने का मंच नहीं बनने दिया जाएगा। सभापति ने कहा कि अमित शाह ने आपदा प्रबंधन विधेयक 2024 पर बहस का जवाब देते हुए कुछ टिप्पणियां करने के बाद अपने बयान को प्रमाणित किया था। गृह मंत्री ने 24 जनवरी 1998 को भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जारी एक प्रेस बयान का हवाला दिया। इसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पीएमएनआरएफ शुरू करने की घोषणा की थी, जिसे प्रधानमंत्री, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष और कुछ अन्य लोगों की एक समिति द्वारा प्रबंधित किया जाना था।



**नोटिस खारिज**

**शाह के वक्तव्य से किसी के विशेषाधिकार का हनन नहीं हुआ है, इसलिए यह नोटिस अस्वीकार किया जाता है**

## हरियाणा सरकार ने रद्द की ईद की छुट्टी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा सरकार ने ईद के अवसर पर होने वाली सरकारी छुट्टी को रद्द कर दिया है। मुख्य सचिव की तरफ से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह पहला मौका है जब प्रदेश में ईद की छुट्टी को रद्द किया गया है। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पत्र जारी करके कहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 की क्लोजिंग के कारण यह छुट्टी रद्द की गई है। 29 और 30 मार्च को वीकेंड है और 31 मार्च को वित्त वर्ष का आखिरी दिन है। हरियाणा सरकार की तरफ से इस वर्ष की शुरूआत में जारी किए गए कैलेंडर में 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया था। सरकार द्वारा जनवरी माह में जारी की गई अधिसूचना में मार्च महीने में 3 गजटेड छुट्टियां दिखाई थीं। इनमें 14 मार्च, शुक्रवार को होली, 23 मार्च, रविवार को शहीदी दिवस और 31 मार्च, सोमवार को ईद-उल-फितर की छुट्टी थी। इनमें होली और शहीद दिवस पर प्रदेश के दफ्तरों में छुट्टी रही लेकिन ईद वाली गजटेड से बदलकर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दी गई।इसे लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पत्र जारी कर दिया है। मुख्य सचिव ने पत्र में हवाला दिया कि वित्त वर्ष 2024-25 की समाप्ति की वजह से छुट्टी रद्द की गई है। 29 और 30 मार्च को सप्ताहांत है और 31 मार्च को वित्त वर्ष का आखिरी दिन है। राज्य में ऐसा पहली बार है, जब ईद की छुट्टी रद्द की गई है। यहां करीब 6 फीसदी मुस्लिम आबादी है। जिसमें करीब 18 लाख मुस्लिम वोटर हैं।



**यू टर्न**

**वित्त वर्ष 2024-25 की क्लोजिंग के कारण यह छुट्टी रद्द की गई है। 29 और 30 मार्च को वीकेंड है**

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में छुट्टियों के लिए जो कैलेंडर जारी किया था, उसमें मार्च महीने में 3 राजपत्रित छुट्टियां दिखाई थीं। जिनमें 14 मार्च, शुक्रवार को होली, 23 मार्च, रविवार को शहीदी दिवस और 31 मार्च, सोमवार को ईद-उल-फितर की छुट्टी थी। इनमें होली और शहीदी दिवस पर छुट्टी रही लेकिन ईद वाली राजपत्रित छुट्टी से बदलकर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दी गई।

## एयर एशिया ने विमान के इंजन में आग के दावे को किया खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मलेशियाई एयरलाइन एयर एशिया ने अपने एक विमान के इंजन में आग लगने संबंधी खबरों को भ्रामक बताते हुए कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर एशिया ने पुष्टि की है कि उड़ान संख्या एके 128 में इंजन में आग नहीं लगी। विमान ने उड़ान भरने के लगभग दो घंटे बाद कुआलालंपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केएलआईए) के टर्मिनल 2 पर सुरक्षित वापसी की। माले मेल की खबर के अनुसार, एयर एशिया ने एक बयान में स्पष्ट किया कि बुधवार को शेन्जेन (चीन) के लिए उड़ान भरने वाले विमान ने एक इंजन में तकनीकी समस्या के कारण सुरक्षित वापसी की।

**विपक्ष एकजुट** इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की

## विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने स्पीकर ओम बिरला से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले।



**कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के सामने जताई नाराजगी**

गौरव गोगोई ने कहा कि 'हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवेसना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है।' कांग्रेस सांसद ने कहा कि 'लोकसभा अध्यक्ष ने नियम संख्या 349 का हवाला दिया, लेकिन उन्होंने किस घटना को लेकर ये हवाला दिया, ये स्पष्ट नहीं है। अब लोकसभा अध्यक्ष के बयान का राजनीतिकरण किया जा रहा है।'

**चिंता जाहिर की**

**हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं: गौरव गोगोई**

उल्लेखनीय है कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को सदन में मर्यादित आचरण करने और सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इसके तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी और नेता विपक्ष को बोलने का भी मौका नहीं दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है और सत्ताधारी दल मनमानी कर रहा है। गौरव गोगोई ने कहा कि 'जब नेता विपक्ष जवाब देने के लिए उठे तो सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## श्रीलंका की जेलों में कैद मछुआरों की समस्या सरकार को विरासत में मिली: विदेश मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज राज्यसभा में कहा कि श्रीलंका की जेलों में कैद भारतीय मछुआरों की जो स्थिति है, वह 1974 और 1976 की घटनाओं के कारण मौजूदा भारत सरकार को विरासत में मिली है। डॉ. जयशंकर राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान "श्रीलंका की जेलों में कैद भारतीय मछुआरे" के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। श्रीलंका के कानून के बारे में विदेश मंत्री ने बताया कि वहां इस मामले में दो कानून हैं, मत्स्य पालन और जलीय संसाधन अधिनियम 1996 और विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं का मत्स्य पालन विनियमन 1979, जिन्हें 2018 और 2023 में संशोधित कर ज्यादा कठोर सजा, जुमार्ना और हिरासत का प्रावधान किया गया था। सजा काट रहे कई लोग नाव के मालिक, कैप्टन या बार-बार अपराध करने वाले हैं, जिसके कारण यह समस्या जटिल हो जाती है। डीएमके सदस्य तिरुचि शिवा के सवाल के जवाब में डॉ. जयशंकर ने कहा कि सदन को मालूम है कि एक तरह से हमारी सरकार को यह समस्या विरासत में मिली है। यह समस्या 1974 में शुरू हुई, जब अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा खींची गई। उसके बाद 1976 में मछली पकड़ने के अधिकार क्षेत्र को परिभाषित करने के लिए पत्रों का आदान-प्रदान हुआ। ये निर्णय इस स्थिति का मूल कारण हैं।



# दिल्ली में बड़ा हादसा: नहर में नहाने गए दो भाई डूबे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तरी दिल्ली की पुरानी बवाना नहर में गुरुवार सुबह दो सगे भाई डूब गए। इनके साथ नहाने आए दोस्तों ने शोर मचाकर राहगीरों को सारी बात बताई। इसके बाद पुलिस को खबर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल विभाग डीएम ऑफिस के गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। दोनों भाई के शव बरामद हो गए हैं।

**पहले रोहित की मिली लाश मिली, फिर मोहित की**

मृतकों की शिनाख्त रोहित (13) और मोहित (9) के तौर पर हुई है। हादसे की खबर मिलने के बाद एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इन लोगों ने काफी देर तक तलाश करने के बाद दोनों के शवों को बरामद कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और लोगों की भीड़ मौके पर मौजूद थी।

**नहर किनारे बैठे माता-पिता**

दो बेटों के डूबने की खबर के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रोहित और मोहित के माता-पिता बेटे की तलाश में नहर किनारे बैठे हुए थे। इनकी आंखों से आंसू छलक रहे थे। रिश्तेदार उनको समझाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने रोहित और मोहित के शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है, शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

**बच्चे ने दी पुलिस को सूचना**

बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि उनको सुबह करीब 7.15 बजे दो बच्चों के बवाना नहर में डूबने की सूचना मिली तो वह वहां पहुंचे थे। बचाव दल भी वहां पहुंचा। मौके पर पुलिस को हर्ष (11) नामक बच्चा मिला। उसने बताया कि वह अपने दोस्त रोहित, मोहित व एक अन्य के साथ नहर में नहाने आए थे।



**काफी देर बाद मिली मोहित की लाश**

मोहित व रोहित गहरे पानी में डूब गए हैं। सूचना मिलने के बाद डीएम ऑफिस के गोताखोरों को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में दोनों की तलाश शुरू हुई। नहर में सात-आठ किलो मीटर तक बोट दौड़ाई गईं। इसके बाद 10.44 बजे रोहित का शव पानी से बरामद कर लिया गया। इसके कुछ देर बाद मोहित की भी लाश बरामद हो गई।

**15 साल पहले बदायूं से दिल्ली आया था दोनों भाइयों का परिवार...**

रोहित और मोहित परिवार के साथ विजय कॉलोनी बवाना में रहते थे। इनके परिवार में पिता कैलाश कुमार, मां आशा के अलावा एक छोटा तरूण और है। कैलाश एरिया में फलों की रेहड़ी लगाता है। पूछताछ के दौरान कैलाश ने बताया कि वह करीब पंद्रह साल पहले अपने गांव जरारा, सहसवान, बदायूं, यूपी से दिल्ली आया था। विजय कॉलोनी में इसने किराए का मकान लिया हुआ है। रोहित पास के सरकारी स्कूल में आठवीं और मोहित पांचवीं कक्षा का छात्र था।

**रोजाना मॉर्निंग वॉक की बात कर बवाना नहर में जाते थे नहाने...**

दोनों भाई एग्जाम खत्म होने के बाद मॉर्निंग वॉक करने की बात कर बवाना नहर में दोस्तों के साथ नहाने जाते थे। इनके घर से नहर की दूरी करीब तीन किलोमीटर से ज्यादा है। इसकी वजह से दोनों साइकिल लेकर निकल जाते थे। गुरुवार सुबह दोनों पांच बजे घर से दो अन्य दोस्तों के साथ निकले थे। इसके पास वह वापस नहीं लौटे। जब बेटे घर नहीं पहुंचे तो माता-पिता को फिक्र हुई। उन्होंने मोहल्ले के दोस्तों से पूछा तो पहले तो वह मना करने लगे। बाद में डरते-डरते एक दोस्त ने दोनों के डूबने के बारे में बलाया। परिवार नहर पर पहुंचा तो तब तक बचाव दल आ चुका था।

छोटे को बचाने के चक्कर में बड़ा भी डूबा...

नहाने के दौरान सभी दोस्त अपनी-अपनी साइकिल से गए थे। हर्ष ने बताया कि यह रोजाना किनारे पर ही नहाते थे, क्योंकि आगे नहर में पानी गहरा है। इस बीच मोहित गहरे पानी में डूबने लगा तो बड़े भाई ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तैरना किसी को भी नहीं आता था।

## वीआईपी सुरक्षा के मद्देनजर बनाए गए सेफ अस्पताल व सेफ हाउस

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 30 मार्च को खेल अपनाये नशा भगाएं और रन फॉर स्पोर्टस रन अगेंस्ट ड्रग्स थीम पर दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में सोनीपत हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संतोष पासवान पुत्रः राम स्वरूप पासवान, पताः** जी ब्लॉक, 42, गाजीपुर, दिल्ली ने **FIR No. 632/2014, U/s 379 IPC,** थानाः मण्डावली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष पासवान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष पासवान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 632/2014, U/s 379 IPC,** थानाः मण्डावली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संतोष पासवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कोर्ट नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3850/ED/2025
(Court Matter)

# दिल्ली में 40 डिग्री का टॉर्चर: भीषण गर्मी की चपेट में राजधानी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मार्च के महीने में ही गर्मी का टॉर्चर दिखने लगा है। तीन दिन से लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। गर्मी अभी से लोगों के पसीने छुड़ा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में बीते 26 मार्च को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री तक पहुंच गया।

**14 साल बाद सबसे गर्म दिन रहा 26 मार्च**

साल 2011 के बाद बुधवार सबसे गर्म दिन रहा था। इस सीजन का भी सबसे अधिकतम तापमान दर्ज किया। ऐसे में लोगों को आने वाले दिनों में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, यह महीना समाप्त होने में चार दिन बचे हैं। ऐसे में बारिश की संभावना कम है। इस कारण यह महीना वर्ष 2022 की तरह शुष्क रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश नहीं होने के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अप्रैल में तापमान और अधिक होने की संभावना है।

**गर्मी से परेशानी**

**मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली में बीते 26 मार्च को अधिकतम तापमान 40 .5 डिग्री तक पहुंच गया**

**रिज इलाके में रहा सबसे ज्यादा तापमान**

इधर, बुधवार को आसमान साफ रहा। इस दौरान सूरज की तपिश ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। सुबह से ही तेज धूप निकल गई थी, जहां सुबह व शाम को लोगों को ठंड का अहसास होता था। अब यह बिल्कुल हल्का हो गया है। रिज इलाका 40.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि आया नगर में तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बीआईएस की अमेजन, फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की है। बीआईएस ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी कर ऐसे हजारों गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का उल्लंघन करने वाले उत्पादों को जब्त किया है। इनकी कीमत करीब 70 लाख रुपये है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि बीआईएस ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों से बिना आईएसआई मार्क वाले हजारों सामान जब्त किए हैं। इन समानों का कोई उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं था। बीआईएस अधिकारियों ने मोहन सहकारी औद्योगिक क्षेत्र में अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 19 मार्च को 15 घंटे तक चली छापेमारी में बिना आईएसआई मार्क वाले और नकली आईएसआई लेबल वाले गीजर और फूड मिक्सर सहित 3,500 से अधिक इलेक्ट्रिकल उत्पाद जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपये है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि पिछले एक महीने में बीआईएस टीम ने देश के विभिन्न हिस्सों में इसी तरह की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर में कई घटिया सामान जब्त किए हैं। ये छापे उपभोक्ता संरक्षण के लिए गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को लागू करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न नियामकों और भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों के द्वारा अनिवार्य प्रमाणन के लिए 769 उत्पादों को अधिसूचित किया गया है। बीआईएस से वैध लाइसेंस या अनुपालन प्रमाणपत्र (सीओसी) के बिना इन उत्पादों का निर्माण करना, आयात, वितरण, बिक्री, किराए पर लेना, पट्टे पर देना, भंडारण या प्रदर्शन (बिक्री के लिए) करना प्रतिबंधित है। यदि कोई भी व्यक्ति जो इस आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा, उसे बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा 29 की उपधारा (3) के तहत कारावास, जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

**जब्त किया**

**बीआईएस ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी कर ऐसे हजारों गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का उल्लंघन करने वाले उत्पादों को जब्त किया**

## पति से अलग रह रही थी बीवी... साथ चलने से मना किया तो की फायरिंग

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा की बिसरख कोतवाली पुलिस ने साथ रहने से मना करने पर पत्नी को गोली मारने के आरोपी पति को हिंडन नदी पुल के नीचे चार मूर्ति के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बडागांव कांसगज के हेतराम के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में तिगरी गांव में रह रहा था। आरोपी के पास से अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुआ है। मूलरूप से कासगंज के थाना ढोलना बडागांव निवासी पिंकी (36) पिछले दो महीने से अपने पुत्र के साथ हैबतपुर में किराये के मकान में रह रही है। यहां उसका भाई राहुल भी रहता है। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे जब वह अपने भाई से मिलने जा रही थी। तभी उसका पति हेतराम वहां पहुंचा।

उसने पत्नी से अपने साथ चलने का आग्रह किया, लेकिन पिंकी ने मना कर दिया। इससे नाराज होकर हेतराम ने तमंचे से उस पर फायरिंग कर दी। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन की मदद से घायल महिला को पहले बिसरख सीएचसी में भर्ती कराया।

# प्रसव के दौरान बहा अत्यधिक रक्त, पैसे मांगने में व्यस्त था स्टाफ: परिजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**डासना (गाजियाबाद) :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के डासना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गर्भवती महिला के प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होने से महिला की मौत का मामला सामने आया है। महिला के परिजनों ने चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही और अवैध रूप से पैसे मांगने के आरोप लगाए हैं। उस्मान कॉलोनी डासना निवासी छम्मन के पुत्र बिलाल की पत्नी सना (25) को 24 मार्च की शाम करीब पांच बजे प्रसव के लिए डासना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि वह पूरी तरह स्वस्थ थी और सामान्य अवस्था में सीएचसी पहुंची थी।



लेकिन सीएचसी के स्टाफ ने इलाज शुरू करने से पहले ही पैसे की मांग शुरू कर दिए। सना के चाचा ससुर रियासत मेंबर ने बताया कि जब सना को भर्ती कराया गया तो वहां मौजूद डॉ अंजलि और भारती यादव ने प्रसव से पहले ही दो हजार रुपये की मांग की। परिजनों ने खुशी-खुशी पैसे देने की बात मान ली, लेकिन सही तरीके से इलाज न करने की वजह से सना की तबीयत बिगड़ती चली गई। सना की यह दूसरी डिलीवरी थी, इससे पहले एक 3 वर्ष की बेटी है।

परिजनों ने इलाज में देरी और लापरवाही का आरोप लगाया है।


### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर MPS/SMU यूनिट्स के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस **(https://ireps.gov.in/)** के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित करता है।

| ई–कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन एवं श्रेणीवार आरक्षण | ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| MPS-01-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समयः 21.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-02-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समयः 22.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-03-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समयः 23.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-04-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समयः 24.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-05-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 14 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समयः 25.04.2025 को 11:00 बजे |
| CTG-01-2025 | विशेष माइनर यूनिट (स एम यू) | 3 विशेष माइनर यूनिट दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समयः 21.04.2025 को 15:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/(E-Auction-Leasing) | |

आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता।
- एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; IREPS खाते के साथ SBI बैंक खाते का एकीकरण; निधियों का ग्रहणाधिकार अंकन; टर्नओवर विवरण का अद्यतनीकरण।
- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (VAN) नाम से एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- बोलीदाता, किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय है) और VAN तंत्र के बीच स्विच करने लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले के पास भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।
- जिन ठेकेदारों के पास IREPS के किसी भी मॉड्यूल के लिए IREPS खाता नहीं है, वे IREPS होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी पट्टे) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055; Email: catering.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |
|---|---|

No.: 23 AC/CTG/MPS POLICY 2017(Computer No. 44158)
Date: 26.03.2025 943/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

संख्या :– 570–सिग–पी.स.–निविदा–135 दिनांक 27.03.2025

उप मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड e-निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | कुंभावास डाबरी स्टेशन पर वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ एस एंड टी कार्य (इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य) और साथ ही उत्तर रेलवे के साथ डीएफसी की कनेक्टिविटी के संबंध में आसपास के स्टेशन/खंडों पर ब्लॉक कार्य करना। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 12 महीना (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 8.70 करोड़ |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 5,85,000/– (पाँच लाख पचासी हजार केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है।) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है। | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 03.04.2025 से 25.04.2025 को 11:30 AM तक उपलब्ध रहेगा। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | निविदा फार्म 11.04.2025 से 25.04.2025 को 11:30 AM तक जमा कराये जा सकते है। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 25.04.2025 को 11:30 बजे खोला जायेगा। |

949/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली डिवीजन में मंडल अभियन्ता/ट्रैक के तहत व्हील बर्नस्कैब्स की/मरम्मत और क्यूप्ड वेल्डेड जोड़ों की मरम्मत। | रु. 77,59,500/- | रु. 1,55,200/- | 12 माह | 22.04.2025 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 22.04.2025, 15:00 बजे तक ही भरी जायेगी।

पत्र सं.: 128–डब्ल्यु/व.मं.अधि./सं/निविदा–35–24–25–डब्ल्युसी दिनांकः 27.03.2025 954/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सूचना

खण्ड मुरथल, जिला सोनीपत की ग्राम पंचायत झुण्डपुर में 1 सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाना है। गांव का कोई भी इच्छुक व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति के लिए गांव के सरपंच के पास अपना आवेदन दिनांक 04.04.2025 तक जमा करवा सकते है।

**सरपंच**
**श्री देवेन्द्र कुमार,**
**ग्राम पंचायत झुण्डपुर**
**खण्ड-मुरथल।**

## बेदखली सूचना

**मैं जोकि राकेश पुत्र भगत राम गांव धतूरी तहसील व जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि कशिश मेरी सगी पुत्री है जोकि मेरे ओर मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करती है तथा हमारी कोई बात नहीं मानती है ओर घर छोड़कर चली गई है। इस लिए मैं कशिश को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि आज के बाद वह कोई भी उचित या फिर अनुचित कार्य करती है या फिर किसी से कोई लेना-देना करती है तो उसकी वह स्वयं जिम्मेदार होगी आज के बाद हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# स्पीकर पद की गरिमा को ठेस न पहुंचाएं: गुप्ता

### नेता प्रतिपक्ष का पत्र उन्हें मिलने से पहले ही उसकी जानकारी मीडिया में आ गई: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता

**चेतावनी**

**▶▶ प्रतिपक्ष के सदस्यों को चेतावनी देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है कि वे ऐसा कोई कार्य न करें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कुछ सदस्यों के विशेष उल्लेख के नोटिस को अनुमति नहीं देने के बारे में मेरे फैसले के संबंध में नेता प्रतिपक्ष आतिशी से एक पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पत्र उन्हें मिलने से पहले ही उसकी जानकारी मीडिया में आ गई। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। विपक्षी सदस्यों की यह आदत बन गई है कि वे अपनी शिकायत उन्हें बताने की बजाय सबसे पहले मीडिया के पास जाते हैं। प्रतिपक्ष के सदस्यों को यह चेतावनी देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है कि वे ऐसा कोई कार्य न करें, जो अध्यक्ष पद की गरिमा को ठेस पहुंचाता हो। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन के सदस्यों को केवल उन विषयों पर सवाल पूछने चाहिए या चर्चा करनी चाहिए, जिनका मंत्री उत्तर दे सकते हैं या उन पर कोई कार्रवाई कर सकते हैं। हालांकि, सदन में उठाए जाने वाले मामले के विषय को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष आरक्षित विषयों पर भी नोटिस की अनुमति केवल तब दे सकते हैं, जब उन्हें लगता है कि यह दिल्ली के लोगों को प्रभावित करने वाला बहुत जरूरी और महत्वपूर्ण मामला है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिपक्ष के जिन नोटिसों को स्वीकार नहीं किया गया, वे महज सदन की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने और सदन में संगठित व्यवधान पैदा करने का प्रयास थे।

#### चिट्ठी पर विधानसभा स्पीकर का जवाब

**दिल्ली** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कुछ सदस्यों द्वारा दिये गये विशेष उल्लेख के नोटिस को अनुमति नहीं देने के बारे में मेरे फैसले के संबंध में मुझे नेता प्रतिपक्ष आतिशी से एक पत्र मिला। मैं सदस्यों को बताना चाहता हूं कि सदन के सदस्यों को केवल उन विषयों पर प्रश्न पूछने चाहिए या चर्चा करनी चाहिए, जिनका मंत्री उत्तर दे सकते हैं या उन पर कोई कार्रवाई कर सकते हैं। हालांकि, सदन में उठाए जाने वाले मामले के विषय को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष आरक्षित विषयों पर भी नोटिस की अनुमति केवल तब दे सकते हैं, जब उन्हें लगता है कि यह लोगों को प्रभावित करने वाला बहुत जरूरी है।

#### मुझे शिकायत बताने से पहले मीडिया के पास जाता है विपक्ष: विजेंद्र गुप्ता

**आगे** कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पत्र मिलने से पहले ही मुझे उनके पत्र के बारे में मीडिया से जानकारी मिल गई थी। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। विपक्षी सदस्यों की यह आदत बन गई है कि वे अपनी शिकायत मुझे बताने के बजाय सबसे पहले मीडिया के पास जाते हैं। मुझे प्रतिपक्ष के सदस्यों को यह चेतावनी देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है कि वे ऐसा कोई कार्य न करें जो अध्यक्ष पद की गरिमा को ठेस पहुंचाता हो। मैं सदन में हमेशा स्वस्थ और लोकतांत्रिक बहस और चर्चा का स्वागत करूंगा लेकिन मैं ऐसी किसी भी चर्चा की अनुमति नहीं दूंगा, जिसका उद्देश्य केवल राजनीतिक लाभ लेना और मीडिया में अपने आपको महिमामंडित करने के लिए सदन का समय बर्बाद करना हो।

# सोमनाथ ने मालवीय नगर सीट से सतीश के निर्वाचन को दी चुनौती

**सुनवाई**

**▶▶ बेंच ने इस मामले में आंशिक सुनवाई की और मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को करने का आदेश दिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दिल्ली के मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सतीश उपाध्याय के निर्वाचन को चुनौती दी है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने इस मामले में आंशिक सुनवाई की और मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को करने का आदेश दिया। सोमनाथ भारती ने अपनी याचिका में कहा है कि सतीश उपाध्याय ने अपना नामांकन भरते समय अपने आपराधिक रिकॉर्ड का पूरा विवरण नहीं दिया। सुनवाई के दौरान सोमनाथ भारती ने कहा कि सतीश उपाध्याय ने अपने खिलाफ दर्ज एक एफआईआर की जानकारी छिपाई। सतीश उपाध्याय की ओर से पेश वकील राजीव नय्यर ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अगर कोई एफआईआर हुई है तो वो उसे दिखाइए। तब कोर्ट ने सोमनाथ भारती से कहा कि क्या आप एफआईआर दिखा सकते हैं। अगर इस मामले में आप पक्का नहीं हैं तो इसकी सत्यता की जांच कीजिए। हाई कोर्ट ने सोमनाथ भारती को उपाध्याय के खिलाफ एफआईआर की पड़ताल के लिए समय देते हुए सुनवाई 8 अप्रैल को करने का आदेश दिया। इस साल फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में मालवीय नगर क्षेत्र से सतीश उपाध्याय ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोमनाथ भारती को हराया था। इसके पहले हाई कोर्ट ने 26 मार्च को नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा और कालकाजी सीट से आतिशी मालेर्ना के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया था।



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की है। बीआईएस ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी कर ऐसे हजारों गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का उल्लंघन करने वाले उत्पादों को जब्त किया है। इनकी कीमत करीब 70 लाख रुपये है।

## श्याम लाल कॉलेज की वार्षिक खेल मीट 2024-25 का आयोजन शुक्रवार को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली स्थित श्याम** लाल कॉलेज शुक्रवार को कॉलेज ग्राउंड में अपनी 'वार्षिक खेल मीट 2024-25' का आयोजन करेगा। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. रबी नारायण कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वह मीट का उद्घाटन करेंगे और एथलीटों को पदक भी देंगे जो पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहेंगे। खेल समिति के संयोजक वीएस जग्गी के अनुसार, वार्षिक खेल मीट 2024-25 में छात्रों के साथ-साथ शिक्षक और कॉलेज के गैर-शिक्षण स्टाफ भी भाग लेंगे।

# छात्रों को नीट-सीयूईटी की ऑनलाइन कोचिंग मिलेगी

**निशुल्क**

**▶▶ नि:शुल्क नीट और सीयूईटी कोचिंग प्रदान करने को लेकर हुआ समझौता, छात्रों को मिली सुविधा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य संवारने और सशक्त बनाने की दिशा में आज दिल्ली सरकार ने एक बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद की मौजूदगी में हुए समझौते के तहत दिल्ली के सरकारी स्कूलों के 1.63 लाख छात्रों को नीट और सीयूईटी की प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी। दिल्ली विधानसभा परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद की मौजूदगी में दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय



कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) इंटरनेशनल, कौशल विकास मंत्रालय (भारत सरकार) और फिजिक्स वाला लिमिटेड की संयुक्त पहल बिग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दिल्ली के छात्रों को अगामी दो अप्रैल से लेकर दो मई 2025 तक प्रतिदिन छह घंटे की ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा मिलेगी, जिसमें भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, सामान्य योग्यता और अंग्रेजी जैसे विषय को भी शामिल किया गया है।
समझौता ज्ञापन के तहत छात्रों को प्रतिदिन छह घंटे और तीस दिनों में कुल 180 घंटे की ऑनलाइन क्लास दी जाएंगी। इससे भविष्य में सरकारी स्कूलों के ज्यादा से ज्यादा बच्चे देश के अच्छे कॉलेज में प्रवेश के लिए सेलेक्ट हो सकेंगे और डॉक्टर और इंजीनियर की कठिन प्रवेश परीक्षा को पास करने का छात्रों का ख्वाब पूरा हो पाएगा।

# हाई कोर्ट ने शरजील इमाम की याचिका पर दिल्ली पुलिस को जारी किया नोटिस

**मांगा जवाब**

**▶▶ 11 आरोपितों के खिलाफ हिंसा और समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने 2019 के जामिया हिंसा मामले में शरजील इमाम के खिलाफ हिंसा और आगजनी समेत दूसरी धाराओं के तहत ट्रायल कोर्ट की ओर से आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया। साकेत कोर्ट ने 7 मार्च को शरजील इमाम और आसिफ इकबाल तान्हा समेत 11 आरोपितों के खिलाफ हिंसा और आगजनी समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। शरजील इमाम ने इसी आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। साकेत कोर्ट ने कहा था कि शरजील इमाम जामिया हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता है। कोर्ट ने कहा कि शरजील इमाम ने न



केवल हिंसा को उकसाया बल्कि उसने बड़ी साजिश रचने में किंगपिन की भूमिका निभाई। साकेत कोर्ट ने शरजील इमाम और आसिफ इकबाल तान्हा के अलावा जिन आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया उनमें आशु खान, चंदन कुमार, अनल हुसैन, अनवर, युनूस, जुम्मन, राणा, मोहम्मद हारुन और मोहम्मद फुरकान शामिल हैं।
शरजील इमाम को 25 अगस्त 2020 को बिहार से गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने शरजील इमाम के खिलाफ यूएपीए के तहत दाखिल चार्जशीट में कहा है कि शरजील इमाम ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को अखिल भारतीय स्तर पर ले जाने के लिए बेताब था और ऐसा करने की जी तोड़ कोशिश कर रहा था। शरजील इमाम के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में कहा गया कि शरजील इमाम ने केंद्र सरकार के खिलाफ घृणा फैलाने और हिंसा भड़काने के लिए भाषण दिया था जिसकी वजह से दिसंबर 2019 में दिल्ली में हिंसा हुई। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि नागरिकता संशोधन कानून के विरोध की आड़ में गहरी साजिश रची गई थी। इस कानून के खिलाफ मुस्लिम बहुल इलाकों में दुष्प्रचार किया गया। यह दुष्प्रचार किया गया कि मुस्लिमों की नागरिकता चली जाएगी और उन्हें डिटेंशन कैंप में रखा जाएगा।

# दिल्ली में ईद से पहले विवाद



**घमासान**

**▶▶ मोहन सिंह बिष्ट बोले- हम नमाज के खिलाफ नहीं, बंद हों मीट की दुकानें; आप ने घेरा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक नमाज को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। कई जगहों पर निर्देश जारी हो चुके हैं तो वहीं कई जगहों पर बयानबाजी शुरू हो चुकी है। राजधानी दिल्ली में दिल्ली पुलिस कमिश्नर को बीजेपी विधायक करनैल सिंह ने सड़कों पर नमाज न होने को लेकर पत्र लिखा। जिसके बाद बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि हम नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन उन्हें सड़क पर नमाज पढ़कर लोगों को परेशान नहीं करना चाहिए।

**मीट की दुकानें बंद होनी चाहिए: रविंदर सिंह नेगी**

दूसरी तरफ भाजपा विधायक रविंदर सिंह नेगी ने इस बयान पर कहा कि नवरात्रि के दौरान दिल्ली में मीट की दुकानें बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं नवरात्रि के दौरान मीट, अंडे, मछली या शराब की बिक्री के खिलाफ हूं। नवरात्रि के दौरान भाईचारे के प्रतीक के तौर पर मीट की दुकानें बंद होनी चाहिए।

**सड़क पर नमाज रोकने के लिए पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र**

रमजान के अंतिम जुमे की नमाज को लेकर शकूर बस्ती से भाजपा विधायक करनैल सिंह ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखा था। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर नमाज अदा करने से यातायात बाधित होने का हवाला देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पत्र में कहा कि हम सभी को अपने-अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित न हो। इससे आम नागरिकों, एंबुलेंस और स्कूल बसों को परेशानी होती है। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया कि धार्मिक गतिविधियों को निर्धारित स्थानों या निजी परिसरों तक सीमित किया जाए।

# कबड्डी से पैरालिसिस और फिर टेबल टेनिस चैंपियन तक, अनोखी है ऋषित की कहानी

**प्रेरणास्त्रोत**

**▶▶ 21 वर्षीय ऋषित नथवानी ने एक जीवन बदल देने वाली खेल दुर्घटना को अपनी जीत की कहानी में बदल दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** असाधारण हौसले और संघर्ष की मिसाल पेश करते हुए 21 वर्षीय ऋषित नथवानी ने एक जीवन बदल देने वाली खेल दुर्घटना को अपनी जीत की कहानी में बदल दिया। हाल ही में खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में पुरुषों की क्लास 5 टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने न केवल अपनी व्यक्तिगत जीत दर्ज की बल्कि भारत के उभरते पैरा एथलीटों के लिए प्रेरणा बन गए। साल 2017 में एक कबड्डी मैच के दौरान ऋषित नथवानी के साथ एक बड़ा हादसा हुआ। खेलते समय उनकी पीठ में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी पर गहरा असर पड़ा। आंतरिक रक्तस्राव के कारण उनकी नसें क्षतिग्रस्त हो गईं और रीढ़ की हड्डी खिसक गई, जिससे उनका पूरा शरीर गर्दन से नीचे अचल (पैरालाइज्ड) हो गया। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि वह शायद ही कभी अपने पैरों पर खड़े हो पाएंगे, लेकिन ऋषित और उनके परिवार ने हार नहीं मानी। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में दो महीने की कड़ी रिहैबिलिटेशन थेरेपी के बाद उन्होंने धीरे-धीरे अपने ऊपरी शरीर को हिलाने में सफलता पाई।

**दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक**

ऋषित ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीतने के सफर में दो बड़े अनुभवी खिलाड़ियों को मात दी। उन्होंने न केवल राज अरविंदन से बदला लिया, बल्कि ग्रुप स्टेज में जिन अभिषेक कुमार से हार गए थे, उन्हें भी फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शिकस्त दी। ऋषित ने अपनी जीत के बाद कहा, "सब मुझे बधाई दे रहे थे, क्योंकि मैंने दो बड़े खिलाड़ियों को हराकर गोल्ड जीता था। सभी को मुझ पर गर्व था।" ऋषित केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं रुकना चाहते, उनका अगला लक्ष्य 2028 लॉस एंजेलेस पैरालंपिक्स के लिए क्वालिफाई करना है।

#### क्रिकेट से पैरा टेबल टेनिस तक का सफर

**ऋषित** का पहला लक्ष्य पूरी तरह से ठीक होकर क्रिकेट में वापसी करना था, लेकिन दो साल की फिजियोथेरेपी के बावजूद उनके पैर ठीक नहीं हो पाए, जिससे उन्हें अपने खेल करियर का नया रास्ता अपनाना पड़ा। एक संयोगवश यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात कोच अशोक पाल से हुई, जो एक छोटे से शॉप में पैरा टेबल टेनिस सिखा रहे थे। ऋषित ने याद करते हुए बताया कि उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं टेबल टेनिस खेलूं तो मैं राष्ट्रीय चैंपियन बन सकता हूं।

# मानहानि मामले में एलजी को नोटिस

**जवाब तलब**

**▶▶ जस्टिस शलिंदर कौर ने मामले की अगली सुनवाई 20 मई को करने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के नए गवाह को शामिल करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना को नोटिस जारी किया है। यह याचिका 24 वर्ष पुराने मानहानि मामले से जुड़ी है, जिसमें सक्सेना पर गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन के प्रमुख रहते हुए पाटकर के खिलाफ आपत्तिजनक विज्ञापन प्रकाशित करने का आरोप है। जस्टिस शलिंदर कौर ने मामले की अगली सुनवाई 20 मई को करने का आदेश दिया। साकेत कोर्ट ने 18 मार्च को पाटकर की ओर से अतिरिक्त गवाहों को समन करने की अर्जी खारिज कर दी है। साकेत कोर्ट ने कहा था कि ये मामला 24 साल पुराना है और मेधा पाटकर की ओर से दिए गए सभी गवाहों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। कोर्ट ने कहा था कि मेधा पाटकर ने भले ही अतिरिक्त गवाहों के बयान दर्ज करने की मांग की है लेकिन अर्जी में किस गवाह के बयान दर्ज कराना चाहती हैं, इसका उल्लेख तक नहीं है और वो भी इतने साल बीतने के बाद। यहां तक कि 24 सालों के ट्रायल के दौरान किसी नए गवाह के नाम का उल्लेख भी कहीं नहीं आया है। ऐसे में शिकायतकर्ता की अर्जी सही प्रतीत नहीं होती है। मेधा पाटकर ने दिल्ली के उपराज्यपाल एवं खादी ग्रामोद्योग निगम के पूर्व चेयरमैन वीके सक्सेना के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया है। ये केस जब दायर किया गया था उस समय सक्सेना नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष थे।

# हाई कोर्ट बार एसो. प्रतिनिधियों ने सीजेआई से की मुलाकात

**चर्चा**

**▶▶ जस्टिस वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से जले हुए नोट मिलने के मामले को लेकर अलग-अलग राज्यों की हाई कोर्ट के बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने चीफ जस्टिस संजीव खन्ना समेत सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के सदस्य दूसरे जजों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि चीफ जस्टिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे। गुरुवार को जिन हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सुप्रीम कोर्ट



कॉलेजियम के जजों से मुलाकात की उनमें इलाहाबाद हाई कोर्ट, लखनऊ बेंच, गुजरात हाई कोर्ट, केरल हाई कोर्ट, मध्यप्रदेश की जबलपुर बेंच के बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल रहे।
कॉलेजियम के जजों से मुलाकात के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि चीफ जस्टिस ने बार एसोसिएशंस के ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया और उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने पर विचार करेगा।
अलग-अलग राज्यों के हाई कोर्ट के बार एसोसिएशंस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इसके अलावा जस्टिस यशवंत वर्मा का ट्रांसफर इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की कॉलेजियम की अनुशंसा वापस लेने और न्यायिक कार्यों के अलावा उनसे सभी प्रशासनिक कार्य भी वापस लेने की मांग की है। बार एसोसिएशंस ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से उठाए गए कदम और पूरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के लिए चीफ जस्टिस की सराहना की है।
जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर 14 मार्च को आग लगने के बाद अग्निशमन विभाग ने कैश बरामद किया था। चीफ जस्टिस के आदेश के बाद जस्टिस वर्मा से न्यायिक कार्य वापस ले लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की अनुशंसा की है।

# सहकारी संस्थाओं को मजबूत करेगा त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय: डॉ अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने के लिए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की अगुवाई में गत दिवस लोकसभा में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय का बिल पास हुआ है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इससे देश भर की सहकारी संस्थाओं, विशेषकर हरियाणा को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सहकार क्षेत्र में प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा, ताकि युवाओं को अपार संभावनाओं से जोड़ा जा सके। हरियाणा विधानसभा परिसर में बजट सत्र के दौरान सहकारिता,



कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत संकल्प में उनके विचार सहकार से समृद्धि को बल देते हुए बताया कि गत दिवस एक ऐतिहासिक बिल लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश को अपना पहला सहकारिता विश्वविद्यालय मिलने जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुजरात मे सहकारी आन्दोलन के जनक त्रिभुवन दास पटेल के नाम से त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ सहकारिता क्षेत्र में नवाचार व अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। सहकारी विश्वविद्यालय बनने से सहकारिता की भावना को बल मिलेगा और हमारे युवाओं, महिलाओं व किसानों को सहकारी नेतृत्व मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन मिलेगा और हर साल 8 लाख युवाओं को डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स व पीएचडी करने का अवसर मिलेगा। इससे सहकारी आंदोलन को नई गति मिलेगी।

# प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विधानासभा उठाएंगी अहम कदम

**आह्वान**

**हरविन्द्र कल्याण ने प्रदेश भर के जनप्रतिधियों से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** -हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने प्रदेश भर के जनप्रतिधियों से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया है। वीरवार को बजट सत्र के दौरान सदन को संबोधित करते हुए विस अध्यक्ष ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है और बहुत से किसान इसमें बहुत अच्छा कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को लेकर उचित वातावरण बनाने की जरूरत है। इसके लिए पंचायत स्तर, ब्लॉक समिति, जिला परिषद, विधायक और सांसद तक सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि सरकार भी समय समय पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं लाती हैं। जनप्रतिनिधि लोगों को रसायनिक खेती और प्राकृतिक खेती के अंतर को ठीक तरीके से समझा सकते हैं। इसके लिए चुने हुए प्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों से गोष्ठी करके तथा छोटे-छोटे समूह बनाकर बड़ा योगदान देना चाहिए।उन्होंने कहा कि वे आने वाले समय में हरियाणा विधान सभा की तरफ से एक योजना बनाकर सभी सदस्यों के लिए प्राकृतिक खेती पर सेमिनार आयोजित करवाएंगे, ताकि उसमें यह विषय अच्छी तरह से उठाया जा सके। उस सेमिनार में विषय विशेषज्ञ भी अपने विचार रखेंगे। सरकार की तरफ से भी विषय आएंगे और जो किसान प्राकृतिक खेती में अच्छा काम कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नूंह: दुर्घटना और ट्रॉमा केयर सेवाओं को किया जाएगा अपग्रेड: आरती सिंह राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि जिला नूह के गांव मांडीखेड़ा स्थित नागरिक अस्पताल में दुर्घटना और ट्रॉमा केयर सेवाओं को अपग्रेड किया जाएगा। इस अस्पताल को 100 बिस्तर क्षमता से बढ़ाकर 200 बिस्तरीय भी किया जाएगा, इसके लिए मंजूरी प्रदान कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। उन्होंने बताया कि गांव मांडीखेड़ा में 100 बिस्तरीय अल-आफिया जिला नागरिक अस्पताल वर्ष 2005 से कार्यरत है। अस्पताल की कुल भूमि 16 एकड़ और 8 मरला है। सरकार ने 100 बिस्तरीय अल-आफिया (माण्डीखेड़ा) जिला नागरिक अस्पताल को 200 बिस्तरीय अस्पताल में अपग्रेड करने के लिए सैद्वातिंक स्वीकृति जुलाई 2024 को प्रदान कर दी है। वर्तमान में 135 स्वास्थ्य सुविधाएं जिला नूंह में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि नूंह की कुल जनसंख्या 15,48,460 है, जिसमें 14,41,724 ग्रामीण तथा 1,06,736 शहरी जनसंख्या शामिल है। इन 135 स्वास्थ्य सुविधाओं में जिला नूह में एक जिला नागरिक हस्पताल 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 111 उप स्वास्थ्य केन्द्र है। इनके अलावा, जिला नूह में एक मेडिकल कालेज है।

### रिवर-फ्रंट विकसित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन: गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** सदन में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि बाढ़ी-माजरा पुल से पुरानी जगाधरी-सहारनपुर सड़क तक पश्चिमी यमुना नहर के पश्चिमी किनारे पर छठ पूजा घाट तथा रिवर-फ्रंट विकसित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। यह कार्य आवश्यक स्वीकृतियों के बाद लगभग 6 महीने में शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य के लिए 12.87 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सदन के सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए विपुल गोयल ने कहा कि बाढ़ी-माजरा पुल से पुरानी जगाधरी-सहारनपुर सड़क तक 4.5 किलोमीटर लम्बा रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा जिसमें सड़क का निर्माण, पैदल मार्ग 5 से 12 मीटर चौड़ाई, लैंडस्केपिंग, स्ट्रीट लाइट व छठ पूजा घाट का जीर्णोद्धार कार्य का प्रावधान है।

### कबूलपुर बांगर, मोहल्ला लौधियापुर का भू-जल खारा है: श्रुति चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ ।** सदन में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा बताया गया है कि पृथला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों भानकपुर, नंगला, जोगियान, कबूलपुर बांगर, मोहल्ला लौधियापुर का भू-जल खारा है तथा यहां सेम की भी समस्या है जिसके कारण यहां पर कोई फसल नहीं उगाई जा सकती। उन्होंने कहा कि इस समस्या को हल करने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने खेतों से पानी निकालने संबंधित एक परियोजना तैयार की है जिसमें जलमग्न क्षेत्र में सौर पैनलों के साथ 20 उथले नलकूपों की स्थापना का कार्य किया जाएगा, जिसकी लागत 265.63 लाख रुपये है यह कार्य संबंधित एजेंसी को आवंटित कर दिया गया है। इस परियोजना में सिकरोना, काबुलपुर बांगर, मोहल्ला, लाधियापुर और फिरोजपुर कलां गांवों का पानी काबुलपुर लिंक ड्रेन में, हरफला, मोहल्ला और भनकपुर गांवों का पानी गोंछी ड्रेन में और सेहरला गांव का पानी फरीदाबाद जिले के सेहरला ड्रेन में गिरेगा। यह काम अप्रैल 2025 में फसलों की कटाई के बाद शुरू होगा और 30 जुलाई 2025 तक पूरा हो जाएगा।

### आदमपुर कस्बे में सीवरेज लाइन डलने के बाद दोबारा ठीक किया जा रहा: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा जनस्वास्थ्य आभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि आदमपुर कस्बे में सीवर लाइन निर्माण के दौरान जो सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, उन सभी को सीवरेज लाइन डलने के बाद दोबारा ठीक किया जा रहा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने आज विधानसभा सत्र के दौरान आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आदमपुर कस्बे की सभी आंतरिक सड़कों को विभाग द्वारा वहां किये जा रहे विकास कार्य पूरा होने के बाद बहाल किया जा रहा है, ताकि लोगों को असुविधा न हो।

# प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह से मिले मोहन लाल बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात के दौरान सरकार, संगठन के तालमेल, आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक नियुक्तियों तथा निकाय चुनाव के परिणामों पर चर्चा हुई। इस दौरान पीएम मोदी के हरियाणा दौरे को लेकर भी प्रधानमंत्री के साथ चर्चा हुई। गुरुवार को पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने से पहले बुधवार को पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी।

पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हुई मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तेजस्वी व दूरदर्शी गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट के दौरान संगठनात्मक एवं विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिला आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह से लगभग आधा-आधा घंटा प्रदेश के राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह को बताया कि



हरियाणा में 27 जिलों का संगठनात्मक गठन हुआ है और साथ ही संगठनात्मक नियुक्तियां भी हो चुकी है। उन्होंने दोनों नेताओं को बताया कि प्रदेश के सभी मंडल अध्यक्षों और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। श्री बड़ौली ने पीएम मोदी और शाह को यह भी बताया कि निकाय चुनाव में भाजपा को जो शानदार जीत मिली है, वह कार्यकताओं की एकजुटता की बदौलत ही हो पाया है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को बताया कि कार्यकताओं की एकजुटता और मेहनत से शानदार परिणाम भाजपा के पक्ष में आए हैं। पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से वातार्लाप के दौरान श्री बड़ौली ने सरकार और संगठन के तालमेल के विषय में भी बताया कि हरियाणा सरकार और संगठन का तालमेल शानदार है जिसकी

**हुई चर्चा**

**पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह के साथ संगठनात्मक एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा: बड़ौली सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल व निकाय चुनाव में शानदार जीत की भी दी जानकारी**

वजह से कार्यकताओं में उत्साह है। दो और तीन अप्रैल को समालखा में होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की भी श्री बड़ौली ने दोनों नेताओं को जानकारी दी। श्री बड़ौली ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 27 जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर और वे खुद भी शामिल होंगे। इसके अलावा केंद्रीय आईटी एवं सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालविया भी प्रशिक्षण शिविर में रहेंगे। पंडित बडौली ने बताया कि इससे पहले बुधवार को वे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिले थे और उनसे भी संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की थी।

# महाविद्यालय के निर्माण के लिए 8.05 एकड़ भूमि चिन्हित की गई:महिपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद के निर्माण के लिए सेक्टर-5 फतेहाबाद में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 8.05 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। इस महाविद्यालय का भवन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य आवंटन की तिथि से 36 माह के भीतर निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। मंत्री आज विधानसभा बजट सत्र में सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

**प्रस्तावित**

**विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य आवंटन की तिथि से 36 माह के भीतर निर्मित किया जाना प्रस्तावित है**

**करनाल जिले के गांव निगधु में राजकीय महाविद्यालय के भवन के निर्माण कार्य के लिए 3235.81 लाख रुपए की राशि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ**

मार्च हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि करनाल जिले के गांव निगधु में राजकीय महाविद्यालय के भवन के निर्माण कार्य के लिए 3235.81 लाख रुपए की राशि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे जल्द ही स्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके अलावा, विभिन्न शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की भर्ती के लिए एच.पी.एस.सी./ एच.एस.एस.सी को मांग भेजी जा चुकी है।

# बारात घर के निर्माण कार्य पर 187.78 लाख रुपये की राशि जारी की गई थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि कलायत में भगवान परशुराम बारात घर के निर्माण कार्य पर 187.78 लाख रुपये की राशि जारी की गई थी और इस राशि के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। विपुल गोयल आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान कलायत के विधायक विकास सहारण द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। भगवान परशुराम बारात घर के निर्माण के लिए पहले 1.75 एकड़ भूमि थी, परन्तु स्थानीय लोगों की मांग पर सामुदायिक केंद्र का क्षेत्रफल बढ़ाकर तीन एकड़ कर दिया गया।

# सिरसा थेहड़ को लेकर सैलजा ने केंद्रीय मंत्री पर्यटन को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा थेहड़ (माउंड साइट) को लेकर केंद्रीय मंत्री पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इस थेहड़ के सही क्षेत्रफल के लिए फिर से सर्वे करवाया जाए क्योंकि जिस क्षेत्र पर पुरातत्व विभाग दावा कर रहा था वह कब्जा मुक्त करवाकर पुरातत्व विभाग को सौंप दिया गया है। इस भूमि का गलत आंकलन करने से थेहड़ के आसपास रह रहे लोगों पर बेघर होने की तलवार लटकी हुई है। साथ ही गलत रिपोर्ट देने वालों पर भी कार्रवाई की जाए ताकि उनकी गलती से लोगों को मानसिक परेशानी से जूझना न पड़े। कुमारी सैलजा ने केंद्रीय मंत्री पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के सिरसा नगर में प्राचीन थेहड़ है, जो पुरातत्व विभाग 85.5 एकड़ क्षेत्र पर दावा कर रहा है जो आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना में अधिसूचित नहीं है, जिसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षित स्मारक होने के नाते कथित अनधिकृत कब्जाधारियों को हटाने के लिए उच्च न्यायालय में संघर्ष कर रहा है। प्रारंभ में, साइट का कोई सीमांकन नहीं था और समय

**पुरातत्व**

**जिस क्षेत्र पर पुरातत्व विभाग दावा कर रहा था वह कब्जा मुक्त करवाकर पुरातत्व विभाग को सौंप दिया गया**

बीतने के बाद, जिला प्रशासन, सिरसा के माध्यम से सीमांकन करवाया गया, जिसके परिणामस्वरूप निष्कर्ष निकला और 85.5 का आंकड़ा बताया और तय किया गया। पहले हरियाणा राज्य सरकार ने उक्त साइट को डी-नोटिफाई किया था और जिसकी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपी गई थी लेकिन दुर्भाग्य से इसे माननीय न्यायालय ने स्वीकार नहीं किया। राज्य सरकार द्वारा इसकी डी-नोटिफिकेशन से पहले, एक उचित प्रक्रिया अपनाई गई थी जिसमें कानूनी प्रक्रिया, विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट, जनता की मंशा आदि को ध्यान में रखते हुए इसे गैर-अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया। अब भी वही स्थिति बनी हुई है।
एएसआई द्वारा इस पर कोई खुदाई नहीं की जा रही है। एएसआई के खाली होने के बाद खाली किए गए और कब्जे वाले क्षेत्र में पहले खुदाई करने की आवश्यकता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वहां संरक्षित करने लायक कुछ है।

# जिले में विशेष गौ रक्षा टास्क फोर्स का गठन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि हरियाणा में नगर पालिकाओं द्वारा नई गौशालाओं की स्थापना, गौशालाओं को वित्तीय सहायता में वृद्धि, चारे की व्यवस्था बेसहारा पशुओं का टीकाकरण और नसबंदी तथा ऐसे पशुओं के लिए चिकित्सा सुविधा का प्रावधान जैसे विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। विपुल गोयल हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

**पुनर्वास**

**पुनर्वास किया गया है। 25,325 कुतों की नसबंदी तथा 41,152 बन्दरों को वन क्षेत्रों में छोड़ा गया।**

उन्होंने बताया कि गौशालाओं को आवारा पशुओं के पुनर्वास के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में विशेष गौ रक्षा टास्क फोर्स तथा एक राज्य स्तरीय विशेष गौ रक्षा टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि जिला सिरसा में बेसहारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए हरियाणा नगरपालिका उप नियम वर्ष 2005 व 2007 में प्रकाशित किए गए थे। इसके अतिरिक्त, राज्य में पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, रेबीज को नियंत्रित करने, आवारा कुत्तों की आबादी तथा पशु जन्म नियंत्रण की समीक्षा, समन्वय और निगरानी करने के लिए वर्ष 2023 में अधिसूचित किए गए थे। विपुल गोयल ने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि सरकार ने आवारा और बेसहारा पशुओं को नियंत्रित के लिए राज्य में कुल 683 गौशालायें हैं। इनमें से 1,73,501 पशुओं की कुल क्षमता वाली 185 गौशालायें पालिका सीमा के भीतर हैं। इसके अतिरिक्त, पालिकाओं को उनकी जरूरत के अनुरूप नई गौशालायें स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनवरी, 2024 से मार्च, 2025 तक कुल 56,615 आवारा पशुओं को गौशालाओं से स्थानान्तरित करके उनका पुनर्वास किया गया है। 25,325 कुतों की नसबंदी तथा 41,152 बन्दरों को वन क्षेत्रों में छोड़ा गया।

# रेवाड़ी में सरसों का उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जाएगा: श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं** किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि रेवाड़ी में सरसों का उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा डहीना/कव्वाली गांव में भी बीज बिक्री केंद्र खोलने का प्रस्ताव है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री आज विधानसभा सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने सदन को बताया कि कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के अनुरोध पर टाहना (रेवाड़ी ) में सरसों का उत्कृष्टता केन्द्र (सीओईएम) की स्थापना के लिए प्रस्ताव पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है तथा सीओईएम का विस्तृत प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इस उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए लगभग 20 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। विभाग के पास एनएच-71 पर रेवाड़ी-झज्जर रोड पर लगभग 23 एकड़ भूमि भी है। उन्होंने बताया कि करीब दो वर्ष पहले 2 मार्च 2023 को आयोजित बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों तथा चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विशेषज्ञों/वैज्ञानिकों ने टाहना, रेवाड़ी में सरसों उत्कृष्टता केन्द्र (सीओईएम) के प्रारूप प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की थी। यह भूमि हरियाणा भूमि सुधार विकास निगम (एचएलआरडीसी) के पास वर्ष 1998 से 25 वर्ष के लिए 1000 रुपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से पट्टे पर है। एचएलआरडीसी ने आगे किसानों को वार्षिक आधार पर भूमि पट्टे पर दी और कहा कि पट्टा इस रबी सीजन 31 मार्च 25 तक है। उन्होंने आगे यह भी जानकारी दी कि "हरियाणा बीज विकास निगम" (एचएसडीसी) द्वारा डहीना/कव्वाली गांव में भी बीज बिक्री केंद्र खोलने का भी प्रस्ताव है।

# प्रदेश में खुलेंगे 46 नये नशामुक्ति केन्द्र - स्वास्थ्य मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि युवाओं को नशा की लत छुड़वाने के लिए प्रदेश में 46 नए नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे खुद भी नशा मुक्ति केंद्रों को मॉनिटरिंग करेंगी ताकि आवश्यकता के अनुसार अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। कुमारी आरती सिंह राव ने प्रदेश में फैल रहे नशे की बुराई पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने स्तर पर नशा मुक्ति के लिए अभियान चला रही है, सदन के सभी सदस्यों को भी इसमें भागीदारी



करके राज्य को नशा मुक्त करने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य के 14621 युवाओं को नशे की लत से मुक्त करवाया गया है और यह प्रयास लगातार जारी है। उन्होंने विस्तृत जानकारी सदन के पटल पर रख कर बताया कि वर्तमान में राज्य में निजी, सरकारी और अर्ध-सरकारी केंद्रों को मिलाकर 130 नशा मुक्ति केंद्र संचालित हैं। इन नशा मुक्ति केंद्रों के लाइसेंस महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा की सहमति के बाद निदेशक सेवा द्वारा हरियाणा नशा मुक्ति केंद्र नियम, 2010 और 2018 में संशोधित नियमों के अनुसार जारी किए जाते हैं। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कुल 20 नियमित और 5 संविदा मनोचिकित्सक हैं। राज्य में मनोचिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए, 38 चिकित्सा अधिकारियों ने मनोचिकित्सा विभाग, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ से 6 महीने का ऑनलाइन प्रशिक्षण नशा मुक्ति प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है।

**मॉनिटरिंग**

**वे खुद भी नशा मुक्ति केंद्रों को मॉनिटरिंग करेंगी ताकि आवश्यकता के अनुसार अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें**

नशा मुक्ति सेवाओं को मजबूत करने के लिए, इन चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएं ली जाएंगी। उन्होंने आगे जानकारी दी कि पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के मनोचिकित्सा विभाग की ओर से 6 महीने के ऑनलाइन नशामुक्ति प्रशिक्षण 50 चिकित्सा अधिकारियों का दूसरा बैच दिसंबर, 2024 से शुरू हो गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का जल्द पता लगाने के लिए अस्पतालों में मूत्र ड्रग डिटेक्शन किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये किट मूत्र के नमूनों में विभिन्न प्रकार की दवाओं जैसे ओपियोइड्स, कोकेन, कैनबिस, बैंजोडायजेपेन्स, एम्फेटामाइन्स, बार्बिटुरेट्स के सेवन का तेजी से पता लगाते हैं।

# भारतीय योग संस्थान ने कार्यकर्ताओं को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय योग संस्थान,** कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा योगाश्रम, ढ़ांढ़ रोड़, मिजार्पुर, कुरुक्षेत्र (गांव मिजार्पुर से एक किलोमीटर आगे और नहर से 200 मीटर पहले बाईं ओर) में आज उन कार्यकताओं को जो 13 अप्रैल को योगाश्रम मिजार्पुर में ही होने वाले मुख्य शंख प्रक्षालन कार्यक्रम में सेवा करेंगे, शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई । आज प्रातः 6:00 बजे संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 20 से अधिक कार्यकताओं ने शंख प्रक्षालन क्रिया की । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर द्वारा शंख प्रक्षालन क्रिया के निषेध, सावधानियां, लाभ व विधि बताकर यह क्रिया करवाई गई । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी को 30 मिनट का शवासन करवाया । अंत में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, जिला प्रधान देवी



दयाल सैनी व सौरभ मोदी द्वारा बनाई गई देसी घी से तर स्वादिष्ट खिचड़ी सभी को खिलाई गई । अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी, कृष्ण जिला मंत्री हेम सिंह राणा, समालखा से रविंद्र छौकर सहित सभी स्थानीय जिलों के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

**शंख प्रक्षालन है क्या ? इसे क्यों करें ? इसके लिए क्या क्या सावधानियां आवश्यक हैं ?**
संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि यहां शंख का अर्थ है पेट या आंतें और प्रक्षालन का अर्थ है धोना । इस क्रिया से अंतःवाहिनी नली कंठ से गुदा तक शुद्ध हो जाती है। शंख प्रक्षालन क्रिया वर्ष में केवल दो बार बदलते मौसम में ही की जा सकती है । इस समय मौसम इस क्रिया के लिए अनुकूल है। शंख प्रक्षालन एक ऐसी यौगिक शुद्धि क्रिया है, जिसमें पानी पीकर कुछ सरल से योगासनों के 5-5 सैट किए जाते हैं, पांच बार इस क्रम को दोहराकर मल निष्कासन के लिए शौचालय जाया जाता है । यह पूरी क्रिया पांच - छः बार की जाती है । पहली बार शौच जाने पर सामान्य मल निकलता है, दूसरी बार कुछ पतला, तीसरी बार और अधिक पतला, फिर पानी के साथ मल के छोटे-छोटे टुकड़े और अंत में स्वच्छ पानी जैसा मल निकलता है तो क्रिया संपन्न हो जाती है। सामान्य साधक कि यह धारणा रहती है कि उसे कब्ज नहीं है तो उसका पेट साफ है, परंतु वास्तविकता यह है कि सभी की अंतड़ियो में काफी मात्रा में मल जमा रहता है । जब हम यह क्रिया करते हैं और हमारा मल अंतड़ियों में से उखड़-उखड़ कर शौच द्वारा बाहर आता है तो हमारा यह भ्रम दूर हो जाता है कि हमारा पेट साफ है । इस क्रिया से पेट के रोग, फेफड़े, वात-पित्त-कफ के रोग, गर्मी से होने वाले रोग, सर्दी-जुकाम, नेत्र संबंधी विकार व सिर दर्द इत्यादि रोग भी ठीक होते हैं । यह क्रिया करने के लगभग 6 महीने बाद तक हमारा पेट ठीक रहता है और हमारी साधना में भी निखार आता है ।

**निषेध :** आंतों की कमजोरी, आंतों में सूजन, गंभीर हृदय रोगी, उच्च रक्तचाप के रोगी व अल्सर के रोगी को शंख प्रक्षालन क्रिया नहीं करनी चाहिए ।

**सावधानियां :** 1. शंख प्रक्षालन करने वाले साधक एक दिन पहले रात्रि भोजन न करें तो बहुत अच्छा रहता है । यदि कोई साधक बिना भोजन के नहीं रह सकता तो वह सूर्यास्त के 1 घंटे बाद तक ताजा फल या ताजा फलों का जूस अथवा कम मात्रा में हल्का सुपाच्य भोजन जैसे दलिया, खिचड़ी, दाल-रोटी इत्यादि ग्रहण कर सकता है । साधक रात्रि में पूरी नींद लेकर आराम करें तो यह क्रिया भली भांति संपन्न होती है । प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि संस्थान के साधकों व आम जनता के लिए शंख प्रक्षालन क्रिया संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में ही रविवार, 13 अप्रैल 2025 को प्रातः 6:00 बजे से करवाई जाएगी । इच्छुक साधकों को नीचे बिछाने के लिए एक चादर ( चादर सफेद रंग की हो तो बहुत अच्छा) लेकर शंख प्रक्षालन स्थल पर समय से पहले पहुंचकर खिचड़ी के लिए अपनी सहयोग राशि जमा करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा ।

# अटल भूजल योजना को लेकर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सिंचाई एवं जल संसाधन** विभाग करनाल के कार्यकारी अभियंता एवं अटल भूजल योजना के जिले के नोडल अधिकारी रणबीर सिंह ने कहा कि भूजल बचाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है, हमें इसके प्रति सजग होना पड़ेगा, क्योंकि यही समय की पुकार है । रणबीर सिंह वीरवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कांफ्रेंस हॉल में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के तत्वाधान में जिला कार्यक्रम मैनेजमेंट यूनिट करनाल द्वारा अटल भूजल योजना के बारे में जिला स्तरीय क्षमता संवर्धन एवं प्रगति समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अटल भूजल योजना में बेहतर प्रबंधन और संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य समुदाय के नेतृत्व वाले स्थायी भूजल प्रबंधन को बढ़ावा देना है तथा चिह्नित जल संकट ग्रस्त क्षेत्रों में भूजल संसाधनों के



प्रबंधन में सुधार करना है। उन्होंने एक दिवसीय कार्यशाला को पीपीटी के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि अटल भूजल योजना की शुरूआत एक अप्रैल 2021 से सात राज्यों में शुरू हुई थी, जिसमें हरियाणा भी शामिल है। हरियाणा के 14 जिलों में अटल भूजल योजना चल रही है, इसमें करनाल जिला भी शामिल है और करनाल उपमंडल के 41 गांवों में अटल भूजल योजना पर कार्य हो रहा है।
उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना पर गंभीरतापूर्वक और पूरी लगन के साथ हरियाणा प्रदेश के सभी 14 जिलों में कार्य किया जा रहा है। इस योजना से संबंधित हमें किसानों को जागरूक करना है, ताकि वे कृषि में बदलाव ला सकें जिससे कि पानी की लागत कम लगे। ट्यूबवेलों पर फ्लो मीटर लगाए गए हैं तथा ग्राम सभाओं में लोगों के सहयोग से जल सुरक्षा अभियान पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करनाल ब्लॉक में जब भी बरसात आती है तो उसका डाटा 24 घंटे के अंदर-अंदर अपलोड कर दिया जाता है, क्योंकि इस ब्लॉक में अटल भूजल योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम किसानों को समय-समय पर टपका सिंचाई और फव्वारा विधि अपनाने पर जागरूक करते रहते हैं, जिससे कि पानी की बचत हो सके।

# बरसाती सीजन से पहले होगी नालों व ड्रेन की सफाई, निगम की तैयारियां जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मानसून से पहले शहर** के सभी बरसाती नालों व ड्रेन की साफ-सफाई करवाने के लक्ष्य को लेकर नगर निगम की इंजीनियरिंग विंग तेजी से कार्य कर रही है। इसे लेकर कर्ण कैनाल नाला, राम नगर नाला व ड्रेन नम्बर 1 की सफाई करवाने के लिए अनुमान तैयार किए जा चुके हैं, जबकि शहर की विभिन्न लोकेशन पर मौजूद मुख्य नाले, डिस्पोजल पम्प तथा रेन वाटर हार्वेस्टर के सफाई कार्य के लिए अनुमान तैयार किए जा रहे हैं। यह जानकारी गुरूवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। इन नालों के अनुमान हुए तैयार- उन्होंने बताया कि कर्ण कैनाल नाला के फेज 1, 2 व 3 की सफाई के लिए 50 लाख रुपये का अनुमान तैयार किया गया है। पोकलेन मशीनो व ट्रैक्टर की सहायता से इसकी सफाई करवाई जाएगी। इसकी लम्बाई करीब 3 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि



ड्रेन नम्बर 1 के करीब डेढ किलोमीटर हिस्से की सफाई के लिए 12 लाख रुपये का अनुमान तैयार किया गया है। जहां से ड्रेन की चौड़ाई होगी, उसे उचित चौड़ाई में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राम नगर नाला, जो जी.टी. रोड स्थित मीरा घाटी आई.पी.एस. (इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन) तक जाता है, इसकी सफाई के लिए 21 लाख रुपये का अनुमान तैयार किया गया है। इस नाले की लम्बाई करीब 4800 मीटर है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन कार्यों के टैण्डर लगा दिए जाएंगे।

इन नालों के अनुमान किए जा रहे तैयार- उन्होंने बताया कि शहर में भिन्न-भिन्न जगहों पर मौजूद 24 मुख्य नाले, 11 डिस्पोजल पम्प, 42 रेन वाटर हार्वेस्टर तथा मेरठ रोड, फूसगढ़, छपरा खेड़ा, कैलाश इत्यादि गावों तथा उचानी से एन.डी.आर.आई. रोड की तरफ आने वाली बॉक्स टाईप ड्रेन की साफ-सफाई करवाने के लिए निगम अभियंताओं द्वारा अनुमान तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन कार्यों के अनुमान तैयार कर टैण्डर लगा दिए जाएंगे।

# समाधान शिविर में आई शिकायतों का मौके पर ही जा रहा निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा सरकार** के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

# प्ले स्कूल बच्चों की नींव बनाने का करते हैं कामः अंबिका



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लिटिल** स्टोरी इंटरनैशनल प्ले स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के रिपोर्ट कार्ड उनके पेरेंट्स को सौंपे गए। सेरेमनी में बच्चों को गिफ्ट व मोमेंट्स देकर सम्मानित भी किया। इंटरनैशनल प्ले स्कूल की सेंटर हैंड अम्बिका खुराना ने कहा कि ग्रेजुएशन, चाहे वह प्ले स्कूल से हो या कॉलेज से, हर बच्चे के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होता है, जिसे सभी माता-पिता मनाना चाहते हैं। लिटिल स्टोरी प्ले स्कूल ग्रेजुएशन सेलिब्रेशन आपके बच्चे को यह संदेश देने का एक तरीका है कि शिक्षा मूल्यवान है और इसे याद रखने और आनंद लेने लायक है। यह उनके भविष्य की शैक्षणिक यात्रा के लिए एक आधार के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि चूँकि यह सबसे अधिक संभावना है कि आपका छोटा बच्चा अपने ग्रेजुएशन के दिन को याद नहीं रखेगा, इसलिए उन्हें एक हार्दिक ग्रेजुएशन कार्ड के रूप में यादगार चीज देना कुछ ऐसा हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर से लगते तीन गांव टेहा, बड़ी और रोशनपुर को नगरपालिका में शामिल करने की योजना पर काम शुरू

**गन्नौर । गन्नौर नगरपालिका की** सीमा विस्तार की प्रक्रिया को प्रशासन ने गति दे दी है। शहर से सटे तीन गांव टेहा, बड़ी और रोशनपुर को नगरपालिका में शामिल करने की योजना बनाई गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग को निर्देश दिए हैं कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द सर्वेक्षण पूरा किया जाए। प्रशासन की योजना के तहत इन गांवों को नगरपालिका में शामिल करने के लिए आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी। उपायुक्त के निदेर्शों के तहत खंड विकास एवं पंचायत विभाग ने तीनों गांवों के सरपंचों को पत्र भेजकर आवश्यक जानकारी मांगी है। इस प्रक्रिया के तहत इन गांवों के बुनियादी ढांचे, जनसंख्या, राजस्व और अन्य प्रशासनिक पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा। अगर ये गांव नगरपालिका क्षेत्र में शामिल होते हैं, तो नगरपालिका के साथ-साथ ब्लाक समिति और जिला पार्षद के वार्डों में भी बदलाव होगा। इसके अलावा, इस विस्तार से गन्नौर नगरपालिका को नगर परिषद का दर्जा मिल सकता है। इस संबंध में नगरपालिका सचिव नितिन वत्स ने बताया कि टेहा, बड़ी और रोशनपुर को नगरपालिका में जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने इस संबंध में विभागों को निर्देश दिए गए हैं। गांवो को जोड़ने के लिए जनसंख्या, जमीन का रिकार्ड व ग्राम पंचायत का प्रस्ताव करना जरूरी है। इसके लिए खंड विकास एवं पंचायत विभाग, सांख्यिकी विभाग के माध्यम से जानकारी मांगी गई है। इसके बाद सर्वेक्षण करवाया जाएगा। सर्वेक्षण के बाद रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी।

### इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डाल मुख्यमंत्री को बताई समस्या

**गन्नौर । गन्नौर के गांव गुमड** में दूषित पानी की निकासी न होने से समस्या बनी हुई है। ग्रामीण व किसान कई बार प्रशासन व अधिकारियों को गुहार लगा चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही। किसान नेता विरेंद्र पहल ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डाल मुख्यमंत्री से इस समस्या के समाधान की मांग की है। विरेंद्र पहल ने बताया कि घरों से निकलने वाले दूषित पानी के लिए गलियों में नालियां नही है। जिस वजह से दूषित पानी गलियो में भरा रहता है। दूषित पानी जमा होने से और समय पर सफाई न होने की वजह से गलियों में घास तक उग गई है। अब उन्होंने मुख्यमंत्री को एक्स के मध्यम से ट्वीट कर इस समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### बाइक सवार दंपती से मारपीट कर बाइक छीनी

**गन्नौर । रेलवे रोड पर** दिनदहाड़े एक दंपती के साथ मारपीट और लूटपाट की घटना सामने आई है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में शाहपुर तगा गांव के नरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी शिवानी के साथ अस्पताल जा रहे थे। उन्होंने ललित नामक व्यक्ति से बाइक ली थी।रास्ते में जीवन दीप अल्ट्रासाउंड के पास एक लाल रंग की होंडा सिटी कार में सवार चार नशे में धुत लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। आरोपितों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की, जबरन बाइक की चाबी छीनी और 20 हजार रुपये की मांग की। इसके बाद वे बाइक लेकर फरार हो गए। उनकी कार के शीशे पर फाइनेंस लिखा हुआ था। पुलिस मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर पालिका गन्नौर के वाईस चेयरमैन का चुनाव करवाने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । नगर पालिका गन्नौर** के वाईस चेयरमैन का चुनाव करवाने की मांग को लेकर शहर के पार्षदों ने उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर शीघ्र चुनाव कराने की मांग की । अब तक नहीं कराया गया है। पार्षदों ने दिए ज्ञापन में बताया कि क्या कारण है कि नगर पालिका गन्नौर के इसका के पद का चुनाव अभी तक नहीं कराया गया है। नगर पालिका के वाईस चेयरमैन का पद खाली होने की वजह से गन्नौर नगर पालिका के विकास कार्यों में काफी बाधा आ रही है नगर पालिका के वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद उन्हें पद से हटाया गया था और उसी दिन ब्लोक समिति के चेयरमैन के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाकर उसको को भी उनके पद से हटाया दिया गया था। दोनों के खिलाफ एक ही तारीख को अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटाया गया था । जब की ब्लोक समिति के चेयरमैन के पद का चुनाव करा दिया था । पार्षदों की मांग है कि गन्नौर नपा के वाइस चेयरमैन का भी चुनाव करवाया जाए। इस मौके पर पार्षद राजेश शर्मा, सचिन, शमशेर,विकास, सतबीर शर्मा आदि मौजूद थे।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए करें प्रयासः अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नीलोखेड़ी** विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में गुरु ब्रह्मानंद राजकीय पॉलिटेक्निक के परिसर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा 17 निर्वाचन सुपरवाईजरों और 230 मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। एसडीएम ने बैठक में बताया कि 19-नीलोखेड़ी (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 17 निर्वाचन सुपरवाईजर तथा 230 मतदान केन्द्र स्तर अधिकारी नियुक्त हैं, जो कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पात्र व्यक्तियों की वोट बनाने, मतदाता सूची से नाम हटाने व मतदाता के विवरण में संशोधन आदि का कार्य निरंतर करते है। इस सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के आदेशानुसार सभी राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों की प्रधान-सचिव-प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की गई, जिसके अंतर्गत जिला



उपायुक्त के निदेर्शानुसार निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन सुपरवाइजर तथा बीएलओ को अपने-अपने मतदान केन्द्र की मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी सम्भव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नया मत बनवाने के लिए आवेदन फार्म-6 व्यक्ति द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर बनाया जाता है तथा कोई भी भारतीय नागरिक अपनी आयु तथा रिहायश दस्तावेजों के साथ निर्वाचक पंजीयन अधिकारी व सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों तथा जिला चुनाव कार्यालय के कार्यालय के अतिरिक्त अपने क्षेत्र के बीएलओ तथा स्वयं स्वचलित एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से फार्म नंबर-6 आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिन महिला मतदाताओं की शादी हो गई है, उनका आपत्ति फार्म नंबर 7 न भरकर, उनके केवल स्थानान्तरण दस्तावेज सहित फार्म नंबर 8 भरें। इसके अतिरिक्त जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है तथा स्थान छोड़ कर चले गए हैं।
उसके लिए सम्बन्धित गांव के सरपंच-नंबरदार-चौकीदार तथा दो मौजिज व्यक्तियो के हस्ताक्षर सहित तथा शहरी क्षेत्र से सम्बन्धित निगम पार्षद तथा आवेदक के स्वयं या परिवारिक सदस्यों के हस्ताक्षर सहित आवेदित का वर्तमान पता तथा दूरभाष नंबी लिखें व फार्म नंबर 7 को स्वयं सत्यापित करके स्पष्ट टिप्पणी करें। उन्होंने सभी बीएलओ को डिएसई व पीएसई के बारे में बताया तथा निर्देश दिए कि वह बिना किसी राजनीतिक दबाव या प्रभाव के पारदर्शिता से आमजन का सहयोग लेकर अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर योग्य व्यक्तियों के फार्म नंबर 6 भरने के साथ-साथ वंचित पात्र महिलाओं के अधिक से अधिक वोट बनाएं, ताकि वह अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकें। अशोक कुमार ने कहा कि इसके अतिरिक्त बीएलओ सभी मृतक तथा स्थानांतरित व दोहरे मतदाताओं के आपत्ति फॉर्म भरें तथा किसी भी प्रकार मतदाता की त्रुटियों तथा नया स्थानान्तरण के लिए फार्म नंबर 6 न भरकर फार्म नंबर 8 भरें, ताकि डिएसई व पीएसई की सम्भावना कम हो।

# राजपुरा माइनर की सफाई में कोठी का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। प**श्चिम यमुना लिंक नहर से निकलने वाली राजपुरा माइनर में जल्दबाजी में सफाई कर अधिकारियों पर पानी छोड़ने का आरोप लगाया है। किसानों का आरोप है कि माइनर की सफाई करने वाले ठेकेदार द्वारा साइड की पटरी की सफाई के बाद पूरी तरह से माइनर से मिट्टी को नहीं निकला गया और ना ही रेलवे व सड़क की क्रॉसिंग के लिए बनाए गए पुलो के नीचे से माइनर में सफाई कराई गई। किसान जय भगवान, महेंद्र ,रणबीर ,विकास ने बताया कि रेलवे वह सड़क क्रॉसिंग के लिए बने पुलों के नीचे से मजदूर द्वारा सफाई हो सकती थी। लेकिन ठेकेदार ने वहां तक सफाई की है जहां तक मशीन कर



सकती थी, उसके बाद जल्दबाजी में पानी भी छोड़ दिया है उनका कहना कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है । पहले भी और हुआ है लेकिन विभाग के अधिकारी इस तरह बिल्कुल ध्यान नहीं देते। और कई बार माइनर टूटने के कगार पर पहुंच जाती है। किसान करतार ने बताया कि पिछली बार विजय माइनर की सफाई की थी तो पुलों के नीचे सफाई न होने के कारण पानी माइनर की पुत्री से उतरने लगा था जब किसानों ने विभाग के अधिकारियों को सूचना दी और माइनर के पानी को कम करवाया । किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी अगर गंभीरता से कार्य करवाए तो माइनर की बेहतर ढंग से सफाई होगी।

**सफाई तो कार्रवाई होगी पुल के नीचे से भी :** एस डी ओ
इस बारे में सिंचाई विभाग के एसडीओ हिमांशु ने बताया कि कौन सी माइनर की उसकी सफाई नहीं उसमें तो पानी चल रहा है। सफाई तो मजदूर लगाकर की होगी ।

**लापरवाही बरती है तो कार्रवाई होगी : एसडीएम**
माइनर की सफाई को लेकर गन्नौर के एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि माइनर की सफाई का मामला उनके संज्ञान में नहीं है और ना ही अभी तक शिकायत मिली है इसके बावजूद भी जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी ।

# डाईंग प्रोसेसिंग कंपनी का दौरा कर छात्रों ने धागा बनाने व रंगने की प्रक्रिया की जानकारी ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। बड़ी** औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्रिंस डाईंग प्रोसेसिंग कंपनी का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी की छात्राओं ने कंपनी का दौरा कर वेस्ट कपड़े से धागा बनाने और धागे से कपड़ा बनाने की प्रक्रिया की जानकारी ली । कंपनी के एमडी हरीश व अन्य कर्मचारियों ने छात्रों को कंपनी में धागा बनाने और रंगने की प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाया। कंपनी के एम डी हरीश ने बताया कि वातावरण को दूषित करने वाली वेस्ट से बने फाइबर को इस्तेमाल कर धागा बनाया गया और फिर कपड़ा तैयार किया गया। वेस्ट से धागा तैयार करने की इस पहल की छात्रों ने सराहना की। कंपनी के एम डी हरीश ने बताया



कि एक बार रेशों को धागों में तब्दील करने के बाद हम इनसे कपड़े बनाने को तैयार हैं। इसके कई तरीके हैं जैसे बुनाई, गूंथना या जमाना। बुनाई में धागे चेसबोर्ड पैटर्न की तरह एक दूसरे के ऊपर से गुजरते हैं जबकि 'नीटिंग' (बुनाई)में फंदा बनाक, एक फंदे को दूसरे के भीतर से निकाला जाता है। ऊन के रेशों का नमदा बनाया जाता है।बुनाई और नमदा बनाने की प्रक्रिया बहुत धीमी होगी अगर उन्हें हाथ से किया जाए। इसलिए इन दिनों मशीनों का प्रयोग किया जाता है। एमडी हरीश ने बताया कि रेशों से कताई कर लंबे धागों में तब्दील कर अगले चरण में हमने उनकी बुनाई की या रेशों को जमाया और सस्क्रिया, इस तरह हम कपड़े बना सकते हैं।

## संपादकीय

# जैव अर्थव्यवस्था की बढ़ती महत्ता

**जैव अर्थव्यवस्था** आर्थिक रूप से तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। जैव अर्थव्यवस्था का वर्तमान वैश्विक मूल्य 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है और कुछ अनुमानों से संकेत मिलता है कि यह 30 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ सकता है, जो विश्व आर्थिक मूल्य का एक तिहाई है। दुनिया जैव-नवाचार द्वारा संचालित एक नई औद्योगिक क्रांति के कगार पर है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में, भारत की जैव अर्थव्यवस्था नवाचार, समृद्धि और बढ़ते वैश्विक महत्व की एक आकर्षक कहानी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 165.7 बिलियन डॉलर हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में इक्फ्अउ स्थापना दिवस समारोह के दौरान "भारत जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2025" जारी की। उन्होंने कहा कि यह घातीय वृद्धि भारत की भविष्य की आर्थिक सफलता के महत्वपूर्ण चालक के रूप में जैव प्रौद्योगिकी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। विश्व जैव अर्थव्यवस्था मंच द्वारा किए गए मूल्यांकन में, जैव अर्थव्यवस्था के लिए जैव प्रौद्योगिकी, जैव संसाधन या जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण का उपयोग किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और भारत जैव प्रौद्योगिकी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि यूरोपीय संघ जैव संसाधन और जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण की ओर अधिक झुका हुआ है। अब ऐसे संकेत हैं कि दृष्टिकोणों को और अधिक गहन बनाने के लिए विस्तारित किया जा रहा है ' इस प्रकार, यह विषय नया नहीं है। जो नया है वह यह है कि डिजिटलीकरण, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए उपकरण इस क्षेत्र की विकास गतिविधि को तेज कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से उत्पाद लॉन्च हो रहे हैं और निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है। चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग के अनुसार, नई योजना 14वीं पंचवर्षीय योजना की आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिसने जैव प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जैव चिकित्सा, जैविक प्रजनन, जैव सामग्री, जैव ऊर्जा और अन्य उद्योगों के विकास को गति देने का संकल्प लिया है ताकि जैव अर्थव्यवस्था को व्यापक और मजबूत बनाया जा सके। योजना के अनुसार, जैव अर्थव्यवस्था- एक ऐसा मॉडल जो चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, वानिकी, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, सामग्री और अन्य क्षेत्रों को गहराई से एकीकृत करते हुए जैविक संसाधनों की सुरक्षा और उपयोग पर ध्यान केंद्रित करता है- 2025 तक उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने में एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बन जाएगा। 2025 तक, सकल घरेलू उत्पाद में जैव अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त मूल्य का अनुपात लगातार बढ़ेगा और चीन में कम से कम 10 बिलियन युआन ($ 1.5 बिलियन) के वार्षिक राजस्व के साथ जैव अर्थव्यवस्था फर्मों की संख्या में बड़ी वृद्धि दिखने की उम्मीद है। 2035 तक, चीन समग्र शक्ति के मामले में वैश्विक जैव अर्थव्यवस्था में सबसे आगे रहने की उम्मीद करता है। जैव अर्थव्यवस्था में 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने की क्षमता है। चीन पहले ही अपनी जैव अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है; लेकिन, इस क्षेत्र में हमारी मूलभूत ताकत को देखते हुए, के प्रयासों के साथ जोड़ दिया जाए।

# न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता बरकरार रखनी होगी

-रोहित माहेश्वरी

> "वास्तव में सत्य, न्याय और न्यायिक जवाबदेही के हित में ऐसे मामलों में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने का दायित्व अदालतों और जांच एजेंसियों का है। बेशक जस्टिस वर्मा को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए और सभी संबंधित व्यक्तियों से पूरी पूछताछ कर साक्ष्य जुटाया जाना चाहिए। मगर इसे अनावश्यक देर का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। इसका अहसास तो माननीय न्यायाधीशों को भी होगा कि इस घटना से न्यायपालिका में लोगों के भरोसे पर नए सिरे से प्रहार हुआ है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, ऐसी सोच रखने वाले लोगों की संख्या पहले ही काफी हो चुकी है। उसके अलावा वर्तमान सत्ताधारी पार्टी के हितों से जुड़े मसलों पर न्यायपालिका के रुख ने भी समाज के एक बड़े हिस्से में उद्विग्नता पैदा कर रखी है। बढ़ी प्रवृत्ति से पद पर रहते हुए उनके दिए न्यायिक फैसलों के पीछे के प्रेरक कारणों पर अटकलों का बाजार गर्म कर रखा है"



**दिल्ली हाईकोर्ट के** जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण में कुछ सुलगते सवाल सामने आए हैं। वे हमारी व्यवस्था और प्रशासनिक चरित्र को बेनकाब करते हैं। इस प्रकरण में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय भी प्रमुख किरदार हैं, जिन्हें 15 मार्च को ही आगजनी और नकदी नोटों से भरी बोरियों का खुलासा कर दिया गया था। सवाल है कि 21 मार्च को खबर छपने तक वे खामोश क्यों रहे? उन्होंने क्या संज्ञान लिए? न्यायमूर्तियों के किसी फैसले या न्यायपालिका की मैं अवमानना नहीं कर रहा हूं, न ही उनके निर्णयों पर कोई सवाल खड़े कर रहा हूं, लेकिन वे भी देश के प्रति जवाबदेह हैं। मैं तो स्थितिजन्य सवालों को उठा रहा हूं। अंततः सर्वोच्च अदालत को उस वीडियो रपट को देश के सामने सार्वजनिक करना ही पड़ा, जो दिल्ली पुलिस ने तैयार की थी और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को सौंपी थी, लेकिन तमाम तस्वीरें, वीडियो और आवास के बाहर मलबे में जले हुए 500 रुपए के नोट आदि अर्धसत्य हैं। उनके जरिए ही पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंचा जा सकता और किसी को अपराधी भी साबित नहीं किया जा सकता। सवाल है कि 9 दिन के बाद भी जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के बाहर मलबा और जले हुए नोट क्यों मौजूद हैं? क्या वे साक्ष्य हैं?

तो उन्हें सुरक्षित तौर पर घेरेबंदी में क्यों नहीं रखा गया है? आग लगे कमरे से बाहर तक मलबा कौन लाया और किसने आदेश दिए? नकदी नोट 5-6 बोरियों में भरे थे, वे कहां गायब हो गए? पुलिस ने आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और अन्य संबद्ध एजेंसियों को इतने नकदी नोटों की सूचना क्यों नहीं दी? रिकवरी मेमो भी सामने नहीं आया है! सवाल उठाया जा रहा है कि कड़ी सुरक्षा में रहने वाले सरकारी आवास में क्या बिना जानकारी के पैसा रखा जा सकता है? तो क्या किन्हीं आवासीय कर्मचारियों या बाहरी लोगों ने ऐसा कृत्य किया? यदि यह वास्तव में जज को फंसाने की सजिश थी, तो उसमें कौन लोग शामिल थे? निश्चित रूप से ऐसे सवालों का जवाब मिलने में विलंब से अविश्वास की धुंध और गहरी होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपनाए गए ऐतिहासिक- ह्यन्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथनह्ल में यह निर्दिष्ट किया गया था कि किसी न्यायाधीश द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए, जो उनके उच्च पद और उस पद के प्रति सार्वजनिक सम्मान के अनुरूप न हो। सबसे अहम सवाल तो यह है कि पुलिस ने प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज क्यों नहीं की? जस्टिस वर्मा की संवैधानिक सुरक्षा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करनी थी। प्राथमिकी अग्निकांड, घटनाक्रम और बरामद नकदी नोटों को लेकर दर्ज की जानी चाहिए थी। वैसे भी जज के सरकारी घर से अधजले नोट मिले हैं। बेहिसाब नकदी रखना न्यायिक काम भी नहीं है। ऐसे में जज की इम्युनिटी (संवैधानिक सुरक्षा) कैसे खंडित होती? इस संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश अथवा मुख्य न्यायाधीश की अनुमति लेना भी अनिवार्य नहीं था। सेवामुक्त न्यायाधीश जस्टिस एसएन ढींगरा का सवाल है कि यदि जज के आवास से कोकीन या अन्य आपत्तिजनक पदार्थ बरामद होते, तो क्या पुलिस तब भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती? पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और फायर ब्रिगेड प्रमुख अतुल गर्ग इतने कमजोर किरदार नहीं हैं कि वे किसी अति शक्तिशाली किरदार के दबाव में आकर कार्रवाई करते! इस मामले में प्राथमिकी सबसे पहली और बुनियादी कार्रवाई थी।

बहरहाल,शीर्ष अदालत ने विवादों में घिरे न्यायाधीश के प्रति सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हें न्यायिक कामकाज से अलग रखने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक विमर्श में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की चर्चा भी रही। इस मामले में शीर्ष अदालत ने जिस तरह तत्परता से कार्रवाई की और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कदम उठाए, उसे सराहा गया। यहां तक कि दिल्ली हाईकोर्ट ने जस्टिस वर्मा के घटनाक्रम से जुड़े कॉल्स सुरक्षित रखने को कहा है। यहां तक कि अदालत ने पिछले छह माह के कॉल रिकॉर्ड भी पुलिस से मांगे हैं। वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने पुलिस द्वारा रिकॉर्ड वीडियो, तस्वीरें व शुरूआती जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक विमर्श में ला दी है। ऐसा आभास होता है कि 14-21 मार्च के दरमियान न्यायाधीश के आवास में आग लगने और नोटों से भरी बोरियां बरामद होने के प्रकरण में कुछ संवेदनशील छेड़छाड़ की गई है, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें। गहन जांच जरूरी है। निस्संदेह, न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करने वाले किसी भी विवाद की गहरी जांच होनी चाहिए। साथ यह भी जरूरी है कि जांच निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरी हो। वास्तव में सत्य, न्याय और न्यायिक जवाबदेही के हित में ऐसे मामलों में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने का दायित्व अदालतों और जांच एजेंसियों का है। बेशक जस्टिस वर्मा को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए और सभी संबंधित व्यक्तियों से पूरी पूछताछ कर साक्ष्य जुटाया जाना चाहिए। मगर इसे अनावश्यक देर का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। इसका अहसास तो माननीय न्यायाधीशों को भी होगा कि इस घटना से न्यायपालिका में लोगों के भरोसे पर नए सिरे से प्रहार हुआ है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, ऐसी सोच रखने वाले लोगों की संख्या पहले ही काफी हो चुकी है। उसके अलावा वर्तमान सत्ताधारी पार्टी के हितों से जुड़े मसलों पर न्यायपालिका के रुख ने भी समाज के एक बड़े हिस्से में उद्विग्नता पैदा कर रखी है। रिटायरमेंट के तुरंत बाद जजों के लाभ का पद स्वीकार करने की बढ़ी प्रवृत्ति से पद पर रहते हुए उनके दिए न्यायिक फैसलों के पीछे के प्रेरक कारणों पर अटकलों का बाजार गर्म कर रखा है। इस पृष्ठभूमि में न्यायपालिका में कथित रिश्वतखोरी का संदेह अगर और गहरा हुआ, तो उसका कितना हानिकारक असर इस संस्था की विश्वसनीयता पर पड़ेगा, इसकी चिंता तमाम लोगों को करनी चाहिए। निश्चित रूप से न्याय की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति से बेदाग होने की उम्मीद की जाती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकरण से जुड़ी सामग्री के वायरल होने के बाद लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी, ताकि सच सामने आ सके। यदि कोई साजिश है तो उसका खुलासा हो और यदि नहीं तो न्यायिक व्यवस्था की शुचिता अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये सख्त कार्रवाई की जाए। यह एक हकीकत है कि अन्याय के विरुद्ध उम्मीद की अंतिम किरण लेकर व्यक्ति न्याय की चौखट पर दस्तक देता है। यदि ऐसे प्रकरण सच साबित होते हैं तो उसके विश्वास को धक्का लगेगा।

निस्संदेह, न्याय व्यवस्था का सवालों के घेरे में आना एक गंभीर मुद्दा है। इस घटनाक्रम से न्याय व्यवस्था पर छींटे आए हैं, उन्हें साफ करना जरूरी है। आम लोगों को विश्वास है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित जांच समिति सच को सामने लाने में पारदर्शी व निष्पक्ष कार्रवाई करेगी। लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ की शुचिता बनाये रखने के लिए यह बेहद जरूरी भी है।

निस्संदेह, न्यायपालिका का लक्ष्य सिर्फ संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना ही नहीं है बल्कि सार्वजनिक जीवन में निष्पक्षता, ईमानदारी और विश्वसनीयता के मूल्यों के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करना भी है। असल में न्यायिक व्यवस्था के प्रति आम आदमी की विश्वसनीयता बनाये रखने में सबसे अहम जिम्मेदारी स्वयं न्यायपालिका का ही है। अगर यह विश्वसनीयता भंग हुई तो फिर देश के तमाम दूसरी व्यवस्थाएं भी चरमरा जाएंगी।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# वैदिक,सनातनी शिक्षा से वैश्विक नेतृत्व

संजीव

**भारत में** प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है। भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है।

## विचार

# कैसे रूक पायेगा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण

रमेश सर्राफ धमोरा

**हमारे** देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चचाओं में बने रहते हैं। वहीं बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर अपराधिक मामले दर्ज हो रहें हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब होती जा रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीतिक दागदार हुई है। वहीं नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीतिक व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से है या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है। एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ भी होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। वह पैसे के बल पर ही चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांच सितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है। 1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रूपयों की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आता है। सबको पता है की राजनीति में आज छूट-भैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता हैं। चुनाव सुधार पर काम करने वाली एक गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानि 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं।

इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# बाबूजी की रोटी-बाबूजी कभी रिटायर नहीं हुए

डॉ. सुरेश कुमार

**बाबूजी कभी** रिटायर नहीं हुए। सरकारी दफ्तर से हुए होंगे, लेकिन घर-गृहस्थी के दफ्तर में तो आज भी वही फाइलें निपटा रहे हैं– दूध लाना, सब्जी तौलना, किराने का हिसाब रखना, बिजली का बिल भरना, और बीच-बीच में पड़ोसियों के बच्चों को जीवन के ह्यअनमोल ज्ञानह्ल बाँटना। वह ज्ञान, जिसे सुनकर बच्चे भी मोबाइल के स्क्रीन में मुँह गाड़ने का बहाना खोज लेते हैं। घर में उनकी स्थिति वही थी जो पुराने जमाने की एल्बम की होती है– कोई देखता नहीं, लेकिन फेंकता भी नहीं। रिटायरमेंट के बाद बाबूजी को परिवार में ठीक उसी तरह रखा गया, जैसे शादी के खाने में बचे हुए गुलाब जामुन– सबको पता होता है कि पड़े हैं, लेकिन कोई पूछता नहीं। "बाबूजी, आप आराम कीजिए!" यह वाक्य बहू-बेटे के प्रेम से अधिक, उन्हें किनारे करने की प्रशासनिक कार्यवाही लगती थी। बेटा प्रमोशन पाकर बिजी हो गया, बहू ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त थी और पोते-पोतियाँ इंस्टाग्राम पर स्वदेशी संस्कृति की बातें कर रहे थे। इस बीच बाबूजी अचार के मर्तबान खोलकर पुराने दिनों को सूँघते रहते थे। एक दिन बाबूजी ने ऐलान कर दिया, "आज से अपनी रोटी खुद बनाऊँगा!" यह सुनते ही घर में वही माहौल बन गया जो सरकार के नए बजट सुनने के बाद जनता में बनता है– चुप्पी, चिंता और कटाक्ष! बहू ने पानी पीते-पीते हिचकी ली, बेटा अखबार के पीछे छुप गया और पोती ने गूगल पर सर्च किया– "रिटायर्ड लोग मानसिक संतुलन क्यों खोते हैं?" दादीजी ने समझाने की कोशिश की, "अरे, खाना तो बना बनाया मिलेगा, तुम क्यों तकलीफ कर रहे हो?" बाबूजी ने मुस्कराकर जवाब दिया, "बिटिया, अब हमें तकलीफ नहीं होती, तकलीफ सहने की आदत हो गई है!" बाबूजी ने किचन में कदम रखा, तो छढ्ढ सिलेंडर भी सहम गया। तवा देख केतली से कानाफूसी करने लगा– "अबे, आज तेरा बुरा वक्त आ गया!" आटा गूंथने बैठे तो ऐसा लगा मानो बैलगाड़ी के पहिए बना रहे हों। रोटी गोल करने चले तो मानो महाद्वीपों के नक्शे बना रहे थे– कोई अफ्रीका, कोई ऑस्ट्रेलिया और कोई सीधा अंटार्कटिका! बहू हँसी दबाए बिना रह नहीं सकी, "बाबूजी, इसे रोटी कहते हैं या अजंता की गुफाएँ?" लेकिन बाबूजी मुस्कराए, "बेटी, कला तो पहचानने वाली आँखों में होती है!"

# रिवर्स हेयर वॉशिंग-शहनाज हुसैन

**हेयर** वॉश तो अमूमन सभी करते हैं, मगर क्या आपने कभी रिवर्स हेयर वॉशिंग ट्राई की है/ यदि आपके बाल अक्सर ड्राई, उलझे हुए या जल्दी ग्रीसी हो जाते हैं तो रिवर्स हेयर वॉशिंग आपके लिए काफी फायदेमन्द साबित हो सकता है / इस प्रक्रिया को प्री कंडीशनिंग भी कहते हैं/ रिवर्स हेयर वॉशिंग परंपरागत रूप से बालों को धोने से उल्टा में एक नया चलन चल है/ यह सामान्य हेयर वॉश के क्रम का उल्टा है जिसके अन्तर्गत बालों को पहले स्कैल्प से बच कर कंडीशनर से धोते हैं और और फिर शैम्पू से / कंडीशनर लगाने के बाद बालों को 5 -10 मिनट तक छोड़ना होता है। इसके बाद शैंपू लगाकर बालों को धोया जाता है। इस नई तकनीक से बाल धोने से स्कैल्प में जमे तेल और गंदगी आसानी से निकल आती है /रिवर्स हेयर वॉश से बाल कोमल और मुलायम बने रहते हैं और बालों में नमी बनी रहती है / इससे बाल हल्के और मुलायम बनते हैं/ सुस्त और बेजान बालों से परेशान है महिला इस तकनीक को अपना सकती हैं। यह तकनीक खासतौर से उन महिलाओं के लिए उपयोगी है जिनके पास पतले बाल या ऑयली स्कैल्प है। / बालों को उलझने से बचाता है और बाल बाल बाउंसी नजर आते हैं। यह काफी आसान तरीका है और आप इसे हफ्ते में एक बार इसे आजमा सकते हैं/ लेकिन इसे अपने डेली रूटीन में शामिल नहीं करें क्योंकि रोज बालों में शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करने से बालों को काफी नुकसान हो सकता है/सबसे पहले आप बाल पूरी तरह से गीले कर लीजिए क्योंकि नम या सूखे बालों पर कंडीशनर लगाने से इसे फैलाना मुश्किल होता है/ फिर आप सिरों से लेकर लेंथ तक कंडीशनर को अच्छे से अप्लाई करें/ लेकिन स्कैल्प पर लगाने से बचें नहीं तो बाल ऑयली हो सकते हैं/ ब आप कंडीशनर को 5 से 10 मिनट लगाकर रखें ताकि इसके पोषक तत्व बालों में अच्छी तरह अवशोषित हो जाएं/

कंडीशनर धोने से पहले प्राइमर की तरह काम करेगा और बालों की रक्षा करेगा ताकि शैम्पू बालों से प्राकृतिक तेल न छीन ले।

## न्यूज फ्लैश

### डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : रिपब्लिकन पार्टी** ऑफ इंडिया हरियाणा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में पूरे राज्य में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में हरियाणा के कार्यकताओं की जोरदार भागीदारी होगी। इस के लिए प्रदेशाध्यक्ष रवि कुंडली के मार्गदर्शन में कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष रवि कुंडली एवं अन्य पदाधिकारी हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह बारे विस्तार से चर्चा की। इससे पहले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से भी मुलाकात की गई।

### पोल्ट्री फॉर्म से नाबालिग लड़की लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के मूनक** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लडकी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। लडकी के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि कुछ महीने पहले एक युवक और उसकी मां ने उनकी बेटी को शादी के लिए फुसलाने की कोशिश की थी। परिजनों के मना करने के बाद भी आरोपी युवक लगातार लडकी से संपर्क में था। 26 मार्च की सुबह जब लडकी अचानक गायब हो गई तो परिजनों को शक हुआ। पूछताछ में पता चला कि आरोपी युवक ही उसे लेकर भाग गया है। नेपाल के रहने वाले पिता पिछले 10 वर्षों से करनाल जिले के बाल-राजपुतान गांव के एक पोल्ट्री फॉर्म में काम कर रहा है। उसके साथ उसकी 14 वर्षीय बेटी भी रहती थी। कुछ महीने पहले एक महिला और उसका बेटा फॉर्म पर आए थे, जो लडकी से बातचीत कर रहे थे और शादी की बात कर रहे थे। परिजनों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद 15 मार्च को फॉर्म मालिक ने उनका हिसाब कर उन्हें वहां से भेज दिया, लेकिन इसके बाद भी आरोपी युवक ने वहां काम करने वाले अन्य मजदूरों के जरिए लडकी से संपर्क बनाए रखा। लडकी के पिता ने बताया कि 26 मार्च की सुबह करीब 4 बजे उनकी बेटी अचानक गायब हो गई। पहले तो उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने युवक की मां से बात की। तब पता चला कि युवक ही उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। इसके बाद परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। मामले की शिकायत मिलने के बाद मूनक थाना पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की जांच एएसआई राजीव कुमार को सौंपी गई है। जांच अधिकारी ने बताया कि नेपाल के एक व्यक्ति ने शिकायत दी है, जिसमें उसने एक युवक पर नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है, जांच जारी है।

### प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा:आज** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा के प्रांगण मे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभ आरंभ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी लाडवा श्रीमती हरदीप कौर, लाडवा के पार्षद धर्म पाल सैनी, ललितेश शर्मा, संजीव कुमार, पूर्व पार्षद सुनील कुमार , सुषमा रानी प्रधान (एस एम सी), साइना मैंबर व अभिभावक,स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी विद्यालय से छात्र संख्या बढ़ना व सरकारी विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं को जन जन तक पहुंचना हैं। विद्यालय आगमन पर प्रधानाचार्य रामपाल सरोहा ने पुष्प भेंट कर अधिकारियों का स्वागत किया। विद्यालय की और से उपस्थित पार्षदों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

# स्वयंसेवी संगठन अब शिक्षा विभाग में सहयोग करेंगे: इंदु कौशिक

## एनजीओ की भागीदारी के लिए एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : स्वयंसेवी संगठन** अब शिक्षा विभाग में सहयोग करेंगे। शिक्षा विभाग के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में विद्यांजलि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन व सभी एनजीओ की भागीदारी के लिए एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला कुरुक्षेत्र के सभी प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापक, मौलिक मुख्य अध्यापक और मुख्य शिक्षकों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त सभी स्कूल इनफार्मेशन मैनेजर, एबीआरसी और ब्लॉक रिसोर्स पर्सन विशेष रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहा है। विद्यांजलि पोर्टल जिसमें सरकारी विद्यालयों को रजिस्ट्रेशन करना है और एनजीओ से संपर्क करके विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं और अन्य विद्यार्थियों से संबंधित सभी सुविधाओं का उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ रोहतास वर्मा प्रधानाचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र व जिला परियोजना संयोजक कुरुक्षेत्र ने किया। विद्यांजलि पोर्टल के बारे में सभी स्टाक होल्डर को बड़ी विस्तृत जानकारी दी। किस प्रकार इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना है। एनजीओज को किस प्रकार पोर्टल पर जोड़ना है। इस सभी के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने नोडल अधिकारी के रूप में कार्य किया। खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा रोहतास वर्मा ने बताया कि जब देश आजाद हुआ था उस समय देश में जनभागीदारी शिक्षा के मंदिर के प्रति बहुत अधिक थी। धीरे-धीरे लोगों ने अपनी विद्यालय के प्रति भावना को कम कर दिया और सभी लोग सरकार के ऊपर आश्रित होने लग गए। इस दृष्टि को देखते हुए भारत सरकार के द्वारा प्रयास किया गया है कि देश में बहुत सारे ऐसे व्यक्तित्व होते हैं जो शिक्षा के प्रति शिक्षा मंदिर के प्रति अपना रुझान रखते हैं। विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों के लिए मूलभूत सुविधाओं को देने के लिए तत्पर रहते हैं। ऐसी बहुत सारी संस्थाएं हैं। इसलिए विद्यांजलि पोर्टल के माध्यम से संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इसमें रजिस्ट्रेशन करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



## अवैध निर्माण रोकने को लेकर अधिकारी बरते पूरी चौकसीः उपायुक्त डॉः विरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**जिला सचिवालय** में गुरूवार को टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अवैध निर्माण को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को अवैध निर्माण रोकने के लिए ओर चौकसी बरतनी चाहिए। उपायुक्त ने जहां-जहां अवैध निर्माण की सम्भावनाएं हैं वहां पर पैनी नजर रखनी होगी। उपायुक्त ने डीटीपी को निर्देश दिए कि वे जिस क्षेत्र में कार्यवाही करने की रणनिति बना रहे हैं। इस पर कार्य करने से पूर्व सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध निर्माण को रोकने के लिए पुलिस विभाग हमेशा सक्रिय रहा है। इस अवैध निर्माण को लेकर पुलिस हर सम्भव मदद करेगी। अधिकारियों को इसमें ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरवरी, मार्च में 52 के करीब एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अवैध निर्माण रोकने के लिए जितनी पुलिस बल की आवश्यकता महसूस करते हैं।

### श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इन्द्री रोड़ स्थित** मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 28 मार्च को भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज, उपप्रवर्तिनी महासाध्वी श्री ओमप्रभा जी महाराज एवं शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज आदि साधु-साध्वी वृन्द की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं।

## झुग्गियों में लगी आग से मची अफरा-तफरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के सेक्टर-16** में वीरवार को झुग्गी-झोपडि ?ं में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरी झुग्गी बस्ती जलकर राख हो गई। झुग्गियों में रखा घरेलू सामान, बर्तन, कपड़े, पेटियां और अन्य जरूरी चीजें भी जल गई। आगजनी में एक बुग्गी भी चपेट में आ गई और पूरी तरह खाक हो गई। झुग्गियों में रहने वाले गरीब परिवारों का कहना है कि उनका सब कुछ खत्म हो गया है। अब उनके पास न रहने की जगह बची और न ही खाने-पीने का कोई साधन। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे और झुग्गियों में रह रहे परिवार अपनी जान बचाने के लिए बाहर निकल आए। राहगीर मुकेश, शुभम और अन्य लोगों ने बताया कि अचानक झुग्गियों में से धुआं उठता दिखा और कुछ ही पलों में तेज लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग पूरी झुग्गी बस्ती में फैल गई, जिससे वहां रहने वाले लोग सहम गए। आसपास के लोगों ने भी मदद करने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि किसी का कोई सामान नहीं बच पाया। झुग्गियों में रहने वाले परिवारों का कहना है कि वे रोजाना फेरी लगाकर अपना गुजर-बसर करते हैं। आग में उनका सब कुछ जल गया है, जिससे अब उनके पास कोई सहारा नहीं बचा है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द राहत दी जाए, ताकि वे फिर से अपने जीवन को दोबारा शुरू कर सकें। झुग्गियों में आग लगते ही तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाडि ?ां मौके पर पहुंची और पानी की बौछारें कर आग पर काबू पाया।
मौके पर पहुंचे ईआरवी इंचार्ज बलवान सिंह ने बताया कि आग बहुत तेजी से फैली थी, लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड ने आग को बुझा लिया। हालांकि तब तक पूरा सामान जलकर राख हो चुका था।



### समालखा में 11 करोड़ 60 लाख की बनेगी सड़के

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
विधायक मनमोहन भडाना के प्रयास से समालखा में 11 करोड़ 60 लाख की बनेगी सड़के । समालखा समालखा हल्के में 11 करोड़ 60 लाख 39 हजार रूपए की लगत से सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। सड़क निर्माण को लेकर सरकार की तरफ से मंजूरी दे दी गई है। अप्रैल माह में पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की तरफ से इन सड़कों के टेंडर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के एसडीओ शैलेंद्र भाटिया ने बताया की समालखा हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना की प्रयासों के चलते सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। अप्रैल माह में सड़को के टेंडर लगाए जाएंगे। जानकारी के अनुसार समालखा हलके में गांव से गांव को जोड़ने वाली सड़कों का बुरा हाल है। विधायक मनमोहन भड़ाना ने सड़कों का बुरा हाल देखने के बाद सरकार से मंजूरी दिलाई है। जानिए कौन कौन से सड़क बनेगी शिमला गुजरान से पसीना 196.56 लाख, गढ़ी नवाब से भल्लौर पानीपत 31.74 लाख, शिमला गुजरान से बिहोली 46.49 लाख, डाडोला से बापौली पानीपत 125.35 लाख, जीटी रोड से हल्दाना 66.04 लाख में बनेगी।

## नहर में छलांग लगाने वाले युवक का शव पांच दिन बाद मिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में जटपुरा के** पास नहर में छलांग लगाने वाले युवक विशाल का शव पांच दिन बाद घोघड़ीपुर से बरामद हुआ है। सरकारी गोताखोर कर्ण की टीम लगातार युवक की तलाश कर रही थी। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के शवगृह में भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। जटपुरा के पास 23 मार्च की शाम को अचानक एक युवक ने नहर में छलांग लगा दी थी। किसी प्रवासी ने उसे नहर में छलांग लगाते हुए देखा था। युवक ने बाइक और हेलमेट के साथ-साथ मोबाइल नहर किनारे छोड़ दिया था। आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मोबाइल के माध्यम से युवक के परिजनों को संपर्क किया।
गोताखोर कर्ण ने बताया कि युवक की पहचान शामगढ़ के 30 वर्षीय विशाल के रूप में हुई थी और वह गुरुग्राम की एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था और कुछ दिन के लिए घर आया था और उसने यह कदम उठाया। उसने सुसाइड क्यों किया, इसका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। 24 मार्च की सुबह से ही गोताखोर कर्ण की टीम ने जटपुरा के पास से सर्च ऑपरेशन शुरू किया था, लेकिन करीब दो किलोमीटर तक का एरिया खंगालने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया था।
गोताखोरों की टीम लगातार युवक की तलाश में थी। कर्ण ने बताया कि आज सुबह करीब 7 बजे घोघड़ीपुर नहर पर युवक का शव मिला, जिसके बाद युवक के परिजनों को संपर्क किया गया और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की।



## बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य एक्टीविटी में भी भागेदारी लेनी चाहियेः उपायुक्त डॉ. विरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र** कुमार दहिया ने विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष संस्थान द्वारा निभाई गई भूमिका को लेकर उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने गुरूवार को उपायुक्त कार्यालय में संस्थान के बच्चों को सम्मानित कर उनका हौंसला बढाया। उपायुक्त ने कहा कि जिन बच्चों ने मतदाता प्रहरी अभियान में अहम भूमिका निभाई उन्हें आगे भी इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। हर बच्चा प्रभावान है। उसे पढ़ाई के साथ-साथ दूसरी अन्य एक्टीविटी में भी भागेदारी करनी चाहिये। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों में अच्छा करने की प्रबल शक्ति होती है। अध्यापक व अभिभावकों के प्रबल संस्कार उनको उर्जा प्रदान करते हैं। उन्हें हमेशा सकारात्मक होकर समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर उपायुक्त ने एक दर्जन से ज्यादा बच्चों को सम्मानित किया।

### समाज सेवा ही सच्ची सेवा है : यश जालुका

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त** यश जालुका ने कहा कि समाज सेवा ही सच्ची सेवा है। समाज सेवा करने से जहां खुद को संतुष्टि मिलती है, वहीं औरों को समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। यश जालुका वीरवार को एडीसी कार्यालय में रेवाड़ी के रहने वाले साइक्लिस्ट महेश कुमार से बातचीत कर रहे थे। साइक्लिस्ट महेश कुमार का करनाल पहुंचने पर स्वागत किया और साइकिल यात्रा से संबंधित बातचीत की। एडीसी ने बताया कि साइक्लिस्ट महेश कुमार 15 जनवरी 2025 को रेवाड़ी से साइकिल यात्रा के माध्यम से अंगदान और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकले हैं।

## आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आंगनवाड़ी वर्कर** एवं हेल्पर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर जिला सचिवालय के सामने दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महिला एवं बाल विकास विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाया।
यूनियन ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। राज्य प्रधान रूपा राणा व बिजनेश राणा ने अपनी मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्स को विभाग की ओर से जो मोबाइल फोन दिए गए हैं, वे केवल 3जीबी रैम के हैं। पोषण ट्रैकर ऐप का वर्जन लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे ये फोन सही से काम नहीं कर रहे। टेक होम राशन भरते समय बेनीफिशयरी का फोटो मांगा जाता है और हर महीने वही व्यक्ति राशन लेने आए, यह शर्त लगाई गई है। लेकिन कई बार बच्चों की मां या दादी राशन लेने आती हैं, इसलिए यह नियम हटाया जाना चाहिए। वर्कर्स ने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप में केवाईसी के लिए ओटीपी की जरूरत होती है, लेकिन गरीब परिवार साइबर ठगी के डर से ओटीपी साझा करने में हिचकिचाते हैं। 100 ग्राम राशन के लिए कोई भी व्यक्ति अपना ओटीपी देना पसंद नहीं करता, जिससे काम करने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा विभाग की ओर से वर्कर्स को धमकियां दी जा रही हैं, जिससे वे मानसिक तनाव में हैं। धरने में शामिल वर्कर्स ने टर्मिनेट की गई आंगनवाड़ी वर्कर सुमन जींद को बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि खाली पड़े पदों पर जल्द भर्ती होनी चाहिए और प्रमोशन कोटे को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पीएम एमवाई का मेहनताना दिया जाए और जो वर्कर अपने आंगनवाड़ी केंद्र के अलावा दूसरे केंद्रों का भी काम संभाल रही हैं।



## गैर-कानूनी काम करने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के विधायक** जगमोहन आनंद ने कहा कि गैर कानूनी तरीकों के माध्यम से युवाओं को विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, इसके लिए हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2025 विधानसभा सत्र में पास किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रेवल एजेंटों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने और उनकी अवैध गतिविधियों की जांच और उन पर अंकुश लगाने सहित युवाओं को उनके शोषण से बचाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने से गैर कानूनी तरीके से जो युवाओं को ट्रैवल एजेंट बाहर भेजते हैं, उनके खिलाफ शिकंजा कसा जाएगा तथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक युवाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सदन में पहले भी यह विधेयक लाया गया था, परंतु तीन नए कानून आने के बाद कुछ धाराओं में परिवर्तन हुआ है, इसलिए एक बार फिर से विधानसभा में इस विधेयक को लाया गया, ताकि विधेयक में कड़े प्रावधान सुनिश्चित कर युवाओं को शोषण से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश जाने के लिए युवा अपनी जमीन तक बेच देते थे और असुरक्षित तरीके से उन्हें विदेश भेजने का काम किया जाता था। इस विधेयक के कानून बनाने के बाद ऐसी गैर कानूनी पथा पर अंकुश लगाने में सरकार को कामयाबी मिलेगी। विधायक ने कहा कि इस विधेयक में मानव तस्करी को लेकर भी प्रावधान किया गया है। अगर कोई मानव तस्करी करने में संलिप्त पाया जाता है तो दोषी को 7 से 10 वर्ष के कारावास की सजा का प्रावधान भी शामिल है। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा विदेशी सहयोग विभाग का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से युवाओं को व्यापार, नौकरी या शिक्षा के लिए विदेश में सुरक्षित भेजने का काम किया जाएगा। इस विधेयक को लाने का उद्देश्य सभी ट्रैवल एजेंट्स का पंजीकरण करवाना है, ताकि सभी एजेंट नए कानून के नियमों के तहत ही युवाओं को बाहर भेजने का काम करें और सरकार के पास भी सही जानकारी उपलब्ध हो सके।



**सख्ती**

**हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2025 विधानसभा सत्र में पास किया गया है**

## कलैक्टर रेट बढ़ाने से पूर्व अधिकारी मंथन व चिंतन करेंः उपायुक्त डॉ. विरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार** दहिया ने क्लैक्टर रेट फिक्स करने को लेकर जिले के सभी तहसीलदारों, खण्ड विकास पंचायत अधिकारियों के साथ गुरूवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में बैठक की व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि क्लैक्टर रेट को लेकर अधिकारी सावधानीपूर्वक कार्य करें। कलैक्टर रेट बढ़ाने से पूर्व अधिकारी मंथन व चिंतन करना ना भुले। कई बार यह देखने में आया है कि जहां पर क्लैक्टर रेट ज्यादा किए गए हैं वहां पर रजिस्ट्रीयों का काम रूक जाता है जिससे आम आदमी को परेशानी होती है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी क्लैक्टर रेट बढ़ाने से पहले स्थिति का आंकलन करें व उसके पश्चात ठोस निर्णय लें। बैठक में एसडीएम ब्रहमप्रकाश, एसडीएम इसराना आशीष वशिष्ढ, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीडीपीओ राकेश शर्मा, तहसीलदार अस्तीत्व शर्मा, ललिता दलाल, बीडीपीओ नितिन यादव, शक्ति सिंह, एसडीओ वीरेन्द्र मलिक, एसपीओ नवीन आदि मौजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर में केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय ने लगाई प्रदर्शनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी जी द्वारा आयोजित कमल सखी मंच हरियाणा के कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार डॉ. कुलदीप सिंह आर्य क्यूरेटर धरोहर हरियाणा संग्रहालय के द्वारा हरियाणवी प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें दूध बिलोती, धान कूटती तथा चरखा कातती महिला को महिला सशक्तिकरण के रूप में प्रदर्शित किया गया।
डॉ कुलदीप सिंह आर्य ने बताया धरोहर हरियाणा संग्रहालय की दादी मां की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी सहित कमल सखी मंच हरियाणा की सभी माननीय महिला सदस्यों ने भी दादी मां की प्रतिमा के साथ सेल्फी का आनंद उठाया। इस भव्य कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी, विधायक कृष्णा गहलावत, शक्ति रानी शर्मा, विमला चौधरी सहित बड़ी संख्या में कमल सखी मंच से जुड़ी महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम में डॉ. हरविंदर राणा के मार्गदर्शन में महिला कलाकारों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति ने समां बांध दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोहन नगर में अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुरुक्षेत्र के अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच का कार्य किया जा रहा है। इस जिले के सभी 57 अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की निरंतर जांच समय-समय पर टीम द्वारा की जा रही है। इस टीम के सदस्य उपायुक्त को निरीक्षण की रिपोर्ट नियमित रूप से भेज रहे है। अहम पहलू यह है कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशानुसार और सीएमओ डा. सुखबीर सिंह के मार्गदर्शन में मोहन नगर में एक निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया है। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के आदेशों की पालना करते हुए सीएमओ डा. सुखबीर सिंह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न विभागों टीम के साथ मिलकर मोहन नगर में एक निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस अल्ट्रासाउंड केन्द्र में सरकार के नियमानुसार सभी प्रबंध ठीक पाए गए है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएमओ डा. रमेश सभ्रवाल, अल्ट्रासाउंड का निरीक्षण करने के बाद अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है।

# किंगफिशर पर्यटन स्थल में मनाया गया वर्ल्ड टीबी डे

## हरियाणा में अम्बाला ऐसा पहला जिला है जिसमें 151 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई है

**जागरूक किया**

▶▶ 151 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं जोकि एक सराहनीय कार्य है। जो रह गई हैं, उन्हें भी टीबी मुक्त किया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिला अम्बाला में टीबी बीमारी से ग्रसित मरीज ठीक हो रहे हैं और जिले के तहत 151 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं जोकि एक सराहनीय कार्य है। जो ग्राम पंचायते शेष रह गई हैं, उन्हें भी टीबी मुक्त करने की दिशा में बेहतर तरीके से कार्य करना है। उपायुक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा किंगफिशर पर्यटन स्थल अम्बाला शहर में आयोजित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और यह अभियक्ति उन्होंने उपस्थित सरपंचों व अन्य को अपने सम्बोधन में कही। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा में अम्बाला ऐसा पहला जिला है जिसमें 151 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व पंचायत विभाग के साथ-साथ समाजिक संस्थाएं बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जो ग्राम पंचायतें शेष रह गई हैं, उन्हें भी टीबी मुक्त करने की दिशा में दोगुनी शक्ति से कार्य करना है और जिला अम्बाला को टीबी मुक्त बनाना है। उपायुक्त ने इस मौके पर यह भी कहा कि बचपन में टीबी बीमारी के बारे में यही कहा जाता था कि खून वाली खांसी जिसे होती है वह टीबी बीमारी से ग्रसित है। उस समय इस बीमारी को लाईलाज बीमारी कहा जाता था। उनके लिए बडे ही हर्ष की बात है कि उनके जीवनकाल में संभव हो रहा है कि टीबी बीमारी से बचाव करने बारे एडवांस तकनीक आ गई है, अब इस बीमारी का ईलाज बेहतर तरीके से करते हुए जो इस बीमारी की चपेट में आता है उसका ईलाज करके इस बीमारी से बाहर लाने का काम किया जा रहा है। सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने में कार्य किए जा रहे हैं, गांव-गांव में इस बारे लोगों को जागरूक करते हुए जो भी इस बीमारी से ग्रसित है उसका ईलाज करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि समय रहते इसका ईलाज करवाकर इससे निजात पाना है।
उपायुक्त ने इस मौके पर टीबी मुक्त अभियान के तहत 151 ग्राम पंचायतों को प्रशंसा पत्र व स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार करवाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कांस्य व चांदी की प्रतिमा देकर उनको सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने 138 ग्राम पंचायतों जिन्हें वर्ष 2024 के तहत टीबी मुक्त किया गया है, जिन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कांस्य वाली प्रतिमा तथा 13 ऐसी ग्राम पंचायतें जिन्हें वर्ष 2023-24 के तहत टीबी मुक्त घोषित किया गया है उन्हें चांदी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर सिविल सर्जन डा. राकेश सहल ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर व डिप्टी डायरैक्टर एवं राज्य टीबी रोग अधिकारी राजेश राजु को पर्यावरण का प्रतीक पौधा, स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर उनका भव्य अभिंनदन किया।

# डीसी कार्यलय में लगाया समाधान शिविर, सुनी समस्यायें



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविरों में प्राथमिकता के आधार पर लोगो की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगो की समस्याएं सुनी और मौके पर समाधान करवाया। नगराधीश ने सम्बंधित को निर्देश देते हुए कहा कि लोगो की समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया जाए अगर किसी समस्या का वेरिफिकेशन या

**समाधान**

▶▶ समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका नगराधीश द्वारा मौके पर ही समाधान करवाया गया

अन्य कारणों से मौके पर समाधान नही होता है तो उसका निपटान भी तय समय सीमा में सुनिश्चित करें। यहा बता दें कि वीरवार को समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका नगराधीश द्वारा मौके पर ही समाधान करवाया गया। अधिकांश शिकायतें परिवार पहचान पत्र व पेंशन से संबंधी थी।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का जल्द होगा अपना न्यूज पेपर: प्रो.महासिंह पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र का जल्द ही अपना न्यूज पेपर होगा, इसके लिए जोर-शोर से कार्य चल रहा है, ये जानकारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग एवं जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय जल्द ही एक न्यूजपेपर का प्रकाशन करने जा रहा है जो द्विकेयू न्यूज लैटरह्व के रूप में प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहा हैं जिसके लिए एक कमेटी बनाई गई है। संपादकीय, फीचर, फोटोग्राफी, कार्टून, कहानी, संस्मरण, कैंपस डायरी, न्यू बुक अराइवल, प्रोफेसर, एलुमनी, स्टूडेस एचीवर साक्षात्कार, मार्केट न्यूज, पुस्तकालय, विश्वविद्यालय की मासिक गतिविधियां, स्पोर्टस, सांईस एंड रिसर्च, एनसीसी एंड एनएनएस कैंपस प्रोग्राम, यूथ एंड कल्चरल वैलफेयर प्रोग्राम, हैल्थ सेंटर न्यूज, टीचिंग एंड नॉन-टीचिंग न्यूज, एलुमनाई एंड प्लेसमेंट, स्टोरी टेलिंग एंड पॉडकास्टिंग न्यूज, छह क्लबों की गतिविधियां, ग्रीन कैंपस व क्लीन कैंपस इत्यादि सम्मिलित हैं।

# ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ कुरुक्षेत्र के शमशेर पाल बने प्रचार सचिव

**नियुक्ति**

▶▶ बैठक में सर्वप्रथम गुजिया के साथ संघ के पदाधिकारियों का मुंह मीठा करवाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी वालिया, प्रदेश उपाध्यक्ष देसराज भटनागर, प्रदेश मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया व प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर मलिक के निर्देशन में संघ कार्यालय कुरुक्षेत्र सेक्टर-17 नजदीक पुराना बस स्टैंड के पास संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गुजिया के साथ संघ के पदाधिकारियों का मुंह मीठा करवाया गया। इसके उपरांत जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक द्वारा जिला कार्यकारिणी में शमशेर पाल को प्रचार सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपप्रधान देसराज भटनागर, मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, जिला महासचिव गुलशन ग्रोवर ने नवनियुक्त सदस्य को बधाई व शुभकामनाएं दी। ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी वालिया ने बैठक में नए सदस्य की घोषणा करते हुए कहा कि आशा है नवनियुक्त जिला प्रचार सचिव निष्ठा व मेहनत से संघ के हित में कार्य करेंगे और संगठन में समान विचारधारा वाले पत्रकारों को जोड़ने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे और पत्रकार एकता संघ को प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए जिलाध्यक्ष व ब्लॉक स्तर पर भी नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की बात कही और संघ को मजबूत करने के प्रयास बारे में कहा गया। इसके साथ-साथ कहा गया कि प्रदेश के पत्रकारों की समस्याओं को सरकार से अवगत करवाया जाएगा और उन्हें हल करवाने का भी प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के प्रदेश उपप्रधान डीआर भटनागर,मुख्य संरक्षक दलबीर मलिक, मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया के अलावा ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ कुरुक्षेत्र जिला के प्रधान सुरेन्द्र कौशिक, महासचिव गुलशन ग्रोवर, उपप्रधान संजीव कुमार, सचिव अजय शर्मा, संगठन सचिव अनिल वर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार कौशिक, ऑडिटर राजेश भटनागर, प्रचार सचिव हरिदास, कुलवंत सिंह बग्गा, अरविंद मोहन शर्मा व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# महायज्ञ के दौरान गोली चलाने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने केशव पार्क में महायज्ञ के दौरान गोली चलाने के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने केशव पार्क में महायज्ञ के दौरान गोली चलाने के आरोपी जयदीप उर्फ देव वासी कासंडी जिला सोनीपत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण



शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि दिनांक 22 मार्च को पुलिस को दी अपनी शिकायत में आशीष वासी लखनऊ यूपी ने बताया कि वह आश्रम में

**काबू**

▶▶ वहां मौजूद स्वामी के सुरक्षा कर्मियों ने जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर गोली चला दी

रहकर पढाई करता है। वह अपने मित्र आकाश व शोरण के साथ कुरुक्षेत्र में स्वामी हरीओम महाराज के 1008 कुंडीय जनकल्याण यज्ञ में आया था। 18 मार्च से 27 मार्च तक केशव पार्क में चलने वाले यज्ञ की व्यवस्था स्वामी हरीओम महाराज द्वारा की जा रही है। दिनांक 22 मार्च को वह अपने पंडित साथियों के साथ सुबह 4 बजे से 8 बजे तक यज्ञ करने के बाद वह सभी सैनी धर्मशाला में नाश्ता करने गए थे। नाश्ते की शिकायत को लेकर जब वो सभी स्वामी हरीओम के पास गए और नाश्ते की शिकायत करने लगे तो वहां मौजूद स्वामी के सुरक्षा कर्मियों ने जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर गोली चला दी।

# विधायक के प्रयास से चुलकाना रोड सहित 15 सड़कों के निर्माण को मिली हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**प्रदेश** सरकार द्वारा राज्य सडक योजना के अंतर्गत समालखा से चुलकाना रोड सहित विधान सभा क्षेत्र मे कुल 15 सडको के निर्माण को हरी झंडी दी गई है,जिनके निर्माण के लिए 11 करोड़ 60 लाख 39 हजार रूपए की अनुमानित धन राशि मंजूर की गई है। जानकारी देते हुए समालखा पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ शैलेन्द्र भाटिया ने बताया कि यह सब विधायक मनमोहन भड़ाना के अथक प्रयासो से हुआ है। उन्होने बताया कि विधायक के प्रयास से लाखो श्रीश्याम श्रद्धालुओ की आस्था का केंद्र बने चुलकाना धाम तक समालखा से चलकाना रोड के निर्माण के लिए 2 करोड 49 लाख 14 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। इसके अलावा विधान सभा क्षेत्र की 14 अन्य सडके भी बनाई जाएगी,जिनमे 1 करोड 96 लाखा 56 हजार रूपए से शिमला गुजरान से पसीना कलां,शिमला गुजरान से बिहोली रोड पर 46 लाख 49 हजार,गढी नवाब से भल्लौर 31 लाख 74 हजार,डाडौला से बिहोली रोड पर 1 करोड 25 लाख 35 हजार,जीटी रोड से हल्दाना रोड 66 लाख 4 हजार,नामुंडा अप्रोच रोड पर 31 लाख 96 हजार,ढोडपुर से नारायणा रोड 68 लाख 94 हजार,गोयला कलां से मिजार्पुर रोड 49 लाख 13 हजार, देहरा अप्रोच रोड 22 लाख 65 हजार,जीटी रोड से करहंस गांव तक की सडक पर 34 लाख 27 हजार,ढींढार गांव से आहुलाना रोड 91 लाख 94 हजार,जीटी रोड से झट्टीपुर गांव तक 19 लाख 40 हजार,जीटी रोड सिवाह से नुरपुर मुगलान रोड 48 लाख 86 हजार व गांव शहर मालपुर से जौरासी से होते हुए गढी छाज्जू गांव तक की सड़क के लिए 77 लाख 92 हजार रूपए की राशि स्वीकृत हुई है।

# चाकुओं से गोदकर की महिला डाक्टर की हत्या

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में महिला डॉक्टर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दस घंटे तक महिला का शव क्लीनिक के ऊपर कमरे में ही पड़ा रहा। बुधवार रात परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो वहां डॉक्टर का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। घटना बल्लभगढ़ की विष्णु कॉलोनी की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान डॉ. प्रियंका (34) के रूप में हुई है। पूजा ने बताया कि बहन प्रियंका और मेरी शादी एक ही घर में हुई थी। प्रियंका की हत्या उसके पति लख्मी चंद और मेरे पति भगत सिंह ने की है।

# संगीत वाद्य चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भगवान परशुराम कॉलेज में संगीत विभाग के द्वारा संगीत विभागअध्यक्ष डॉक्टर रमा शर्मा के निर्देशन में "संगीत वाद्य चित्रकला प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया । जिसमें प्रतिभागियों ने संगीत वाद्य यंत्रों की रचनात्मकता और सौंदर्य को अपने कला के माध्यम से चित्रित किया । इस आयोजन के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल शर्मा रहे , सबसे पहले डॉक्टर रमा शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संगीत और कला के बीच संबंध को प्रदर्शित करना था




। जहां विद्यार्थियों ने न केवल वाद्य यंत्रों के रूप और स्वरूप को दिखाया बल्कि अपनी भावनाओं और सांस्कृतिक महता को भी अपनी चित्रकला के माध्यम से व्यक्त किया । इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम संगीत और कला के बीच संबंध को और मजबूत कर सकते हैं, साथ ही यह युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। इस प्रकार की प्रतियोगिता हमारे

**चित्रित किया**

▶▶ प्रतिभागियों ने संगीत वाद्य यंत्रों की रचनात्मकता और सौंदर्य को अपने कला के माध्यम से चित्रित किया

समाज में कला और संस्कृति को बढ़ावा देते हैं । कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल शर्मा ने कहा कि संगीत और कला दोनों ही हमारी संस्कृति और अभिव्यक्ति के महत्वपूर्ण अंग है। संगीत वाद्य यंत्रों पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता एक अद्भुत पहल है, जो हमें इन दोनों रूपों को जोड़ने का अवसर प्रदान करती है।

# 90 बच्चों को मिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र में स्काउट प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र, तारा देवी (जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश) में अंबाला के प्राईमरी कक्षाओं के बच्चों का पांच दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण के शिविर का समापन हुआ। भारत स्काउट और गाइड के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र, तारा देवी में प्राईमरी कक्षाओं के बच्चों का प्रशिक्षण हुआ हो और यह गौरव जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अंबाला, सुधीर कालड़ा की अगुवाई में अंबाला जिला के प्राइमरी स्कूलों के 90 बच्चों को हासिल हुआ है। इन 90 बच्चों के साथ-साथ इनको



पढ़ाने वाले 13 अध्यापक-अध्यापिकाओं को भी प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के समापन दिवस के मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा स्वयं राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र तारा देवी के प्रांगण में बच्चों के बीच पहुंचे और बच्चों व अध्यापकों का उत्साहवर्धन किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को अपने बीच पाकर कर बच्चों और अध्यापकों की खुशी का कोई ठिकाना न रहा। इस अवसर पर बच्चों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा से प्रशिक्षण शिविर के अपने अनुभवों सांझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में उन्हें बहुत कुछ

**संपन्न**

▶▶ अंबाला के प्राईमरी कक्षाओं के बच्चों का पांच दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण के शिविर का समापन हुआ

नया सीखने को मिला है। उन्हें ऐसे कई मित्र मिले हैं जिन्हें वह पहले जानते भी नहीं थे। यहां रहकर और यहां के पर्यावरण को देखकर उन्हें प्रेरणा मिली है कि उन्हें भी अपने स्कूलों व गांवों में हरे भरे पौधे लगाने चाहिए। यहां रहकर उन्हें अनुशासन में रहने की भी सीख मिली है। यहां वे बिना माता-पिता के निर्देशों के समय पर जागते हैं और समय पर सोते हैं। यहां रहते हुए उन्हें कभी टीवी और मोबाइल की भी याद नहीं आई। बच्चों ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनके रहने और खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट के सिद्धांत हमें देश का एक अच्छा नागरिक बनने में सहायता करते हैं क्योंकि एक स्काउट हमेशा समाज और देश की सेवा के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने बच्चों और शिक्षको का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशिक्षण शिविर की समाप्ति के बाद जब वह अपने स्कूलों और गांवों में पहुंचे तो लोगों को

# शत प्रतिशत रहा चंदन बाल विकास स्कूल आट्टा का वार्षिक परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**खंड** के गांव आट्टा स्थित चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल द्वारा बृहस्पतिवार को कक्षा नर्सरी से 9वीं व 11वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रैस को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक स्कूल का परिणाम शत - प्रतिशत रहा। सभी कक्षाओ मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इतना ही नही साल भर पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराने वाले 39 विद्यार्थियों के अलावा शिक्षिका सुषमा देवी व अरुणा को भी पूर्ण उपस्थिति का पुरस्कार दिया गया। प्रधानाचार्य



अनिल कुमार द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।
इससे पहले प्रार्थना सभा के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे भाषण, कविताएं नाटक, कहानी, गीत, नृत्य व अन्य प्रेरक प्रसंग शामिल रहे। शिक्षिका हरजीत कौर की देखरेख में छात्रा प्रिया व वंशिका द्वारा शानदार मंच संचालन किया गया।
इस मौके पर डॉक्टर श्वेता,सुरेंद्र, खेल शिक्षक विकास, सुरेन्द्र प्रवीण कुमारी, रीटा, पूजा देशवाल, रीना व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# हिन्दू-सिक्ख एकता के प्रतीक चैत्र चौदस मेले में सभी का हार्दिक स्वागत: कपिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा : मेला** प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में वीरवार 27 मार्च को चैत्र चौदस मेले का शुभारंभ हो चुका है, जोकि 29 मार्च 2025 तक चलेगा। एसडीएम ने चेत्र चौदस मेले के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि चैत्र चौदस मेला हिंदु-सिक्ख एकता का प्रतीक है, जिसमें देश भर से लोग अमावस के अवसर पर स्नान करते हैं तथा अपने पित्रों की आत्मा का शांति के पिंडदान व पूजा-पाठ करवाते हैं। एसडीएम ने कहा कि चैत्र चौदस



मेले के पहले दिन भारी संख्या में लोग मेले में पहुंच रहे हैं तथा आगामी दो दिनों में लगभग पांच लाख से भी अधिक लोगों की मेले में पहुंचने की संभावना है। एसडीएम कपिल कुमार ने वीरवार को बाल भवन में बने सूचना प्रसारण केंद्र में चेत्र चौदस मेले का विधिवत रूप से उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात चैत्र चौदस मेले का धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्व है। कुरुक्षेत्र की परीधि में पडने.वाले तीर्थों में सर्वाधिक महत्व पृथुदक तीर्थ का माना गया है। वामण पुराण के अनुसार वेन के पुत्र पृथु के नाम से इस तीर्थ का नाम पृथुदक हुआ। राजा वेन धर्म से विमुख हो गया था, जिस कारण ऋषियों ने उसे श्राप देकर मार दिया था। फिर उसके शरीर का मंथन किया गया, जिससे भगवान विष्णु के नौंवे अंश पृथु पैदा हुए। राजा पृथु ने जिस स्थान पर अपने पितरों को उदक यानि जल दिया, वह स्थान पृथु-उदक यानि पृथुदक नाम से प्रसिद्ध हुआ।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इस तीर्थ में स्नान का अति महत्व माना गया है। यहां स्नान करने से सारे पाप नष्टद्द हो जाते है तथा व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ की फल की प्राप्ति के साथ-साथ स्वर्गलोक भी प्राप्त हो जाता है। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि चैत्र-चौदस मेला देश के सभी लोगों का मेला है। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेले में आते हैं तथा परपंरागत तरीके से अमावस के समय स्नान करते हैं। चैत्र चौदस मेले के साथ लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए मेला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए डयुटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

# पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ जनकल्याण कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के** केशव पार्क में 18 मार्च से चल रहा 1008 कुंडीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ पूणार्हूति के साथ संपन्न हुआ। सम्पन्न अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु महा यज्ञ में भाग लेने पहुंचे। 18 से 27 मार्च तक चले इस 10 दिवसीय महायज्ञ में हर रोज एक मंत्रोच्चारण के बीच लाख आहुतियां डाली जाती रही। महायज्ञ के अंतिम दिन पर्यावरण एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा भी महायज्ञ में पहुंचे और उन्होंने भी आहुति डाली। 10 दिनों तक लगातार मुख्य यजमान रहे साहिल सुधा और सुगंधा सुधा ने पूणार्हूति डाली।



इसके उपरांत मुख्य मंच पर दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मुख्य मंच पर स्वामी हरिओम दास ने 17 सितंबर को यज्ञ दिवस घोषित करने और कुरुक्षेत्र को यज्ञ धाम बनाने की सरकार से मांग भी की। महायज्ञ के समापन पर यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम ने एक-एक श्रद्वालु का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में इस महायज्ञ के आयोजन से कुरुक्षेत्र धरा की पहचान देश-दुनियां में और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि महायज्ञ के कारण पर्यावरण शुद्ध होता है। इसलिए वे हर घर यज्ञ, घर घर यज्ञ मुहिम को चला रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हकेंवि में चार वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में दाखिले लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है। विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम में दाखिले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जा रहे नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) -2025 के आधार पर करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं के लिए चार वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम एक अच्छा विकल्प है। शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने बताया कि चार वर्षीय इंटीग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में दाखिले के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दिलीप पटेल ने बताया कि एनटीए की ओर से एनसीईटी -2025 की परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि 31 मार्च, 2025 कर दी गई है।

### सभी के सहयोग से हो रहे हैं विकास कार्य । मदनलाल चोपड़ा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) समालखा** पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से प्रधान मदन लाल चोपड़ा की अध्यक्षता में सभी भाइयों ने मिलजुल के शिवपुरी धाम की लोहे की चंदर को बदलने के लिए 91550 रुपए इकट्ठा किए थे । इस मौके पर मदन लाल चोपड़ा ने बताया की उसमें से 85500 रुपए खर्च किए हैं एक साइड की नई चद्दर बदल दी है । और दोनों शैडो की रिपेयरिंग भी करवा दी है और पानी का पत्नला भी लगवा दिया है । और जो पुरानी लोहे की चंदर 21 हजार रुपए की कबाड़ियों को दी थी वह शिवपुरी धाम में दफ्तर को बड़ा करने के लिए लेटर के लिए दे दिए हैं । जो कि दफ्तर बड़ा किया जाएगा सभी भाइयों का धन्यवाद और जिस भाई ने शिवपुरी धाम में जाकर चेक करना हो तो वह जाकर देख सकता है । मदन लाल चोपड़ा ने आगे कहा की सभी भाइयों के सहयोग से विकास कार्य हो रहे हैं।

### पीएमएवाई-शहरी योजना से जरूरतमंदों को मिलेगा किफायती आवास: डीसी

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त** डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन में जरूरतमंद पात्र नागरिकों के आवास के सपने को साकार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह योजना शहरी क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस योजना के तहत सस्ते और किफायती घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे शहरी गरीबों को सुरक्षित और स्थायी आश्रय मिल सके। यह योजना गरीबों के लिए सिर्फ एक छत देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का भी एक प्रयास है। डीसी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मानजनक और सुरक्षित आवास प्रदान करना है, जिससे वे बेहतर जीवन यापन कर सकें।

**इस तरह रहेगी आवेदन प्रक्रिया**

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र लाभार्थी पीएमएवाईएमआईएसडॉटजीओवीडॉटइन/पीएमएवाईएमआईएस2-2024/ पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। आवेदन के लिए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण व अन्य जरूरी दस्तावेजों होने जरूरी हैं। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से आवेदन कर सकते हैं। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए स्थानीय नगर निगम व नगर पालिका कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे विद्यालयों के विद्यार्थी: माफी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : थानेसर नगर** परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी प्रतिभा के धनी हैं। सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। वह वीरवार को गांव देवीदासपुरा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए बोल रही थी। उन्होंने कहा कि होनहार विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में भी हर सुविधा मुहैया



करवाई जा रही है। आज सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के पास भी बड़ी-बड़ी लैब और हर आधुनिक उपकरण उपलब्ध है। विद्यालयों में अनुभवी शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत नई पीढ़ी को कुशल बनाने में जुटे हुए हैं। वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता करते हुए जिला परियोजना अधिकारी रोहतास वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को कुशल बनाने के लिए एनईपी से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश भर में पीएम श्री स्कूल बनाकर विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। सरकार की ओर से विद्यालयों में आधुनिक उपकरण मुहैया करवाए जा रहे हैं। इससे विद्यालयों में शिक्षा का माहौल बन रहा है और विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। प्रधानाचार्य सुनीता सागवाल ने विद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 130 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पदक जीते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां भी दी गई। उन्होंने वार्षिकोत्सव में पहुंचे अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता मलकीत सिंह,मुख्याध्यापक राजपाल, मनोज, शुभद्रा, अमृत कौर, नीरज आश्री, प्रियंका शर्मा, मीनू, अनिता, डा. विजेंद्र सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रोफेशनल कम्युनिकेशन स्किल्स पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग सेल द्वारा बुधवार से दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। प्रोफेशनल कम्युनिकेशन स्किल्स पर केंद्रित यह कार्यशाला विद्यार्थियों की संचार क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में प्रो. पीजे फिलिप विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ का संचालन प्रो. पीजे फिलिप ने प्रतिभागियों को पेशेवर सेटिंग्स में संवाद सुधारने के लिए व्यावहारिक टिप्स प्रदान किए। प्रो. फिलिप ने मौखिक और गैर-मौखिक कौशल, प्रभावी सुनने और बातचीत में आत्मविश्वास बढ़ाने के तरीको पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण सेल के निदेशक प्रो. विकास गर्ग ने कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने पेशेवर दुनिया में संवाद कौशल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को सीखने के अवसर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में डॉ. स्नेहसता ने मंच का संचालन किया।

# 30 मार्च को परशुराम पार्क, खरखौदा में होगा पंचायत का आयोजन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदाः विधानसभा** खरखौदा गोहाना में 30 मार्च को होने वाले विरोध प्रदर्शन में शामिल होगी परशुराम पार्क , खरखौदा एक में 1. 1. 2. 3. 4. 5. 6. 7. 8. 9. 1 ... आयोजित की जाएगी। इस पंचायत को विभिन्न में सफल बनाने के लिए राष्ट् अभियान प्रयास किया जा रहा है , जिसमें पुनर्स्थापना में भी इस मामले को लेकर भारी रोष देखने को मिल रहा है बरोना , खुर्मपुर , पाई , इसादपुर , किधौली , सोहटी , गोदाम , कुंडल , सैदपुर , चौधरीपुर , जटोला , पिपली और गोपालपुर लोगों को पंचायत में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान विकेश दहिया ने कहा, 'राष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान, एकमत एकमत कह रहे हैं कि।' खरखौदा गोहाना में शामिल करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना जनता की राय के यह फैसला लिया जा रहा है , जो सही नहीं है। पंचायत में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी और इस फैसले के खिलाफ आलिम आंदोलन की आराधना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आतिथ्य ने कहा है कि अगर प्रशासन ने अपनी सीमाओं को अनसुना कर दिया तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# छात्र पुस्तकों के अभाव में ना रहे शिक्षा से वंचित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )**
**पुस्तकों के अभाव में कोई** जरूरतमंद छात्र शिक्षा से वंचित ना रहे ।सभी छात्र पुस्तकों की चिंता ना करे अग्र नारी शक्ति संस्था उनको उनसे आगे की कक्षा वाले छात्रों से पुस्तके लेकर उन जरूरतमंद छात्रों उपलब्ध कराने की हर संभव कोशिश करेगी ।ये शब्द अग्र नारी शक्ति संस्था की संस्थापक डॉ अर्चना गुप्ता ने अपने सेक्टर 24 स्थित एक निजी गार्डन निधिवन में संस्था की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहे। बैठक में सुनीत गोयल,रेनू मित्तल, उर्वशी गोयल, रमा गोयल, शिवा गोयल, भावना जैन,किरण जिंदल,सरिता गोयल तथा मानवी बंसल मौजूद



रही। बैठक में पुरानी पुस्तके संगृहीत करने की जिम्मेदारी मानवी बंसल तथा सरिता गोयल लगाई गई।डा अर्चना गुप्ता ने बैठक में कहा कि जो छात्र अपनी कक्षा पास करके अगली कक्षा में चला जाता है उसकी जो उस कक्षा की पुस्तकों को रद्दी के भाव बेच देता है जिससे से उसको कोई ज्यादा लाभ नहीं मिलता है यही वही वह छात्र अपनी पुरानी पुस्तके अग्र नारी शक्ति संस्था को दे देते हैं वो किसी जरूरतमंद छात्र की मदद कर सकते है।जो एक पुण्य का काम करते है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद छात्र को अपनी पुस्तके उपलब्ध कराकर आपको एक असीम संतुष्टि मिलेगी।सही अर्थों में आप शिक्षा का दान कर रहे ही जो सबसे बड़ा दान है। डा अर्चना गुप्ता ने अगली कक्षा में पदोन्नत छात्रों से अपील की कि जरूरतमंद छात्रों के हित को ध्यान रखते हुए अपने पुरानी पुस्तके अग्र नारी शक्ति संस्था को सौंप दे ताकि अग्र नारी शक्ति उन पुस्तकों को जरूरतमंद छात्रों को उपलब्ध करा देगी। डा अर्चना गुप्ता ने बताया पुरानी पुस्तके देने वाले छात्र एवं पुरानी पुस्तके लेने वाले छात्र,9896471555 पर संपर्क करे। डा अर्चना गुप्ता ने आगे बताया कि संस्था अपनी तरफ से नोट बुक तथा पेन पेंसिल नई उपलब्ध करवाएगी ।

# प्रशासन की कार्यशाली पूरी तरह से जनता को समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह की दूरगामी सोच का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। जनता समाधान शिविरों का जिले व उपमण्डल स्तर पर आयोजन होने से लोगों की समस्याओं का ततकाल समाधान हो रहा है। सरकार का यह ठोस कदम नागरिकों के लिए रहाहत प्रदान करने वाला साबित हो रहा है। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय सभागार में शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिस प्रकार से नागरिक गर्मी के मौसम में रोजाना अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं उससे उन्हें



बड़े स्तर पर शिविर का लाभ मिल रहा है। उपायुक्त ने कहा कि आम जन की समस्याओं के ततकाल हो रहे समाधान से आमजन को इस बात का एहसास हो गया है कि प्रशासन उनके साथ है व अपने कर्तव्य का पालन करके अधिकारी समस्याओं के समाधान को लेकर ठोस कदम उठा रहे हैं। यही बजह है कि समाधान शिविर में रोजाना बड़ी संख्या में जरूरतमंद पहुंच रहे हैं। समस्याओं के तत्परता से हो रहे समाधान से नागरिकों की जीवनशैली में बड़े स्तर पर बदलाव दिखाई पड़ रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस चुनौतीपूर्ण कार्य में समन्वय स्थापित करके जनता की समस्याओं का समाधान करें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारी बेहतर संवाद स्थापित करके समस्याओं का समाधान करें व अपने प्रदर्शन में किसी भी तरह की ढिलाई ना बरते। जरूरतमंद के साथ अच्छे संवाद से आम जन संतुष्टद्द व प्रभावित है। अच्छे संवाद से अधिकारी व जरूरतमंद भी कर रहे अच्छा फिल। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की समस्याओं के कम से कम समय में हो रहे समाधान से आम नागरिक सशक्त बन रहे हैं। जिले की जनता इसे पूरी तरह स्वीकार कर रही है।

# बरसात के मौसम से पहले पूरा हो ड्रेन नंबर 6 का काम : निखिल मदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : बुधवार को** हरियाणा विधानसभा के प्रश्न काल में सोनीपत विधायक निखिल मदान ने शहर के बीचों बीच से गुजर रही रही ड्रेन नंबर 6 को ढकने के कार्य का मुद्दा उठाया। निखिल मदान ने कहा कि शहर के बीच से गुजर रही ड्रेन नंबर 6 को ढकने का कार्य बीच में रुका हुआ है। उनकी सरकार से यही मांग है कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए ताकि बरसात के मौसम से पहले शहर वासियों को सीवरेज ओवरफ्लो और जलभराव जैसी समस्याओं से निजात मिल सके।विधायक ने कहा कि शहर के बस स्टैंड परिसर और कई पुरानी कॉलोनियों में ड्रेन का जल स्तर बढ़ने से दूषित जल भराव की समस्या पैदा होती है। बरसात के समय यह समस्या और बढ़ जाती है। निखिल मदान ने कहा कि पूर्व में ड्रेन नंबर 6 को ढकने के लिए 96 करोड़ रु का बजट जारी किया गया था और वर्ष 2020 में यह कार्य शुरू हुआ था। लेकिन अब वो बजट खत्म हो चुका है और एजेंसी द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि निर्माण कार्य कर रही एजेंसी द्वारा ड्रेन नंबर 6 पर बनी विभिन्न पुलिया पर सीवरेज लाइनों के कनेक्शन नहीं किए गए हैं । उनकी यही माँग है कि इन सीवरेज लाइन को जल्द से जल्द ड्रेन से जोड़ा जाए।

# सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का हुआ शानदार समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन ) आर्य पीजी कॉलेज** पानीपत की राष्ट्रीय सेवा ईकाई द्वारा यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर आयोजित सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का आज वीरवार को शानदार समापन हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया व योग के महत्व को जाना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध योग प्रशिक्षक जसमेर सिंह व अतिथि के रूप में योगासन चैंपियन जसबीर सिंह ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो.




विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को सात दिवसीय विशिष्ट शिविर के शानदार समापन पर बधाई दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र व बेस्ट एनएसएस वालंटियर को सराहना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय विशिष्ट शिविर के दौरान समाज में जागरूकता लाने का जो प्रयास स्वयंसेवकों व अध्यापकों ने निःस्वार्थ भाव से किया है वह सराहनीय कदम है व इससे समाज में एक नई सोच पैदा होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता लाकर बललाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित करने का सशक्त माध्यम हैं। अपनी प्राचीनतम विरासत योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का नियमित और निरंतर अभ्यास कर शरीर को निरोगी बना सकते हैं। शिविर में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली जीने में योग की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक जसमेर सिंह व जसबीर सिंह ने विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया। उन्होंने शिविर में विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के बारे में सुझाव दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने तनाव मुक्ति और एकाग्रता के लिए योग आसनों का प्रदर्शन करके दिखाया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। इसके जरिए व्यक्ति, समाज एवं विश्व को कल्याण के मार्ग पर ले जाया जा सकता है और साथ ही योग अपनाकर स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।सात दिवसीय विशिष्ट शिविर समापन के अवसर पर स्वयंसेविका गुंजन और नेहा ने योग के अलग अलग आसनों को प्रदर्शित कर अपने हुनर की प्रस्तुति दी।

# स्वैच्छिक सहयोग से हर्बल ऑक्सीजन बाग बनाने का काम जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सुगरमिल पानीपत में एमडी मनदीप कुमार के मार्गदर्शन में और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के स्वेच्छिक सहयोग से हर्बल ऑक्सीजन बाग बनाने का काम जोरो पर है। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार के हरित अभियान व स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत सैकड़ो औषधीय पौधे, फलदार, छायादार, और बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधे रोपित किए जा चुके हैं। आज



अमरूद, जामुन, अंजीर, आड़ू, गूलर के 11 पौधे हर्बल ऑक्सीजन बाग में रोपित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमडी सुगरमिल मनदीप कुमार ने कहा कि ने कहा कि सुगरमिल पानीपत में प्रतिदिन सैकड़ो किसान व नागरिक काम के सिलसिले में प्रतिदिन आते जाते रहते हैं इसी के ध्यानार्ध सुगरमिल पानीपत में हर्बल ऑक्सीजन बाग के निर्माण का कार्य लगातार जारी है।

# भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता है: भास्कर









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: श्रीमद भागवत** कथा ज्ञान यज्ञ का जहांगीरपुरी जे ब्लॉक गुरूदारे के सामने वाले पार्क में आयोजन किया जा रहा है। आपको बातदें कि इस कथा का आयोजन जहांगीरपुरी आई जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर के साथ अनिल कुमार, नवीन कुमार, दिनेश मिश्रा के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कथा व्यास प्रमोद कृष्ण भारद्वाज शास्त्री ने कहा कि सभी को कथा का ध्यान से श्रवण करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को जीवन में उतराना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति को भक्ति की अनुभूति होती है।
व्यक्ति के अन्दर भक्ति भाव जागृत होता है, इसलिए सभी को ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करना चाहिए। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने कहा कि श्रीमद्भागवत हमें जीवन जीने की कला सिखाती है और हमें भक्ति, ज्ञान, और वैराग्य की ओर ले जाती है।
साथ ही भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता है और भगवान के प्रति भक्ति गहरी होती है। इसलिए सभी प्रभु की भक्ति करें।
इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## बजट में व्यापारी वर्ग से लेकर आम लोगों का भी रखा गया ख्याल: रेखा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 27 साल बाद दिल्ली में बहुमत से आई भाजपा सरकार ने अपने पहले ही विधानसभा के वित वर्ष में दिल्ली वालों के लिए खुल कर खजाना खोला है। दिल्ली में रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में विधानसभा में वित वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख करोड रूपए का बजट पेश किया है, जो कि पूर्व की केजरीवाल सरकार के वित वर्ष 2024-25 के बजट से लगभग 31 प्रतिशत ज्यादा है। इस मौके पर बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झडोदा वार्ड से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस मेगा बजट में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के मेनिफेस्टों की झलक साफ देखने को मिली। इसके साथ ही इस बजट में महिलाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही शिक्षा और स्वास्थ के लिए भी अच्छा खासा बजट दिया गया है। जबकि पूर्व केजरीवाल सरकार के बजट से काफी ज्यादा बढ़ाकर पेश किया गया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने हर बार के चुनाव में दिल्ली में यमुना की सफाई को लेकर मुद्दा जोरों-शोरों से उठाया था लेकिन यमुना की सफाई पर कभी भी ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना का साफ व स्वच्छ बनाने के लिए 500 करोड का बजट पास किया है। जिससे की जहां एक ओर तो यमुना स्वच्छ होने से वातावरण भी स्वच्छ रहेगा इसके साथ ही यमुना भी पावन बन सकेगी।

## थाना अध्यक्ष को भोजपुरी सेवा समिति ने किया सम्मानित





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदर्श नगर के** थाना अध्यक्ष विश्राम मीणा को भोजपुरी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि आदर्श नगर इलाके में कुछ दिन पूर्व एक बहुत बड़ी चोरी का मामला सामने आया था। पीड़ित पंकज भरेजा ने अपने बयान में बताया कि उनके यहां काम करने वाले घरेलू सहायक ने इस वारदात को अंजाम दिया है। इस पर तुरंत थाना अध्यक्ष विश्राम मीणा ने पूरे मामले की जानकारी उत्तर पश्चिम जिले के उपायुक्त भीष्म सिंह को दी। पुलिस उपायुक्त ने तत्काल ही थाना अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिस पर की एक टीम का गठन किया तथा बिहार के लिए रवाना किया गया।
पुलिस टीम ने छापा मारकर मामले में आरोपित नागेंदर चौधरी को चोरी के आभूषणों के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस उपयुक्त भीष्म सिंह का विशेष योगदान रहा। उनकी रणनीति काम आई और आरोपित सलाखों के पीछे पहुंचा। विशेष बात यह रही की इस वारदात में लगभग सभी चोरी के आभूषण और नगदी बरामद किए गए।
जिले की पुलिस ने सराहनीय कार्य किया जिसके लिए भोजपुरी सेवा समिति उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज भरेजा, सचिव कन्हैया कुमार, सचिव महावीर त्रिपाठी, कैमरामैन मेही लाल यादव तथा गोनू कुमार झा आदि मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष को श्री राम जी की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। उन्हें अंग वस्त्र, फूलों का गुलदस्ता तथा तुलसी भी भेंट किया गया।
थाना अध्यक्ष विश्राम मीणा ने आए हुए सभी पदाधिकारी का आभार प्रकट किया।

## पीएम ने जापान कॉर्पोरेट कार्यकारी संघ से मुलाकात की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने अपने आवास पर पर केइजाई दोयुकाई (जापान कॉर्पोरेट कार्यकारी संघ) के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केइजाई दोयुकाई के अध्यक्ष ताकेशी निनामी और 20 अन्य व्यापारिक प्रतिनिधियों ने किया।
इस प्रतिनिधिमंडल ने भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए उनके विचार सुने।
प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इसमें द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने, निवेश के अवसरों को बढ़ाने और कृषि, समुद्री उत्पाद, अंतरिक्ष, रक्षा, बीमा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, नागरिक उड्डयन, स्वच्छ ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और एमएसएमई साझेदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर प्रकाश डाला और व्यापार के अनुकूल माहौल प्रदान करने के भारत के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की।
प्रधानमंत्री ने देश में विमानन क्षेत्र के विकास के विशाल पैमाने के बारे में बात की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत नए हवाई अड्डों के निर्माण और रसद क्षमताओं के विस्तार सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में भी काम कर रहा है। इस दौरान जापान के वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं वाले केइजाई दोयुकाई प्रतिनिधिमंडल ने भारत के लिए अपनी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने मानव संसाधन और कौशल विकास में भारत और जापान के बीच पूरकताओं का दोहन करने में भी रुचि व्यक्त की।
दोनों पक्षों ने भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की और आने वाले वर्षों में व्यापार और निवेश संबंधों को गहरा करने की उम्मीद जताई। बैठक में सार्थक और पारस्परिक रूप से लाभकारी तरीके से विकसित भारत @2047 के लिए जापानी व्यापार के समर्थन और प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

## बिना किसी आर्थिक विश्लेषण किए बनाया यह बजट मुंगेरी लाल का हसीन सपना साबित होगा: आदेश भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा की** दिल्ली सरकार द्वारा बिना किसी आर्थिक धरातल के पेश किए गए बजट महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं। यह कहना है जिला करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने एक लाख करोड़ के बजट का हो हल्ला तो बहुत मचाया लेकिन यह नहीं बताया कि सरकार के पास इतना बड़ा राजस्व आयेगा किस मद से? साथ ही चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री सहित भाजपा के सभी नेताओं ने होली-दिवाली फ्री गैस सिलेंडर और बाकी महीनों में 500 रुपए का सिलेंडर देने का वादा किया था लेकिन कल पेश किए गए बजट में त्योहारों पर फ्री और 500 रुपए में दिए जाने वाले गैस सिलेंडर का ना कोई ज़िक्र है और ना उसके लिए कोई बजट का ब्यौरा। इससे साफ हो जाता है कि यह बजट हवा के गुब्बारे के सिवाय कुछ भी नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की बहु चर्चित योजना बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर क्या घोषणा हुई? लाडली योजना के नाम पर कितने करोड़ की घोषणा की गई? आंगनबाड़ी, सहेली समन्वय योजना जैसी योजनाओं पर क्या घोषणा हुई? किसी को नहीं पता। आदेश भारद्वाज ने आगे कहा कि 2013-14 में हमारी कांग्रेस की शीला दीक्षित की सरकार के समय बजट का पूंजी व्यय (केपिटल एक्सपेंडीचर) लगभग 34.3% से ज्यादा था जो आम आदमी पार्टी की सरकार के समय 19.85% रह गया था। बस इसी को मौजूदा भाजपाई सरकार 28% करके वाही-वाही लूटने का प्रयास कर रही है। बढ़ती मौजूदा महंगाई दर के सामने 28% पूंजी व्यय दिल्ली का विकास किस तरह हो पाएगा भला? इससे साफ हो जाता है कि इस बजट में दिल्ली की आम जनता के लिए कुछ भी नहीं है। ना महंगाई पर नकेल कसने के लिए कुछ है। ना युवाओं के रोजगार के लिए कोई दिशा है। व्यापारियों और मिडिल क्लास के लिए कोई योजना नहीं है। यानि बिना किसी आर्थिक विश्लेषण किए बिना आर्थिक धरातल के बनाया गया।

## राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) आज सौंपेगी अलीपुर डीएम को ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राष्ट्रवादी जनलोक** पार्टी(सत्य) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि सभी सनातनी व राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के पदाधिकारी व सदस्य के द्वारा समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा सांगा पर गद्दार जैसी टिप्पणी करके देशभर में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया है।
इसके विरोध में आज 28 मार्च दिन शुक्रवार सुबह 10 बजे अलीपुर के श्रद्धानंद कॉलेज के सामने इक्कठा होकर जिला दंडाधिकारी अलीपुर, डीएम ऑफिस अलीपुर भारी से भारी संख्या में पहुंचकर सांसद के खिलाफ ज्ञापन देंगे और उनका पुतला दहन करेंगे।

## दलितों को अरविंद केजरीवाल से केवल धोखा मिला: वीरेन्द्र सचदेवा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने एक पत्रकार सम्मेलन में कहा है की आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के दलित समाज एवं गरीबों को लगातार बड़ी बड़ी स्कीमों के नाम दिखा कर गुमराह किया और उन्हे वोट बैंक बनाया। अरविंद केजरीवाल सरकार दलितों एवं गरीबों को राजनीतिक रूप से आकर्षित करने के लिए विगत 5 साल में अनेक स्कीमें लाई, उनके प्रचार पर लाखों करोड़ों उड़ाये पर वास्तविक रूप से दलितों को केजरीवाल से केवल धोखा मिला। पत्रकार सम्मेलन का संचालन दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और कहा जिस तरह आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा दलितों, पिछड़ों, गरीबों एवं अल्पसंख्यकों से छलावे की पोल खोली है उसने साबित कर दिया है की, ऐसा कोई वर्ग नहीं जिसे अरविंद केजरीवाल ने ठगा नहीं। पत्रकार सम्मेलन में प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी एवं डा. ममता त्यागी भी उपस्थित थे।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की अरविंद केजरीवाल सरकार जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के नाम से दो योजनाएं 2020 में लाई। पहली जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना दलित अनुसूचित जाति वर्ग के लिए तो दूसरी योजना अल्पसंख्यक, पिछड़े एवं गरीबों के लिए घोषित की गई। दलितों को इस स्कीम से बड़ा धोखा किया गया और 2020-21 में दलितों के लिए प्रतिभा योजना में रूपए 40 करोड़ का आवंटन हुआ पर खर्च हुआ केवल रुपए 1.5 करोड़ का खर्च हुआ, 2021-22 में रूपए 50 करोड़ का बजट आवंटन दिखाया गया पर असल खर्च केवल रूपए 2.90 करोड़ हुआ। 2022-23 में दलितों से केजरीवाल सरकार का धोखा चर्म पर पहुंचा और दलित प्रतिभा योजना बजट में रूपए 70 करोड़ आवंटित हुआ पर खर्च एक पैसा नही हुआ। 2023-24 वित्त वर्ष में बजट आवंटन घटा कर रूपए 20 करोड़ कर दिया गया पर वहीं खर्च हुआ मात्र एक लाख रूपए। इसी तरह अल्पसंख्यक, गरीबों एवं पिछड़ों को भी केजरीवाल सरकार ने जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के नाम पर भी बड़ा धोखा दिया। 2020-21 में बजट आवंटन आकर्षक रूपए 60 करोड़ दिखाया पर खर्च हुआ शून्य तो अगले वर्ष भी रूपए 70 करोड़ का आवंटन हुआ पर खर्च हुआ सिर्फ रूपए 4.2 करोड़। 2022-23 दलितों की ही तरह अल्पसंख्यक एवं पिछड़े गरीबों से भी बड़ा धोखा हुआ, रूपए 90 करोड़ का आकर्षक बजट आवंटन हुआ पर खर्च हुआ शून्य और 2023-24 में आवंटन रूपए 30 करोड़ हुआ पर खर्च हुआ शून्य। यानी केजरीवाल सरकार ने 2020-21 से 2023-24 के बीच अल्पसंख्यक, पिछड़ों एवं गरीबों के लिए रूपए 250 करोड़ का आकर्षक बजट किया पर धोखा देते हुए खर्चे सिर्फ रूपए 4.2 करोड़।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की इसी तरह शिक्षा विकास की बड़ी बड़ी बातें करने वाली अरविंद केजरीवाल सरकार ने मुख्यमंत्री विद्यार्थि प्रतिभा योजना के अंतर्गत 2020-21 से 2023-24 के बीच रूपए 461 करोड़ आवंटित किये पर शर्मनाक रूप से खर्च किया 7% से भी कम मात्र रूपए 32.2 करोड़।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली में दलित बस्तियों की नागरिक सुविधाएं कितनी बदहाल स्थिती में हैं यह सब जानते है।

# जहांगीरपुरी वार्ड में लगातार जारी है विशेष सफाई अभियान: शर्मा









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बादली विधानवसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी वार्ड में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। पूरे वार्ड में निरंतर सफाई कार्य प्रगति पर है। आप नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी और जहाँगीर पुरी के जे ब्लॉक में विशेष सफाई अभियान चलाया गया और वहां पर हो रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। आप नेता सुरेश शर्मा ने आगे बताया कि निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही है और जनता की जो भी समस्याएं है, उनको सुन जनता की समस्याओं का समाधान कर रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान हो तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संकल्प परियोजना ने यूपी में भरी उड़ान

## संकल्प परियोजना से 63,000 छात्रों को मिला कौशल प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। इस दौरान संकल्प परियोजना (आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता) ने युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार और विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से संचालित इस परियोजना ने प्रदेश में न केवल कौशल प्रशिक्षण को आधुनिक और समावेशी बनाया, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव

**सृजन**

**संकल्प परियोजना ने योगी सरकार के 8 वर्षों में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा**

लाया है। संकल्प परियोजना ने योगी सरकार के 8 वर्षों में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा दी है। यह परियोजना न केवल युवाओं को रोजगार के लिए तैयार कर रही है, बल्कि वंचित समुदायों को सशक्त बनाकर सामाजिक समावेशन को बढ़ावा दे रही है। डिजिटल शिक्षा, औपचारिक शिक्षा से तालमेल, और आधुनिक तकनीक पर जोर



देकर संकल्प परियोजना ने उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाया है। संकल्प परियोजना के क्रियान्वयन से स्किल ईको सिस्टम में आया क्रांतिकारी बदलावप्रदेश के स्किल ईको सिस्टम में गुणात्मक सुधार लाने और युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाने के लिए संकल्प परियोजना के तहत वर्ष 2019-20 में भारत सरकार से 74.48 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट स्वीकृत कराया गया। इसके लिए कई नवाचारी और संस्थागत हस्तक्षेप किए गए, जिसमें जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) की तैयारी, क्षेत्रीय स्तर पर कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकताओं और रोजगार संभावनाओं के आधार पर प्रशिक्षण योजनाओं का संचालन, कौशल प्रतियोगिताओं और रोजगार मेलों का आयोजन को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। पहली बार जिला कौशल समिति के माध्यम से डीएसडीपी का निर्माण कराया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करते हैं। वर्ष 2021-22 में डीएसडीपी की सिफारिशों के आधार पर लक्ष्य आवंटन सुनिश्चित किया गया, जिससे क्षेत्रीय सहभागिता के साथ कौशल प्रशिक्षण को अधिक व्यावहारिक बनाया गया है। महिलाओं का किया गया सशक्तीकरणउत्तर प्रदेश में संकल्प परियोजना द्वारा युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के माध्यम से अभिमुखीकरण कार्यक्रम संचालित किए गए। इसके तहत जनपद गोरखपुर में 1,475 युवा उद्यमियों और उत्साही युवाओं को लाभान्वित किया गया। स्वरोजगार की संकल्पना को साकार करने के लिए आरडीटी मॉडल के आधार पर अनुसूचित जाति/जनजाति की 660 महिलाओं को मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर में प्रशिक्षण

# सेवा, सुरक्षा, सुशासन के 8 सालः मीरजापुर में सीएम योगी ने की सौगातों की बारिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुरः उत्तर** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को नगर के बीएलजे ग्राउंड में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। उन्होंने सरकार के आठ वर्षों की विभिन्न उपलब्धियों को गिनाते हुए जनता को सरकार की योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, विकास को गति दी है और जनता को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 500 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास एवं

**योजना**

**योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे**

लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएँ मीरजापुर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को एक नई दिशा देंगी। इनमें बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल आपूर्ति जैसी योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन योजनाओं से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ अब जनता को मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र और चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईट व पत्थर से सिर कुचलकर की थी हत्या, दो गिरफ्तार

**फिरोजाबाद**

**थाना नगला** खंगर पुलिस ने वृहस्पतिवार को दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने मामूली विवाद में शराब के नशे में ईंट व पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या की थी। थाना नगला खंगर क्षेत्र अन्तर्गत 17 मार्च को एक अज्ञात युवक का शव मिला था। पुलिस ने शव की पहचान थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव चिरहुली निवासी चाँद मौहम्मद के रूप में की थी। इस मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी नगला खंगर गिरीश कुमार ने बताया कि इस मामले में वांछित अभियुक्तगण प्रबल शर्मा पुत्र कम्मोद सिंह व आदिल अली पुत्र निसार अली उर्फ पप्पू निवासीगण ग्राम चिरहुली थाना सिरसागंज को उखाड तिराहा थाना क्षेत्र सिरसागंज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर आलाकत्ल (ईट) व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस बिना नम्बर बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया कि उनकी मृतक चाँद मौहम्मद से किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। शराब के नशे में उन्होंने चाँद मौहम्मद की ईट व पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी।

### जिलाधिकारी ने सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को बाहर की दवा न लिखने के दिए निर्देश

**जालौन**

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और तीमारदारों से उनका हालचाल जानकर अस्पताल की मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर, दवा वितरण कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, सी०टी० स्कैन कक्ष, ओपरेशन थियेटर, आयुष्मान कक्ष आदि वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को बिना बिलम्ब के एक्स-रे की रिपोर्ट दिए जाए, जिससे वह समय से अपना उपचार करा सकें। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन थियेटर में मरीजों के नाम रजिस्टर में न लिखे होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। स्टाफ नर्स को निर्देशित किया कि मरीजों को लिस्ट अपडेट करते रहें, जिससे उनको जानकारी हो सके कि किस मरीज का किस दिन ऑपरेशन होना है। उन्होंने चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी चिकित्सक बाहर की दवा न लिखें। अगर किसी भी मरीज द्वारा बाहर से दवा लाये जाने हेतु शिकायत की जाती है तो सम्बन्धित चिकित्सक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सी०एम०एस० डॉ० आनंद उपाध्याय सहित चिकित्सक मौजूद रहे।

### खून से लथपथ युवक का शव मिला

**फिरोजाबाद**

**थाना** टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत गुरुवार को खून से लथपथ एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने साक्ष्य जुटाते हुए की घटना जांच में जुट गई है। टूंडला थाना क्षेत्र के हिरंगाव चौकी क्षेत्र के गांव जालोपुरा रोड से आज राहगीरों ने गुजरते हुए एक युवक का शव खून से लथपथ पड़ा देखा। इस सूचना के मिलते ही थाना पुलिस और आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच में मृतक के सिर व चेहरे पर गंभीर चोट दिखी। जिससे प्रथम दृष्या युवक की हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि एक अज्ञात युवक का शव मिला है। मृतक के सिर व चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्या हत्या प्रतीत हो रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### चम्बल से निकली गार्गी मचा रहीं दुनिया में धूम

**औरैया**

**कहते** हैं कि राजा हमेशा प्रजा के हित व कल्याण के लिए सोचते हैं । आज उसी कहावत को चरितार्थ किया है भरेह स्टेट की वंशज युवा प्रेणा बेबी शाह गार्गी ने लेटर प्रोडक्टओ के सामने नॉन बेजिटेरियाँ बैग का निर्माण करा कर उनकी मार्केट में बेहतर मांग को सुनिश्चित ही नहीं कराया वरन होने वाली आय को फैसला जो कर डाला । गौतलब है कि आज के मौजूदा दौर में जहाँ लोग चमड़े से निर्मित बैग बेल्ट जैकेट आदि पर अपनी निर्भरता रखते थे और अनावश्यक पैसा भी बर्बाद कर लग्जरी जीवन की महत्वाकांक्षा पाल रहे थे। ऐसे में भरेह स्टेट की होन हार वंशज बेबी शाह ने अपने एक फैसले से दुनिया में एक नई नजीर पेश कर डाली जो कि वन्यजीवों और पालतू जानवरों की चमड़ी व मास से उत्पादित वस्तुओं को प्राकृतिक संसाधनों से निर्मित बैग बेल्ट जैकेट आदि का इस्तेमाल करने की मिसाल पेश की है।

## पुनर्वास केन्द्र में विषाक्त भोजन खाने से चार बच्चों की मौत

**लखनऊः लखनऊ** में पारा क्षेत्र के पुनर्वास केन्द्र में रहने वाले चार बच्चों की मंगलवार की रात को विषाक्त भोजन खाने से मौत हो गई, जबकि 16 बच्चों की हालत गंभीर है। उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद प्रशासन में खलबली मच गई। अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी विशाख जी. ने पत्रकारों को बताया कि पुनर्वास केन्द्र से तबियत बिगड़ने पर बीस बच्चों को लोकबंधु अस्पताल भेजा गया था। इसमें दो लड़की और दो लड़कों की मौत हो गई, वहीं, अन्य बच्चाों का अस्पताल में उपचार जारी है।

# पुष्पा फिल्म की तर्ज पर गांजे की तस्करी, 7 लाख के गांजे के साथ 2 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़ः स्वाट** और रानी की सराय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुष्पा फिल्म की तर्ज पर ऑटो में गुप्त चैंबर बनाकर गांजा की तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने ऑटो में बने गुप्त चैंबर से 70 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार तस्कर उड़ीसा प्रान्त से गांजा लेकर बिहार और देवरिया जिले में सप्लाई करते थे। पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि बीती रात थाना रानी की सराय व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सेमरहा अण्डर पास से चेकिंग के



दौरान एक संदिग्ध आटो वाहन को रोका गया। तलाशी ली गई तो उक्त वाहन की छत पर चेम्बरनुमा बाक्स जिस पर लोहे की जाली लगी थी उसमें गांजा लदा हुआ पाया गया। चेम्बर से कुल 70 किलो 200 ग्राम गांजा जिसकी कीमत करीब 7 लाख है बरामद हुआ। इसके साथ ही 1000 नकद, मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। इस दौरान वाहन चालक मास्टर साहनी पुत्र अम्बिका साहनी, निवासी एकडेरवा वार्ड नं. 11, थाना व जनपद गोपालगंज, बिहार और सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व.रामजीत यादव, निवासी छित्रवली टड़वा, थाना खामपार जिला देवरिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों तस्करों ने बताया कि वे पुष्पा फिल्म देखे, जिसके बाद उन्होंने भी उसी तर्ज पर गांजे की तस्करी शुरू की। इसके लिए उन्होंने आटो की छत पर अलग से लोहे की पट्टियों से चैम्बरनुमा बाक्स बना है जिसमें गांजे का बण्डल रखकर झारसुगुड़ा, उड़ीसा से व्यापारियों से खरीदकर सोनभद्र, चन्दौली, आजमगढ़ के रास्ते बिहार ले जा रहे थे। एसपी सिटी ने बताया कि पुष्पा फिल्म की तर्ज पर अभी दो माह पहले ही इन्होंने ऑटो में चेम्बरनुमा जगह बनाकर दो बार गांजे की तस्करी की है। ये बिहार के गोपालगंज और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में गांजे की सप्लाई कर चुके हैं। इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी और सम्पत्ति को जप्त किया जाएगा।

# बदमाशों ने मकान पर बोला धावा, मालिक - नौकर को मरणासन्न कर लाखों की लूट

**टीम एक्शन इंडिया**

**बाराबंकीः रामनगर थाना** क्षेत्र के जारोड़ा गांव में आज भोर पहर बेखौफ एक दर्जन बदमाशों ने पोल्ट्री फार्म में धावा बोलकर पोल्ट्री फार्म के मालिक व नौकर को मरणासन्न कर लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। लूट की घटना की जानकारी पाकर एसपी दिनेश सिंह एएसपी विकाश चंद्र त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। घायल मकान मालिक की पत्नी से बातचीत कर घटना के जल्द खुलासे की बात कही है। गुरुवार की भोर पहर करीब 3 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के जुरौडा गांव में दिल्ली से आए



बाबूलाल वर्मा के घर में बाहर लगा लोहे का दरवाजा तोड़ दर्जन भर बदमाश मकान के अंदर घुस गए और सोये हुए बाबूलाल वर्मा व उनके नौकर अजय कुमार सिंह को लाठी डंडों व अन्य हथियारों से पीट पीट कर मरणासन्न कर उसके बाद घर रखा लाखों के जेवरात व नकदी के साथ खड़ी हुई बैंगन आर कार को भी लेकर फरार हो गए।

## गुलदार के पिंजरे में कैद होने पर ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**बिजनौर**

**जनपद** के नगीना रेंज के गांव आब्दीपुर हरवंश में बुधवार की रात वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार फंस गया। उसे वन विभाग की टीम नगीना विज्ञान केंद्र पर लेकर गई है। उल्लेखनीय की इस क्षेत्र में कई दिनों से गुलदार दिखाई दे रहा था। इसके बारे में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित करते हुए पिंजरा लगाने की मांग की थी। वन विभाग ने जांच पड़ताल करते हुए गुलदार के पग चिन्ह मिलने पर क्षेत्र में पिंजरा लगाया था। बुधवार की रात गुलदार फंस गया। गुरुवार को सवेरे खेत में गए किसानों ने इसकी सूचना विभाग को दी जो दिलदार

# ग्वाल के बेटे को गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि ग्वाल के बेटे को गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा बहादुर अखिलेश यादव की यही समस्यावादी सोच इन्हें समाप्तवादी पार्टी बनायेगी।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि किसान, खासकर ग्वाल के बेटे को अगर गाय के गोबर से दुर्गंध आने लगे तो समझना चाहिए कि वह अपनी जड़ों और समाज से पूरी तरह कट चुका है। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने लिखा था कि किसान के बेटे को अगर गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय है। सपा बहादुर अखिलेश यादव को भी गोबर से दुर्गंध आ रही है, उनकी पार्टी का समाप्त वादी में तब्दील होना तय है।

केशव प्रसाद मौर्य ने आगे लिखा कि तुष्टिकरण और मुगलिया सोच में आकंठ डूबा विपक्ष, एकलिंग महादेव के उपासक 'राष्ट्र-गौरव' महाराणा प्रताप के पूर्वजों खासकर 'राणा सांगा' का अपमान कर केवल इतिहास ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता पर भी गहरा आघात कर रहा है। उनके इस अपराध को देश कतई माफ नहीं करेगा। समाजवादी पार्टी की एक ही पहचान - केवल उनके यादव परिवार का हो सम्मान! यही उनका



**साधा निशाना**

**ग्वाल के बेटे को गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय है। अखिलेश की सोच इन्हें समाप्तवादी पार्टी बनायेगी**

इतिहास रहा है, यही वर्तमान है और यही भविष्य भी। समाजवादी पार्टी एक 'समस्यावादी पार्टी' है। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि औरंगजेब महान, राणा सांगा का अपमान झ सपा का दोहरा ज्ञान।अखिलेश यादव जब आपके विधायक अबू आजमी औरंगजेब को महान बता रहे थे, तब आप चुप थे, बल्कि उनका समर्थन कर रहे थे। जब आपके सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा का अपमान किया,

तब भी आप उनके बचाव में खड़े थे। अब अचानक वीरों का सम्मान याद आ गया? यह पलटीमार सम्मान नहीं चलेगा।

# ई-लाटरी के द्वितीय चरण में 505 आवेदन हुए प्राप्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः आबकारी** नीति के तहत ई-लाटरी के द्वितीय चरण के लिए जनपद में कुल 51 दुकानों में से 39 दुकानों पर 505 आवेदन प्राप्त हुये। जिसे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सकुशल सम्पन्न कराया गया। यह जानकारी गुरूवार को नवीन सभागार, सरसैया घाट में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने दी। जिलाधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के ई-लाटरी के लिए जनपद में कुल 51 दुकानों में से 39 दुकानों पर 505 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमे देसी शराब की 28 दुकानों पर कुल 443 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं कम्पोजिट दुकान के 3 दुकानों पर 46 आवेदन,




मॉडल शॉप की 2 दुकानों पर 6 आवेदन तथा भांग की 6 दुकानों पर 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर और आईईटी लखनऊ के द्वारा डेवलप की गयी सॉफ्टवेयर प्रोग्राम जोकि प्राब्लिटी पर आधारित है, के द्वारा ई-लाटरी निर्धारित समय स्लॉट 10 बजे से 11:45 के मध्य सिमुलेशन तथा रैण्डमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा सकुशल सम्पन्न कराया गया है। जिसमे देशी शराब की 28, कम्पोजिट शॉप की 3, मॉडल शॉप की 2 तथा भांग की 6 दुकानों को सफल आवेदकों को आवंटित किया गया। सफल आवंटियों को 03 कार्यदिवस में निर्धारित बेसिक लाइसेंस फीस / लाइसेंस फीस ऑनलाइन चालान के माध्यम से जमा करना है।

# अखिलेश पर हावी हो चुकी मुगलिया सोच, कर रहे सनातन

## गौशाला पर अखिलेश यादव के बयान से भाजपा नेताओं, संघ व गौभक्तों में नाराजगी

**टीम एक्शन इरंडिया**

**लखनऊः समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव के गौशाला व दुर्गंध के बयान पर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। अखिलेश के बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता, संघ कार्यकर्ता एवं गौभक्तों में खासी नाराजगी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अखिलेश यादव पर मुगलिया सोच हावी हो चुकी है। वह लगातार भारतीय सनातन संस्कृति और मूल्यों का अपमान करते जा रहे हैं। जिन्होंने गौशाला में कदम तक नहीं रखा, वह सुगंध



और दुर्गंभ की बात करते हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने गुरुवार को कहा कि इत्र पार्क बनाने के साथ-साथ इत्र का घोटाला भी हो चुका है। गौशाला में आप दुर्गंध और सुगंध क्यों तलाश रहे हो। गौशाला में सनातन की आस्था को तलाश करो। ये गौमाता है और मां पर टिप्पणी नहीं की

**स्वच्छ**

**आज भी लोगों के घरों में यज्ञ हवन करने से पहले जमीन को गोबर से स्वच्छ करते है**

जाती। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गौ ?सेवा में लखनऊ विभाग के संयोजक शरद ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपनी पहले की पीढ़ियों से शिक्षा लेनी चाहिए। जिन्होंने गाय माता की जीवनभर सेवा की है। गाय माता के दूध दही का व्यापार किया है। आज भी यदुवंश बड़ी संख्या में दूध दही का व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाय माता के घर को हम गौशाला के रूप में जानते हैं। गौशाला में गोबर से दुर्गंध की बात करने वाले यह नहीं जानते है कि आज भी लोगों के घरों में यज्ञ हवन करने से पहले जमीन को गोबर से स्वच्छ करते है। गोबर से दीपक और गणेश लक्ष्मी की मूर्ति बनती है। गौशाला में प्रतिदिन गिरने वाली गौमूत्र की धार से औषधि तक बन रही है। अखिलेश यादव की सरकार में गौकशी केन्द्र खुला करते थे।

# अधिवक्ता राजेश सिंह हत्या मामले में वकीलों ने जताया रोष, मुआवजे की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः अधिवक्ता** राजेश सिंह की हत्या के मामले में वकीलों ने विरोध जताते हुए मृतक वकील की हत्या का मुकदमा फास्ट ट्रैक में चलाने व उनके परिवार की आर्थिक सहायता करने की मांग रखी है। साथ ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन कानून लागू करने के लिए गुरूवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से कलेक्ट्रेट सभागार में मिलकर ज्ञापन दिया हैं। वहीं अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले का कड़ा विरोध जताया है। जिलाधिकारी ने बताया कि वकीलों द्वारा अधिवक्ता राजेश सिंह की हत्या



के विरोध में मुझे ज्ञापन के जरिये अवगत कराया है। उनकी मांग है कि मृतक अधिवक्ता के परिजन को कम से कम एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। राजेश सिंह की हत्या में शामिल दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक न्यायालय में कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही करवाई जाए।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## मीरजापुर बनेगा विकसित भारत का साझेदार: योगी

### त्रिकोण दर्शन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए इस वर्ष के बजट में धनराशि की भी व्यवस्था की गईः सीएम योगी

**विकास पथ पर**

**▶▶ डबल इंजन सरकार के सुशासन के कार्यों को जनता के सामने रखने का अवसर मिला: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन करने के पश्चात अष्टभुजा डाक बंगले में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि विंध्यधाम में आयोजित जनपद विकास उत्सव के माध्यम से डबल इंजन सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के कार्यों को जनता के सामने रखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जनपद का कायाकल्प हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बाणसागर परियोजना का कार्य पूरा हुआ, मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ और मीरजापुर में मंदिर कॉरिडोर का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि त्रिकोण दर्शन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए इस वर्ष के बजट में धनराशि की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों के कार्यों का परिणाम है कि मंदिर की आमदनी 5 गुना तक बढ़ गई है। महाकुंभ के दौरान संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर कॉरिडोर का निर्माण समयबद्ध तरीके से किया गया है और इसके अन्य फेज को भी आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने विकास, सुरक्षा और सुशासन का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, गरीब कल्याणकारी योजनाओं, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए बिना भेदभाव के योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत कार्य अंतिम चरण में है। घर-घर जल पहुंचाया जा रहा है और कई निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। बैठक में इन सभी कार्यों की समीक्षा की गई और मीरजापुर को एक सुंदर शहर के रूप में विकसित करने के लिए नए प्रस्ताव मांगे गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में मां विंध्यवासिनी धाम एक सुंदर नगरी के रूप में आगे बढ़ेगा।

### अवैध ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद परिवहन विभाग अवैध ई-रिक्शा व ऑटो वालों के खिलाफ कार्रवाई को और तेज करने जा रहा है। इसके लिए, परिवहन विभाग की तरफ से राजधानी लखनऊ समेत सभी जनपदों में पहली से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस विषय में परिवहन आयुक्त ने अभियान की सफलता के लिए समस्त पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है।

**मुख्यमंत्री ने दिया था निर्देश :**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते रविवार को कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ली थी। इसमें सीएम योगी ने निर्देश दिया था कि टेंपो, ई-रिक्शा चालकों का प्राथमिकता के साथ वेरीफिकेशन कराया जाए। उन्होंने इस बात को लेकर भी विशेष रूप से फोकस किया था कि प्रदेश में नाबालिग वाहन न चलाएं। किरायेदारों का भी वेरीफिकेशन कराया जाए तथा ओवरलोडिंग को जीरो प्वाइंट पर ही रोका जाए। इसके लिए जनपदों में गठित टास्क फोर्स में परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाए। इन सभी निदेर्शों के पालन और उचित क्रियान्वयन के लिए परिवहन विभाग द्वारा अप्रैल माह में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**परिवहन आयुक्त ने लिखा पत्र, विभागीय अधिकारियों की ली बैठक :**
परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बुधवार को समस्त जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्त व एसएसपी/एसपी को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में लिखा मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपंजीकृत-अवैध ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पहली अप्रैल से 30 अप्रैल तक परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। साथ ही, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

**विभागीय अधिकारियों को भी दिया निर्देश**
ब्रजेश नारायण सिंह ने इस संबंध में गुरुवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक भी ली। कानून व्यवस्था व राजस्व के दृष्टिगत उन्होंने समस्त अपर परिवहन आयुक्त समेत जनपदों के आरटीओ व एआरटीओ को निर्देश दिया कि जनपद स्तर पर अभियान चलाया जाए। इसकी नियमित मॉनिटरिंग हो तथा इस कार्रवाई की रिपोर्ट प्रति सप्ताह शुक्रवार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाए।

## योगी के नेतृत्व में कौशल परियोजना ने भरी उड़ान



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। इस दौरान संकल्प परियोजना (आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता) ने युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार और विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से संचालित इस परियोजना ने प्रदेश में न केवल कौशल प्रशिक्षण को आधुनिक और समावेशी बनाया, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। बीते आठ वर्षों में योगी सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के तहत संकल्प परियोजना ने उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया है, जो युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुई है। संकल्प परियोजना ने योगी सरकार के 8 वर्षों में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा दी है। यह परियोजना न केवल युवाओं को रोजगार के लिए तैयार कर रही है, बल्कि वंचित समुदायों को सशक्त बनाकर सामाजिक समावेशन को बढ़ावा दे रही है। डिजिटल शिक्षा, औपचारिक शिक्षा से तालमेल, और आधुनिक तकनीक पर जोर देकर संकल्प परियोजना ने उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाया है। प्रदेश के स्किल ईको सिस्टम में गुणात्मक सुधार लाने और युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाने के लिए संकल्प परियोजना के तहत वर्ष 2019-20 में भारत सरकार से 74.48 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट स्वीकृत कराया गया।

**औपचारिक शिक्षा से जोड़ा गया प्रशिक्षण**

**योगी** सरकार ने संकल्प परियोजना के जरिए कौशल प्रशिक्षण को डिजिटल और औपचारिक शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश के युवाओं को किसी भी समय और स्थान से नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा देने के लिए एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों के डिजिटल संस्करण लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाले 63,000 छात्र-छात्राओं को उनके नियमित पाठ्यक्रम के साथ नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया।

## ओबीसी को लेकर गलत जानकारी दे रही है ममता सरकार



**गुमराह**

**▶▶ अधिकारी का दावा है कि सरकार ने ओबीसी आरक्षण की नई समीक्षा के नाम पर सुप्रीम कोर्ट को गुमराह किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता। पश्चिम** बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह इस मामले को लेकर वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। अधिकारी का दावा है कि राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण की नई समीक्षा के नाम पर सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की है। राज्य सरकार ने 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में वादा किया था कि वह पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की नई पहचान के लिए एक सर्वेक्षण करेगी और इसे तीन महीने के भीतर पूरा किया जाएगा। यह सर्वेक्षण तब शुरू किया गया जब राज्य सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया गया था। मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की अनुमति लेने से पहले ही सर्वेक्षण शुरू कर दिया था। उन्होंने इसे एक "सुनियोजित देरी" करार दिया, जिसका मकसद एक खास मजहबी समुदाय को फायदा पहुंचाना है। अधिकारी के अनुसार, इस प्रक्रिया की जटिलताओं के चलते लाखों सरकारी पदों पर नियुक्तियां अनिश्चित हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार संविधान, संसद और न्यायपालिका का सम्मान नहीं करती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति वाम मोर्चा सरकार के दौरान शुरू हुई थी।

## भ्रष्टाचार-माफियाराज के जाल में जकड़ी सरकार: जयराम



**निशाने पर**

**▶▶ प्रदेश में वन माफिया लाखों पेड़ों की कटाई कर रहा है, लेकिन सरकार इन्हें संरक्षण दे रही है**

**टीम एक्शन** इंडिया
शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर माफि याराज और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ 'हल्ला बोल' प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश में अराजकता और भ्रष्टाचार के जाल में फंसी हुई है, जहां माफि याओं को सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त है। जयराम ठाकुर ने कहा, यह सरकार भ्रष्टाचार और माफि याराज को बढ़ावा दे रही है और पहले कभी प्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। प्रदेश में वन माफिया लाखों पेड़ों की कटाई कर रहा है, लेकिन सरकार कार्रवाई करने के बजाय इन्हें संरक्षण दे रही है। सरकार में 'मित्रों का राज' चल रहा है, जिससे प्रदेश के हितों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने धर्मपुर मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां वन विभाग की मिलीभगत से हजारों टन लकड़ी काटी और बेची गई लेकिन भाजपा की शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि बद्दी में अवैध खनन के लिए पहाड़ काटे गए और वन विभाग ने आंखें मूंद लीं। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय तक भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं और खनन से जुड़े एक व्यक्ति को ईडी द्वारा अरेस्ट करने के बावजूद वह मुख्यमंत्री की गाड़ी में बैठकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचता है। इस पर मुख्यमंत्री की चुप्पी सवाल उठाती है।

## हिमाचल में 267 गौशालाएं, एक साल में गौ तस्करी के 10 मामले

**गोपाल योजना**

**▶▶ प्रदेश सरकार द्वारा गोपाल योजना के तहत इन गौवंशों को 700 रुपये प्रति माह की मदद दी जा रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। हिमाचल** प्रदेश में वर्तमान में 267 गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें 22,119 बेसहारा गौवंश को आश्रय दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा गोपाल योजना के तहत इन गौवंशों को 700 रुपये प्रति माह की मदद दी जा रही है। पिछले एक साल में राज्य में गौ तस्करी के 10 मामले दर्ज हुए हैं। कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने विधायक दलीप ठाकुर और भुवनेश्वर गौड़ द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में गुरूवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश गौ सेवा आयोग ने 24 नए गौसदन स्थापित किए हैं और इसके लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है। आयोग गौसदनों को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 5




## बंगाल में युवक का शव मिलने पर बवाल, पुलिस पर हमला

**घायल हुए**

**▶▶ ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया, पुलिस डिप्टी कमिश्नर समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता। पश्चिम** बंगाल के बर्दवान जिले में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के बाद इलाके में भारी बवाल हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया, जिसमें आसनसोल-दुगार्पुर पुलिस कमिश्नरेट के डिप्टी कमिश्नर (ईस्ट) अभिषेक गुप्ता समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना गुरुवार को हुई जब पुलिस को 22 वर्षीय युवक पल्लव का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने नियमानुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन तभी पल्लव के परिवारवालों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें बिना सूचित किए शव उठा लिया। परिवार के आरोपों से स्थानीय लोग भड़क उठे और उन्होंने इलाके में तोड़फोड़ शुरू कर दी। कुछ घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई, वहीं सड़कों पर खड़ी मोटरसाइकिल और साइकिलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जब पुलिस बल और डिप्टी कमिश्नर अभिषेक गुप्ता मौके पर पहुंचे, तो आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया।

### जगद्दल में फिर बमबारी, इलाके में दहशत

**बैरकपुर।** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत जगद्दल बाजार स्थित एक जूट मिल मजदूर के घर पर दिनदहाड़े बमबारी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इसके पहले बुधवार रात को भी बमबारी की गई थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार दोपहर जगद्दल के आटचाला बागान रोड इलाके में एक जूट मिल मजदूर के घर पर बम गिरा। बम से घर का कुछ हिस्सा नष्ट हो गया। बम विस्फोट से दीवार में भी दरारें आ गई हैं। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**साधा निशाना** गौशाला पर अखिलेश यादव के बयान से भाजपा नेताओं, संघ व गौभक्तों में नाराजगी

## अखिलेश यादव पर हावी हो चुकी मुगलिया सोच: भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ। समा**जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव के गौशाला व दुर्गंध के बयान पर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। अखिलेश के बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता, संघ कार्यकर्ता एवं गौभक्तों में खासी नाराजगी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अखिलेश यादव पर मुगलिया सोच हावी हो चुकी है। वह लगातार भारतीय सनातन संस्कृति और मूल्यों का अपमान करते जा रहे हैं। जिन्होंने गौशाला में कदम तक नहीं रखा, वह सुगंध और दुर्गंभ की बात करते हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने गुरुवार को कहा कि इत्र पार्क बनाने के साथ-साथ इत्र का घोटाला भी हो चुका है। गौशाला में आप दुर्गंध और सुगंध क्यों तलाश रहे हो। गौशाला में सनातन की आस्था को तलाश करो। ये गौमाता है और मां पर टिप्पणी नहीं की जाती। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गौ सेवा में लखनऊ विभाग के संयोजक शरद ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपनी पहले की पीढ़ियों से शिक्षा लेनी चाहिए। जिन्होंने गाय माता की जीवनभर सेवा की है। गाय माता के दूध दही का व्यापार किया है। आज भी यदुवंश बड़ी संख्या में दूध दही का व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाय माता के घर को हम गौशाला के रूप में जानते हैं। गौशाला में गोबर से दुर्गंध की बात करने वाले यह नहीं जानते है कि आज भी लोगों के घरों में यज्ञ हवन करने से पहले जमीन को गोबर से स्वच्छ करते है। गोबर से दीपक और गणेश लक्ष्मी की मूर्ति बनती है। गौशाला में प्रतिदिन गिरने वाली गौमूत्र की धार से औषधि तक बन रही है। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में गौकशी केन्द्र खुला करते थे।